माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080
हल्द्वानी
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 354, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
www.amritvichar.com
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड 16
नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा 15

## पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश धने भाजपा में हुए शामिल

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार** : पूर्व विधायक व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश धने ने सोमवार को अपने सैकड़ों समर्थकों समेत भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पी.के.अग्रवाल भी अपनी पत्नी और पछवा दून की कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी कपरवाण अग्रवाल के साथ भाजपा में शामिल हो गए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। उनके अलावा श्रीनगर से

▸▸ **कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता**

सामाजिक कार्यकर्ता मोहन काला ने भी आज भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आज पार्टी ज्वाइन करने वालों की तादाद इतनी अधिक रही कि कार्यक्रम को तीन पालियों में संपन्न करना पड़ा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने सभी नवांगतुकों का फूल माला और पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने पार्टी में शामिल होने वाले सभी राजनैतिक कार्यकर्ताओं को पार्टी का मुखिया होने के नाते उनके मान -सम्मान का भरोसा दिलाया। महेंद्र भट्ट ने कहा, लगातार पार्टी में शामिल होने वालों का सैलाब बताता है कि पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में समूचा उत्तराखंड भाजपामय हो गया है। इसलिए मोदी जी के चुनावी रथ का राज्य की सभी सीटों पर प्रचंड जीत की हैट्रिक के साथ आगे बढ़ना निश्चित है।

## एक नजर

### डीआरडीओ ने किया अभ्यास यान का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) - अभ्यास यान के चार सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि ये परीक्षण 30 जनवरी से दो फरवरी के बीच किए गए। ये परीक्षण चार अलग-अलग मिशन उद्देश्यों जैसे बूस्टर की सुरक्षित रिहाई, लॉन्चर क्लीयरेंस और लॉन्च वेग की गति के संबंध में किए गए।

### ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को राज्यसभा में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि इसके प्रति आम जनता का भरोसा कम हो रहा है। कांग्रेस के सदस्य दिग्विजय सिंह ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि ईवीएम के प्रति लोगों में भरोसा कम हो रहा है। चुनाव आयोग ने 28 राजनीतिक दलों को मिलने का समय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि देश में वोट डालने का मकसद खत्म हो रहा है। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करना चाहिए। वोटर यह अधिकार है।

# विपक्ष का लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहने का संकल्प : मोदी

### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 14 घंटे तक चली चर्चा का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब

### कहा-विपक्ष की वर्तमान में जो हालत है इसके लिए कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी दोषी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर देश की बदहाली और भ्रष्टाचार को महिमामंडित करने का आरोप लगाया और कहा कि वह विपक्षी 'नामदारों' के ताने सुनते रहेंगे लेकिन कामदारों के साथ देश को आगे बढ़ाने, भ्रष्टाचार से लड़ने में लगे रहेंगे। मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर करीब 14 घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर प्रहार किए और कटाक्ष किया कि विपक्षी दल के सदस्यों के बयानों से विश्वास हो गया है कि उसने अरसे तक विपक्ष में बैठने का संकल्प ले लिया है। मोदी ने यह भी दावा किया कि अगले लोकसभा चुनावों में राजग को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी लेकिन भाजपा को भी 370 सीटें अवश्य प्राप्त होंगी।

उन्होंने कहा कि देश के लोगों को पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस की गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है और हम इसे सुधारने के लिए काम करते रहेंगे क्योंकि हमारे लिए 'राष्ट्र प्रथम' है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह बहुत बड़ा अवसर और नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए।



### पूरा देश कह रहा...अबकी बार 400 पार

मोदी ने कहा कि दूसरे कार्यकाल में देश की जनता की बहुत पुरानी आकांक्षाओं को पूरा किया। अनुच्छेद 370 को हटते देखा। नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाए। अंतरिक्ष से ओलंपिक तक और सशस्त्र बलों से लेकर संसद तक नारीशक्ति की धूम है। अंग्रेजी सरकार के दंडात्मक कानून खत्म करके न्याय संहिता को लाया गया। अयोध्या में भगवान अपने घर में लौटे हैं। अब हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल भी बहुत दूर नहीं है। पूरा देश कह रहा है... अबकी बार 400 पार।

### गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे कांग्रेस : शर्मिष्ठा मुखर्जी

**जयपुर।** राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मनिरीक्षण का सुझाव देते हुए पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां पुरजोर शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे। शर्मिष्ठा ने विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा में कांग्रेस की सीटों की संख्या भले ही कम हो गई है, लेकिन कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बहुत मजबूत उपस्थिति है। लेकिन इस उपस्थिति को कैसे मजबूत करना है? ये सवाल है। लेकिन इस पर विचार करना कांग्रेस नेताओं का काम है।

### देंगे विकसित भारत के निर्माण को रफ्तार

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के 2014 के अंतरिम बजट के भाषण के हवाले से कहा कि भारत के 11वीं अर्थव्यवस्था बनने पर कांग्रेस को गर्व था लेकिन आज पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने का मजाक उड़ाती है। दावा किया कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, यह मोदी की गारंटी है। कहा कि तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे।

### सदन में सत्ता पक्ष का पर्याप्त संख्याबल, आसानी से पारित होगा बिल

# विधानसभा में आज रखा जाएगा यूसीसी का मसौदा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार** : उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इतिहास रचने की कगार पर हैं। इसके मसौदे को मंगलवार को विधानसभा में पेश करके मंजूर कराया जाएगा और फिर राज्यपाल के हस्ताक्षर होते ही लागू कर दिया जाएगा। उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा जो इस कानून को लागू करेगा।

2022 के विधानसभा चुनाव के बाद तत्कालीन सीएम धामी ने पहली बार कहा था कि सत्ता में वापस आते ही उत्तराखंड में यूसीसी लागू किया जाएगा। धामी ने सीएम पद की शपथ ली तो सबसे पहले इसी दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी का गठन किया। चार दिन पहले कमेटी ने अपना ड्राफ्ट धामी सरकार को सौंप दिया। धामी सरकार ने तत्काल ही विधिक औपचारिकताएं पूरी कीं और इस ड्राफ्ट को कैबिनेट से भी मंजूर करवा लिया।

इस बिल को मंजूर कराने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र पांच से आठ फरवरी तक आहूत किया गया है। कल मंगलवार को इस बिल को विधानसभा के पटल पर पेश किया जाएगा। सदन में भाजपा का बहुमत है, लिहाजा सदन से पारित होने में भी कोई दिक्कत नहीं है। सदन से पास होने के बाद इस मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेजा जाएगा और उनके हस्ताक्षर होते ही इसे राज्य में लागू कर दिया जाएगा।

इस बिल के लागू होते ही एक इतिहास रच लिया जाएगा। देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, पर उत्तराखंड यूसीसी को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। असम समेत कुछ अन्य राज्य भी यूसीसी लागू करने की बात करते रहे हैं, पर उन्हें उत्तराखंड के बिल की ही नकल करनी होगी। उधर, इस बिल को लेकर सदन में अगले तीन दिन हंगामेदार रहने के आसार हैं। कांग्रेस इसे लेकर भाजपा को घेरने की रणनीति बना चुकी है। कांग्रेस का कहना है कि विधेयक के सदन के पटल पर रखे जाने के बाद इसका अध्ययन कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। कांग्रेस की मांग है कि इस बिल के अध्ययन के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए था।



विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही में भाग लेने के लिए सदन में जाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। पहले दिन की कार्यवाही दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के बाद स्थगित कर दी गई।

▸▸ **इस कानून को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा उत्तराखंड**

### व्यापक चर्चा कर ही पारित करेंगे विधेयक : धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को विधानसभा परिसर मे पत्रकारों से चर्चा में कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करना एक युगांतकारी कदम है, सारा देश उत्तराखंड की ओर देख रहा है। हमने विधानसभा चुनाव के समय राज्य की जनता से वादा किया था कि सत्ता मे आने पर सभी धर्मों के लिए एक समान कानून लागू करेंगे। इस कानून के प्रति किसी भी वर्ग या धर्म के लोगों को किंचित आशंका नहीं रखनी चाहिए। यह कानून सभी के लिए अच्छा साबित होगा। विधेयक सदन में पेश करेंगे। तदुपरांत व्यापक चर्चा के बाद पारित करेंगे।

### राज्यपाल गुरमीत सिंह से मिले कांग्रेस के विधायक

**देहरादून।** कांग्रेस के विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात कर सदन को विधानसभा संचालन नियमावली के अनुसार नहीं चलाए जाने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं विधायक प्रीतम सिंह ने कार्यमंत्रणा समिति में विपक्ष की आवाज न सुने जाने तथा कार्य संचालन नियमावली के नियमों व सदन की परंपराओं की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी को समिति से अपने त्यागपत्र सौंप दिए। कांग्रेस के विधायकों ने राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह से भेंट कर कहा कि सरकार विधानसभा सत्र को चलाने में मनमाना रवैया अपना रही है। कहा गया कि जब यह सत्र पुराने सत्र का ही हिस्सा है तो इसे विशेष सत्र नहीं कहा जा सकता। लिहाजा प्रश्न काल और विलंबनीय सूचनाओं को सरकार को सदन के अंदर सुनना ही चाहिए।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## हम हैरान हैं, यह तो लोकतंत्र का माखौल

नई दिल्ली, एजेंसी

चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मतपत्रों को कथित तौर पर विरूपित करने की घटना को उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लोकतंत्र का माखौल करार देते हुए आदेश दिया कि मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित रखा जाए। आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद की याचिका का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने नगर निकाय सहित चंडीगढ़ प्राधिकारियों को नोटिस जारी किए। आप के पार्षद ने चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनावी कार्यवाही का वीडियो देखने के बाद नाराजगी जताई और कहा कि प्रथम दृष्टया, निर्वाचन अधिकारी ने मत पत्रों को विरूपित किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह लोकतंत्र का माखौल है। जो कुछ हुआ उससे हम स्तब्ध हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह हत्या नहीं करने देंगे। पीठ ने आदेश दिया कि मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग संरक्षित रखी जाए। आप के एक पार्षद ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चंडीगढ़ महापौर चुनाव नए सिरे से कराने के पार्टी के अनुरोध पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठजोड़ के खिलाफ जीत हासिल की थी। महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को 16 जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 12 वोट मिले थे। वहीं, आठ वोट को अवैध घोषित कर दिया गया था।



▸▸ **मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश**

▸▸ **आप के पार्षद ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती**

### न्याय की मांग को लेकर आप ने किया विरोध प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मेयर चुनाव में हुई धांधली के खिलाफ सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि इस मामले में न्याय मिलने तक पार्टी भूख हड़ताल और विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। चंडीगढ़ के सह-प्रभारी डॉ. सनी अहलूवालिया ने कहा कि पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं पर एक बार फिर बल प्रयोग किया और प्रदर्शन खत्म कराने के लिए आप नेताओं को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि वे हमें डरा नहीं सकते। वे हमें हमारे लोकतंत्र और संविधान के लिए लड़ने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि हमने प्रशासन से अनुरोध किया है कि भूख हड़ताल करने वाले हमारे केवल पांच लोग (चार कार्यकर्ता और एक पार्षद) सेक्टर 17 में नगर निगम भवन के सामने बैठेंगे।

## पत्नी को पीट-पीटकर अधमरा किया और खुद भी जहर खाकर दे दी जान

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार** : चकरपुर थरूवाट पट्टी के एक व्यक्ति ने सोमवार सुबह पत्नी को पीट-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और खुद जहर खा लिया। घर के बंद दरवाजे को जब पुलिस ने खोला तो देखा कि पति की मौत हो चुकी थी और गंभीर रूप से घायल पत्नी बेहोश थी। पुलिस ने महिला को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

चकरपुर निवासी नरबहादुर की तबीयत खराब चल रही थी। उन्हें हल्द्वानी ले जाना था। छोटा पुत्र सुनील अपने पिता नरबहादुरऔर माता को लेकर हल्द्वानी के लिए रविवार रात निकल गया। सोमवार सुबह इन लोगों ने घर पर बड़े बेटे राज बहादुर को कॉल किया तो फोन नहीं उठा। जिस पर उन्होंने एक रिश्तेदार को फोन कर कहा कि जाकर देखें। रिश्तेदार ने जब घर जाकर देखा तो दरवाजा बंद था, आवाज देने पर भी नहीं खुला। रिश्तेदार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजा खोलकर अंदर पहुंची तो राजबहादुर व उसकी पत्नी आशा अलग-अलग जगह पड़े थे। पति राज बहादुर (45) पुत्र नर बहादुर की मौत हो चुकी थी, जबकि पत्नी आशा देवी गंभीर रूप से चोटिल थी और बेहोश पड़ी थी। उसे बुरी तरह पीटा गया था। कमरे से कीटनाशक नुआन की दो खाली शीशी मिलीं हैं। पुलिस ने आशा देवी को तत्काल नागरिक अस्पताल भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है, वेंटीलेटर पर रखा गया है। घटना की सूचना मिलने पर राजबहादुर के माता-पिता और छोटा भाई घर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। राजबहादुर का दो वर्ष पूर्व ही पटिया निवासी आशा देवी से विवाह हुआ था।

▸▸ **मारपीट में घायल पत्नी हल्द्वानी के अस्पताल में वेंटीलेटर पर**

▸▸ **पुलिस को कमरे में मिलीं दो कीटनाशक की खाली शीशी**

## स्कूल बस की चपेट में आकर दो वर्षीय बच्चे की मौत

**रेहड़ (बिजनौर)।** क्षेत्र के गांव सिरियावाली में स्कूल बस की चपेट में आने से बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने मोहल्ले की महिला पर बच्चे को बस के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है। गांव सिरियावाली निवासी प्रदीप कुमार का दो वर्षीय पुत्र तनुज घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान तनुज स्कूल बस की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल व सीओ अफजलगढ़ अर्चना सिंह मौके पर पहुंची और जांच की। परिजनों ने मोहल्ले की ही एक महिला पर बच्चे को बस के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है। जबकि महिला ने रंजिशन फंसाने की बात कही है।

## राज्यों को सिमी पर प्रतिबंध लगाने का मिला अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आतंकवादी समूह 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) को आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित करने का अधिकार दे दिया। केंद्र सरकार ने 29 जनवरी को सिमी पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया था। आतंकी संगठन पर प्रतिबंध को विस्तारित करते हुए सरकार ने कहा था कि समूह देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति एवं सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में शामिल रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार निर्देश देती है कि धारा 7 और 8 के तहत उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों का इस्तेमाल राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों द्वारा भी गैरकानूनी संगठन सिमी के संबंध में किया जाएगा। दस राज्य सरकारों- आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश ने यूएपीए के तहत सिमी को गैर कानूनी संगठन घोषित करने के लिए सिफारिश की है।

▸▸ **केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना**

उपलब्धि — शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश को संगीत एल्बम के लिए मिला अवार्ड

## ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में भारत ने दिखायी 'शक्ति', पांच भारतीयों ने जीते पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने संगीत के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित 'ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024' में अपना जलवा बिखेरा और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन तथा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया समेत पांच भारतीय संगीतकारों ने पुरस्कार जीते। हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किए जबकि राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते। गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य ब्रिटिश गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। 'शक्ति' का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम 'दिस मूमेंट' जून 2023 में रिलीज किया गया था।

संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन करने वाली रिकॉर्डिंग एकेडमी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने पेज पर यह घोषणा की। पोस्ट में सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम विजेता 'दिस मूमेंट' शक्ति को बधाई। हुसैन को शक्ति के अलावा 'पश्तो' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और 'एज वी स्पीक' के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का अवार्ड भी मिला। सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत श्रेणी में आठ नामांकन थे जिसमें फालू का गीत अबन्डंस इन मिलेट्स शामिल था। इस गीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दिखाई दिए हैं।

▸▸ **तबला वादक जाकिर हुसैन को 3 और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया को दो पुरस्कार**



### प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं : हुसैन



महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे राकेश चौरसिया ने अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ 'पश्तो' और 'एज वी स्पीक' के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीते। उस्ताद जाकिर हुसैन ने 'पश्तो' के लिए पुरस्कार लेते वक्त कहा कि प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं हैं। कहा कि एकेडमी का शुक्रिया, हमें आज यह खूबसूरत संगीत देने के लिए इन सभी महान संगीतकारों का शुक्रिया।

### शंकर महादेवन ने पत्नी को दिया जीत का श्रेय



महादेवन, राजगोपालन और सेल्वागणेश पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए जबकि मैकलॉघलिन समारोह में शामिल नहीं हुए और जाकिर हुसैन एक और ग्रैमी पुरस्कार जीतने के बाद मंच के पीछे थे। महादेवन ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी संगीता को देते हुए कहा कि हम आपको याद कर रहे हैं जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्होंने आज एक और ग्रैमी पुरस्कार जीता है। ब्वॉयज, ईश्वर, परिवार, दोस्तों और भारत का शुक्रिया। राजगोपालन ने इस पुरस्कार के लिए रिकॉर्डिंग एकेडमी का आभार जताया।

### 'शक्ति' के कलाकारों को प्रधानमंत्री ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर भारत को गर्व है। 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है।

### ग्रैमी में भारत पर पुरस्कारों की बारिश : एआर रहमान



स्लमडॉग मिलेनियर के लिए 2008 में दो ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले एआर रहमान ने इंस्टाग्राम पर हुसैन, महादेवन और सेल्वागणेश के साथ एक सेल्फी साझा की। जाने-माने संगीतकार रहमान ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है...ग्रैमी विजेताओं उस्ताद जाकिर हुसैन (तीन ग्रैमी), शंकर महादेवन (पहला ग्रैमी) और सेल्वागणेश (पहला ग्रैमी) को बधाई।

### जिले में दूसरे दिन में जमकर हुई बारिश, फरवरी में सर्दियों का सूखा खत्म, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से मौसम बदला

# वसंत से पहले माघ में जमकर बरसे मेघ, नैनीताल में गिरे हिमकण

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

**अमृत विचार :** सोमवार को सुबह से ही बारिश का दौर रहा। सुबह से पूर्वान्ह तक बारिश हुई। बाद में अपरान्ह के बाद फिर से मेघ बरसे। मौसम विभाग के अनुसार अब मौसम साफ हो जाएगा। उधर, नैनीताल में सुबह के वक्त हिमकण गिरे, जिससे बर्फबारी की उम्मीद बढ़ गई।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से मौसम पूरी तरह से बदल गया। हल्द्वानी में तड़के से ही बारिश रही जो पूर्वान्ह तक चली। दोपहर में एक बार धूप निकली और बाद में फिर से बादल छा गए। अपरान्ह बाद फिर से एक घंटे तक रिमझिम बारिश होती रही। लोगों बारिश के बचने के लिए छाते और रेनकोट का सहारा लेते दिखे। साथ ही ठंड बढ़ने से हीटर और अलाव की मांग फिर से बढ़ गई।

बारिश की वजह से बाजार में अपेक्षाकृत कम भीड़ रही। मौसम विभाग का अनुमान है कि फरवरी में अभी तक हुई बारिश की वजह से सर्दियों में अभी तक पड़ रही सूखे की मार काफी हद तक खत्म हो गई है। हल्द्वानी में ही सोमवार को करीब आठ मिमी बारिश हुई है। अनुमान है कि अब मौसम साफ हो जाएगा।

अगले कुछ दिनों तक दिन में चटक धूप खिलेगी और रात को न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। फिलहाल हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री रहा है। मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह के अनुसार 15 फरवरी के बाद तापमान में बढ़ोत्तरी होने के आसार हैं। अभी हुई बारिश की वजह से लोगों को आने वाले वसंत में अच्छा मौसम देखने को मिल सकता है।

नैनीताल में सोमवार सुबह शहर में एकाएक हिमकण गिरने लगे, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ नैनीताल घूमने आए पर्यटकों में बर्फबारी की आस जगी। लेकिन दोपहर बाद शहर में बारिश होने लगी। आर्यभट्ट प्रशिक्षण संस्थान के मौसम वैज्ञानिक मनीष नाजा ने बताया कि नैनीताल समेत आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्र मुक्तेश्वर क्षेत्र में बर्फबारी के अधिक आसार हैं। बर्फबारी का पूर्वानुमान देखकर दिल्ली समेत आसपास के महानगरों से पर्यटक घूमने के लिए आने लगे हैं। बारिश के बावजूद सोमवार को शहर के अधिकांश पर्यटक स्थलों में भीड़ देखी गई।



नैनीताल में हुई बारिश से बचाव करते पर्यटक। ● अमृत विचार

#### साल 2014 में हुई थी रिकॉर्ड तोड़ बारिश

**हल्द्वानी।** फरवरी की शुरूआत के साथ ही बारिश देखने को मिली है। फरवरी की बात करें तो साल 2014 में रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई थी। इस साल नैनीताल जिले में फरवरी माह में जमकर बर्फबारी भी हुई थी। हल्द्वानी में साल 2014 की फरवरी में 118 .4 मिमी बारिश हुई थी। जो इस माह में अभी तक दर्ज दूसरी सबसे ज्यादा बारिश है।

### तराई में तीन दिन और रहेगा हल्का कोहरा



खटीमा नगर क्षेत्र में छाया घना कोहरा।

**रुद्रपुर/खटीमा।** तराई में सुबह के समय हल्की बारिश होने और फिर धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। मौसम वैज्ञानिकों ने तराई में अगले तीन दिन तक हल्का कोहरा छाने और फिर मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। सोमवार को तराई में सुबह के समय हल्की बारिश हुई। इसके बाद मौसम साफ रहा और सूर्यदेव के दर्शन हुए। हालांकि धूप के साथ शीत लहर भी चलती रही। वहीं जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 21 .5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं तराई के वातावरण में नमी की मात्रा 62 फीसदी रही, जबकि दक्षिण पश्चिम से 4 .3 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चली। उन्होंने बताया कि सोमवार को तराई में एक मिलीमीटर बारिश हुई। अगले तीन दिन तक हल्का कोहरा छाया रहेगा फिर मौसम साफ रहेगा। वहीं खटीमा क्षेत्र में सोमवार सुबह क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। वाहन चालकों को दिन में 10 बजे तक हेड लाइट जलाकर चलना पड़ रहा था।

## साइबर ठगी के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नैनीताल।** प्रभारी सत्र न्यायाधीश/प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नैनीताल राहुल गर्ग की अदालत ने 33 लाख की साइबर ठगी करने के आरोपी की जमानत खारिज कर दी है। आरोपी रवि कांत शर्मा निवासी ग्राम मुडिया खेडा थाना मोरेना, मध्य प्रदेश को 15 जनवरी 2024 को उसके मोबाइल लोकेशन के जरिये पुलिस की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ भीमताल थाने में चैतन्य किशोर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके भाई जयकिशोर शर्मा की रिलायंस कंम्पनी में 25 लाख की एल आई सी थी। जिसमें 2013 से किस्त जमा नहीं हुई और वह कालातीत हो गई। इस बीमा पॉलिसी को पुनर्जीवित करने के नाम पर आरोपी ने स्वयं को आर बी आई का कर्मचारी बताकर ठगी की। जिसमें अलग अलग मोबाइल नम्बरों का प्रयोग हुआ। आरोपी की जमानत का विरोध करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा द्वारा बताया कि आरोपी पीड़ित को झांसे में लेने के लिये आर बी आई के फर्जी लेटर हैड, मोहर आदि का प्रयोग किया। आरोपी के खिलाफ साइबर सेल हल्द्वानी द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है।

# जागरूकता और बचाव ही कैंसर का सही इलाज

### विश्व कैंसर दिवस पर आईएमए हल्द्वानी ने कार्यक्रम में कैंसर रोग को लेकर लोगों को किया जागरूक



मेट्रिक्स हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों से वार्ता करते आईएमए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ( आईएमए ) हल्द्वानी ने कैंसर रोग को लेकर सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि कैंसर के प्रति जागरूकता और बचाव ही सबसे बेहतर इलाज है।

लालडांठ स्थित मेट्रिक्स हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. शलभ अरोड़ा ने कहा कि तंबाकू और शराब के सेवन से कैंसर होने का खतरा अधिक होता है। जानकारी न होने के कारण लोग इस गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। समय पर इलाज सुनिश्चित न होने के कारण रोगी की मौत हो जाती है। कैंसर शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है। हालांकि शुरुआती दौर में इलाज सुनिश्चित होने से मरीज को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर के बारे में विस्तार से बताया। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. सचिन चक्रवती ने कहा कि भूना या जला खाना खाने से भी कैंसर का खतरा होता है।

खासकर प्लास्टिक की चीजों में गर्म खाद्य पदार्थों का सेवन करना सबसे हानिकारक है।

कहा कि जैसे ही कैंसर का कोई लक्षण दिखे तो चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। आईएमए हल्द्वानी के अध्यक्ष डॉ. उपेंद्र ओली व सचिव डॉ. प्रदीप पांडे ने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए महिलाओं व पुरुषों को हर दो-तीन साल में रूटीन जांच करानी चाहिए। लेकिन पहले चिकित्सक से परामर्श जरूर ले लें। उन्होंने कहा कि आईएमए भविष्य में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

#### बीमारी से बचाव के लिए जीवनशैली में करें बदलाव

**हल्द्वानी।** स्वामी राम कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान संस्थान ने मेडिकल कॉलेज के लेक्चर थियेटर में कैंसर जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें स्टेट कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. कैलाश चन्द्र पांडे ने कैंसर रोग की पहचान, लक्षण व रोकथाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लाइफस्टाइल में बदलाव, बीमारी के शुरूआती लक्षण को पहचान कर व जांच कर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को मात दी जा सकती है। सेमिनार में एमएस डॉ. जीएस तितियाल, डॉ. उमेश, डॉ. साधना अवस्थी, डॉ. हरीशंकर पांडे, डॉ. निर्दोष पंत, डॉ. ललित मोहन, डॉ. जलज गौड़, डॉ. नलिन गौड़, डॉ. हेम चन्द्र भट्ट समेत रेजीडेंट चिकित्सक तथा एमबीबीएस, पीजी, नर्सिंग के छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

#### भीमताल में कराया गया योगाभ्यास

**भीमताल।** क्लोज द केयर गैप थीम के तहत एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान भीमताल में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षण संस्थान की प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने कहा कि कैंसर जानलेवा रोगों में से एक है, किसी भी उम्र के व्यक्ति में कैंसर का खतरा हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान कैंसर जागरूकता को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में बीएड में प्रथम स्थान पूनम सुयाल व कुलदीप सिंह कुरिया, द्वितीय स्थान प्रियांशी अधिकारी व अंकिता उपाध्याय ने प्राप्त किया। इस दौरान संस्थान में बीना नेगी चौधरी, राजेन्द्र सिंह खाती, गणेश चन्द्र, शीतल सिंह मौर्या, डॉ. मनोज जोशी, डॉ. हेमा मेहरा, डॉ. मंजू नेगी, डॉ. विनीता राय, नीरज कुमार, शालिनी भारती, रामकृष्ण आर्य आदि मौजूद रहे।



जे.एन. कौल शिक्षण संस्थान भीमताल में योगाभ्यास करते बच्चे।



कालाढूंगी में एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## एथेनॉल प्लांट निर्माण के मानकों की जांच की मांग

▸▸ ग्रामीणों ने दी धरना शुरू करने की चेतावनी

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** चकलुवा क्षेत्र में निर्माणाधीन एथेनॉल प्लांट के विरोध में ग्रामीणों ने मानकों की जांच करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि आगामी 8 तक कोई कार्रवाई नहीं की गई तो 9 फरवरी को ग्रामीण तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होंगे।

चकलुवा सूरपुर गांव में एथेनॉल प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है जिसका विरोध ग्रामीण विगत दो वर्षों से करते आ रहे हैं। सोमवार को दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने तहसील परिसर में पहुंचकर एसडीएम रेखा कोहली को मानकों की जांच के लिए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि एथेनॉल प्लांट का निर्माण मानकों के विरूद्ध किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि शासन -प्रशासन व मुख्यमंत्री को भी कई बार ज्ञापन देकर अवगत कराया गया मगर हमारी अनदेखी की जा रही है। इस दौरान त्रिभुवन कन्याल, जगतार सिंह, जनार्दन जोशी, गुड्डू चौहान, कुंदन बसेड़ा, महेश बिष्ट, तारा जलाल, रामू अटवाल, राजू जंतवाल, रामू अटवाल, मोनू जलाल, रणजीत सिंह, राना सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं मां शीतल वेंचर लिमिटेड कंपनी के स्वामी नवनीत अग्रवाल का कहना कि न्यायालय ने भी फैसला प्लांट लगाने के पक्ष में दिया है। एथेनॉल प्लांट से गांव की कृषि में कोई गलत असर नहीं पड़ेगा।

# अवैध खनन पर नजर रखेगी 'तीसरी आंख'

▸▸ नदी के 11 गेटों पर लगेंगे 96 सीसीटीवी कैमरे, वन निगम ने ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित कीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** गौला नदी में खनन की आड़ में अवैध खनन व ओवरलोड करना आसान नहीं होगा। सीसीटीवी के जरिए नदी के चप्पे-चप्पे की निगेहबानी की जाएगी ताकि अवैध खनन और ओवरलोड पर नकेल कस सके। वन विकास निगम ने नदी में सीसीटीवी लगाने के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं।

जिला खनन समिति की बैठक में डीएम वंदना ने गौला नदी के सभी गेटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए थे। इसका मकसद अवैध खनन व ओवरलोड की रोकथाम करना है। डीएम के निर्देशानुसार, वन निगम ने सोमवार को ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की हैं। इसमें शीशमहल से शांतिपुरी तक सभी 11 गेटों पर 96 सीसीटीवी कैमरे लगाना प्रस्तावित है। निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी है। 19 फरवरी को निविदाएं खोली जाएंगी और आवंटन होगा। निविदा प्रक्रिया संपन्न होने के 15 दिनों के भीतर सभी गेटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। डीएलएम धीरेश बिष्ट ने बताया कि गौला नदी के सभी गेटों पर 96 नाइट विजन के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनके लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रक्रिया संपन्न होने के बाद सभी गेटों पर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। संभावना है कि इस माह के अंत या मार्च के पहले सप्ताह में कैमरे लग जाएंगे।

#### जनप्रतिनिधियों ने कार्यकाल विस्तार की लगाई गुहार

**भीमताल।** विकासखंड धारी के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल विस्तार की मांग की है। ब्लॉक प्रमुख आशा रानी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि क्षेत्र पंचायत धारी के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल कुछ माह में समाप्त होने जा रहा है जबकि अति अल्प समय में अनेक कार्य अभी मूर्त रूप नहीं ले पाए हैं। बताया कि विगत वर्ष 2019 में आई कोविड महामारी के कारण कई विकास कार्य बाधित हो गए थे। इस दौरान गीता देवी, पुष्पा देवी, किशन सिंह, ममता, शिवदत्त, चंदन सिंह आदि मौजूद थे।



धारी में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते जनप्रतिनिधि।

#### तेज रफ्तार वाहनों से जनता परेशान

**भीमताल।** भीमताल के बाइपास मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों से जनता खासी परेशान है। स्थानीय जनता की मानें तो इस मार्ग पर शाम के समय कुछ दो पाहिया वाहन चालक हैं जो कि नियमित रूप से वाहनों को तेज रफ्तार से दौड़ाते हैं। इतना ही नहीं सवेरे के समय कई दो पहिया वाहन चालक अपने दो पहिया वाहन पर तीन सवारों को लाते ले जाते देखे जा सकते हैं। स्थानीय जनता ने कार्रवाई की मांग की है।

#### युवती घर से लापता

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती के गुम होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर उसकी तलाश करने की मांग की है। स्नोव्यू निवासी एक पिता ने शिकायती पत्र देकर कहा कि बीते दो फरवरी की सुबह पांच बजे उनकी 19 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई।

## कायाकल्प टीम ने बीडी पांडे अस्पताल का निरीक्षण किया

**नैनीताल।** कायाकल्प योजना के तहत सोमवार को टीम ने बीडी पांडे अस्पताल का निरीक्षण किया। डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में कायाकल्प की राज्य स्तरीय टीम ने बीडी पांडे अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही सुविधाएं, दवाओं, उपकरणों व दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान टीम ने मरीजों से बातचीत के साथ ही अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डॉ. अमित कुमार ने बताया कि अस्पताल में साफ-सफाई समेत अन्य व्यवस्थाएं बेहतर पाई गई हैं। अस्पताल को बीते वर्ष किए गए कार्यों के दस्तावेज का निरीक्षण किया गया है। बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जिसके बाद कायाकल्प योजना के तहत अस्पतालों को रैंक दी जाएगी। वहीं अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने कहा कि इस वर्ष का यह तीसरा व अंतिम निरीक्षण था। जल्द ही कायाकल्प की टीम की ओर से परिणाम घोषित कर दिये जाएंगे। इस दौरान निरीक्षण में डॉ. राजीव बजाज, डॉ. आयुषी भट्ट भी मौजूद थे।



**हालात** | ब्लॉक को दिया गया कूड़ा वाहन एक भी दिन नहीं दे सका अपनी सेवा

# जगह-जगह कूड़ा, ऐसी दशा में कैसे होगा स्वच्छ भारत

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** चांफी रोड पर जगह-जगह सड़क के नीचे कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। एक ओर सरकार द्वारा घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था की गई है।

वहीं अब भी कई लोग कुछ पैसे बचाने के लिए अपने-अपने घरों का या फिर प्रतिष्ठान का कूड़ा सड़क के नीचे फेंक रहे हैं। वहीं ब्लॉक को जो शासन ने वाहन दिया है वह एक ही दिन चल सका। इसके बाद उसकी स्थिति को देखते हुए उसको कई ब्लॉकों द्वारा शासन को वापस कर दिया गया है। ब्लॉक प्रमुख और अन्य जनप्रतिनिधियों की मानें तो जो वाहन उपलब्ध कराया गया था उसकी शक्ति और क्षमता काफी कम होने के कारण शासन को वापस कर दिया गया था। पर्यावरणविद पीटर स्मैटाचैक ने बताया कि भीमताल और आसपास के जंगल में कुछ खास पक्षी व जानवर और तितली का निवास स्थान है। इनको देखने के लिए लोग देश विदेश से आते हैं, लेकिन ये सब प्रभावित हो रहा है।



चांफी के समीप बिखरा कूड़ा। ● अमृत विचार



> जो शासन द्वारा वाहन उपलब्ध कराया गया था वह एक ही दिन चल सका। उसकी शक्ति और क्षमता को देखते हुए वापस कर दिया था। वाहन एक ही दिन ट्रंचिंग ग्राउंड जा सका था और खराब हो गया था। इस संदर्भ में मैंने सूचना भी मांगी है। **-डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख भीमताल**



> चांफी का जंगल खासा प्रभावित दिख रहा है। सड़क के नीचे जगह-जगह पर कूड़े के ढेर काफी कुछ प्रभावित कर रहे हैं। शासन को चाहिए कि इसको साफ करवाए। **-पीटर स्मैटाचैक, पर्यावरणविद**

> नगर पंचायत द्वारा नियमित तौर पर कूड़े को एकत्र किया जा रहा है और उसका उचित निस्तारण किया जा रहा है। **-विजय बिष्ट, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत**

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे* | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफ्वे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

## एक नजर

### जनेऊ संस्कार में गया परिवार, मरी मां के जेवर ले गए चोर

**हल्द्वानी :** परिवार घर में ताला लगाकर जनेऊ संस्कार में शामिल होने चला गया और पीछे से चोरों ने घर खंगाल डाला। मुखानी पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। शक्ति विहार छड़ायल निवासी जितेंद्र सिंह रावत ने पुलिस को बताया कि घर के एक कमरे में उनकी स्व.माता रहती थीं। कमरा हमेशा बंद रहता था और कमरे में मां के पुश्तैनी जेवर भी रखे थे। बीती एक फरवरी को वह परिवार सहित जनेऊ संस्कार में शामिल होने के लिए चकलुवा चले गए। जाने से पहले वह घर की चाबी बाइक में रखे कपड़े में छिपा गए। वापस लौटे तो मां के कमरे में रखे साढ़े तीन तोला सोने के पुश्तैनी जेवर व आधार और आयुष्मान कार्ड गायब थे।

### छोई में चोरों ने स्कूल समेत तीन स्थानों पर तोड़े 11 ताले

**रामनगर :** बेखौफ चोरों ने रविवार की देर रात ग्राम छोई क्षेत्र में तीन स्थानों पर अलग-अलग चोरी करते हुए 11 ताले तोड़ दिए। इससे ग्रामीणों में अब पुलिस की कार्यप्रणाली के प्रति रोष बढ़ने लगा है। रामनगर के ग्राम छोई स्थित राजकीय पूर्व कन्या माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक त्रिभुवन सिंह हाल्सी ने बताया कि चोरों ने स्कूल के 9 ताले तोड़ कर मध्याह्न भोजन के लिए रखा गया एक गैस सिलेंडर और कुछ आवश्यक दस्तावेज चोरी कर लिए। उन्होंने बताया कि इससे पहले 5 जनवरी को भी स्कूल में चोरों ने ताले तोड़े थे। इसके साथ ही चोरों ने इसी स्कूल प्रांगण में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। चोरों ने छोई पड़ाव में स्थित एक दुकान का भी ताला तोड़कर नगदी व सामान पार कर दिया। गांव में एक साथ तीन चोरी की घटनाएं घटने के बाद ग्रामीणों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ने लगी है। उधर, कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# झूठी निकली गैंग रेप की कहानी, पूरी पटकथा रही मनगढ़ंत

## पुलिस की शुरुआती जांच में ही उतरा लड़की के चेहरे से नकाब, मेडिकल में भी नहीं हुई रेप की पुष्टि, चार कार सवार लड़कों पर था अपहरण और रेप का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अपहरण और गैंग रेप का आरोप लगाने वाली लड़की का झूठ एक रात में फाश हो गया। शुरुआती जांच में ही गैंग रेप की बात को पुलिस ने सिरे से खारिज कर दिया। अब पुलिस लड़की के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकती है। फिलहाल तो आरोपियों पर दर्ज दुष्कर्म की धारा 376 को हटा लिया गया है। चारों आरोपियों की गिरफ्तारी कर पुलिस ने मुकदमा अपहरण और छेड़छाड़ की धाराओं में तरमीम कर दिया है।

मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाली 22 वर्षीय एक लड़की ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि बीती 3 फरवरी को कार सवार चार लड़कों ने कैंसर हॉस्पिटल के पास से उसका अपहरण कर लिया। तीन घंटे तक वह उसे शहर में लेकर घूमते और रेप करते रहे। उसे पीटा और जबरन शराब पिलाने की कोशिश की। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि महिला संबंधी अपराध को देखते हुए आनन-फानन में आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म और अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। कुछ ही घंटे में कार और चारों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ लालकुआं संगीता को मामले की जांच सौंपी गई। लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया गया, लेकिन दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई और न ही मेडिकल करने वाले चिकित्सक ने अपने बयान में इसकी पुष्टि की। इसके बाद लड़की से पूछताछ हुई तो वह दुष्कर्म की बात से मुकर गई और अपने साथ छेड़छाड़ और अपहरण की बात कही। शहर के सीसीटीवी खंगाले गए तो लड़की के पूर्व में दिए बयान और उनमें भिन्नता मिली। इसके बाद दुष्कर्म की धारा मुकदमे से हटा दी गई। अब चारों लड़कों में से 29 वर्षीय गौजाजाली निवासी ऋषि सागर उर्फ मनोज और दुर्गा कालोनी गौजाजाली निवासी 38 वर्षीय मनोज को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने गौजाजाली निवासी 26 वर्षीय अक्षित और देवलचौड़ बंदोबस्ती निवासी 30 वर्षीय धम्मी उर्फ धमकीर्ति उर्फ सोनू की गिरफ्तारी देर से होने की वजह से मंगलवार को रिमांड लेकर कोर्ट में पेश किया जाएगा। आरोपियों पर धारा 366 और 354 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



घटना में इस्तेमाल की गई कार से उतरते अपहरण और छेड़छाड़ के आरोपी। ● अमृत विचार




गैंप रेप मामले का खुलासा करते एसएसपी। साथ में एसपी सिटी, सीओ लालकुआं।

### सट्टे की कमाई से खरीदी थी मनोज ने नई कार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने आरोपियों के पास से बिना नंबर की नई सफेद रंग की टाटा पंच कार बरामद की है। ये 38 वर्षीय दुर्गा कालोनी निवासी मनोज की है। सूत्रों का कहना है कि मनोज पेशेवर सटोरिया है और सट्टे के धंधे से ही उसने ये कार खरीदी है। पता यह भी लगा है कि मनोज के पास ऐसा दूसरा कोई काम नहीं, जिससे वह लाखों की कीमत वाली कार खरीद पाता। फिलहाल, पुलिस का कहना है कि वह मनोज संग गिरफ्त में सभी आरोपियों के काम धंधे के बारे में पता कर रही है। साथ ही यह भी कार कैसे खरीदी गई।

### अपहरण भी झूठा, खुद फ्रंट सीट पर बैठी लड़की

**हल्द्वानी :** पुलिस ने जितने भी सीसीटीवी खंगाले हैं, उनमें कहीं भी अपहरण की कहानी साबित होती नहीं दिख रही। सूत्रों का कहना है कि जिस स्थान से अपहरण होना बताया गया, लड़की वहां से खुद कार की फ्रंट सीट पर बैठी। उसे कार में खींचते हुए नहीं देखा गया। रात काठगोदाम के पेट्रोल पंप पर कार में पेट्रोल भराया गया, लेकिन लड़की ने यहां भी बचने की कोशिश नहीं की। फिर कार कुसुमखेड़ा स्थित एक शराब के ठेके पहुंची। यहां से शराब खरीदी गई और यहां भी भारी भीड़ होने के बावजूद लड़की ने मदद के लिए शोर नहीं मचाया।

# पुलिस को भनक तक नहीं, मौज काटता रहा जिलाबदर गैंगेस्टर

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ठीक है पुलिस ने तेजी से दिखाते हुए गैंग रेप के मामले का पटाक्षेप कर दिया, लेकिन फिर भी पुलिस सवालों के कठघरे में है। दरअसल, चार आरोपियों में से एक ऋषि उर्फ मनोज पेशेवर अपराधी और गैंगेस्टर है। इस आदतन अपराधी को बनभूलपुरा पुलिस ने पिछले साल जिला बदर किया था, लेकिन जिला बदर का उल्लंघन कर ये न सिर्फ लौट आया बल्कि पुलिस की नाक के नीचे मौज काटता रहा।

ऋषि सागर उर्फ मनोज कुमार निवासी गौजाजाली स्थायी पता लाइन नंबर 16 कब्रिस्तान गेट के पास बनभूलपुरा पर बनभूलपुरा थाने में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इस पर गैंगेस्टर लगाने के बाद बनभूलपुरा पुलिस ने पिछले साल 19 नवंबर को जिला बदर कर दिया था। बनभूलपुरा थाने का एक एसआई इसे ऊधमसिंहनगर की सीमा पंतनगर पर छोड़ कर आया और कड़ी हिदायत दी कि वह 6 माह से पहले नैनीताल जिले की सीमा में दाखिल नहीं होगा। इस लिहाज से 19 मई से पहले ऋषि को जिले में वापसी की इजाजत नहीं थी। बावजूद इसके वो न सिर्फ लौट आया, बल्कि पुलिस की नाक के नीचे घूम-घूम कर मौज काटता रहा। अब अपहरण और छेड़छाड़ जैसे संगीन महिला अपराध का आरोपी ऋषि बीती शनिवार को अपने अपराधी दोस्तों के साथ कार में पूरे शहर में फर्राटा भरता रहा, लेकिन पुलिस को उसकी मौजूदगी की भनक तक नहीं लगी।

### ये है गैंगेस्टर ऋषि उर्फ मनोज का आपराधिक इतिहास

1. एफआईआर नंबर 85/15 धारा-13 जुआ अधिनियम थाना बनभूलपुरा।
2. एफआईआर नंबर 89/16 धारा-452/323/504/506 थाना बनभूलपुरा।
3. एफआईआर नंबर 52/18 धारा 323/34/307/504/506
4. एफआईआर नंबर 58/18 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट
5. एफआईआर नंबर 326/21 धारा-13 जुआ अधिनियम थाना बनभूलपुरा।
6. एफआईआर नंबर 350/21 धारा-13 जुआ अधिनियम थाना बनभूलपुरा।
7. एफआईआर नंबर 165/22 धारा-13 जुआ अधिनियम थाना बनभूलपुरा।



बीते वर्ष 19 नवंबर को मनोज उर्फ ऋषि सागर को जिले की सीमा से बाहर भेजती बनभूलपुरा पुलिस।

### सिर पर बंधना था सेहरा हाथ में लगी हथकड़ी

**हल्द्वानी :** लड़की के अपहरण और छेड़छाड़ में से दो जीजा और साले हैं। दुर्गा कालोनी गौजाजाली निवासी 38 वर्षीय मनोज, देवलचौड़ बंदोबस्ती निवासी 30 वर्षीय धम्मी उर्फ धमकीर्ति उर्फ सोनू का जीजा है। घटना के दिन दोनों कार में साथ थे। मजे की बात यह है कि सोनू की इसी 18 फरवरी को शादी है। कार्ड छप कर बंट चुके हैं और खरीदारी जोरों पर हैं। इससे पहले सिर पर सेहरा बांध कर सोनू नेपाल स्थित अपनी ससुराल जाता, हाथ में हथकड़ी लग गई और जीजा के साथ वो भी अंदर हो गया।

### पांच माह पहले हुई थी ऋषि की शादी, मनोज का सट्टे का धंधा

**हल्द्वानी :** कार में जितने भी लड़के थे सब युवा और अपराध के दलदल में धंसे हुए थे। पता लगा है कि नशे के लती ऋषि की पांच माह पहले ही शादी हुई थी। वह नशे का इस कदर लती था कि परिजनों को उसे नशा मुक्ति केंद्र भेजना पड़ा। करीब एक साल बाद जब नशा मुक्ति केंद्र से बाहर आया तो बमुश्किल उसकी शादी हुई। जबकि मनोज पेशेवर सट्टोरिया है। फिर वह पर्ची का सट्टा हो या फिर मैच पर सट्टा लगवाना हो। मनोज का एक चेला (गोल्डन बाबा) इन दिनों सट्टा किंग है और लग्जरी जिंदगी जी रहा है। ऋषि भी इसी धंधे में लिप्त बताया जाता है।

# रामनगर में फरार चल रहे 14 वारंटी गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मुकदमों से संबंधित न्यायालयों से फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक दर्जन से अधिक वारंटियों को गिरफ्तार करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश किया।

मामले में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि रामनगर कोतवाली में विभिन्न अपराधों में पंजीकृत मुकदमों से संबंधित वारंटी अपराधियों के खिलाफ कोर्ट से जारी एनबीडब्ल्यू वारंटी के तहत अभियान चलाया गया था। जिसके तहत पुलिस की अलग-अलग टीमों का गठन किया था।

गिरफ्तार होने वाले वारंटियों में सुलेमान निवासी वार्ड नंबर 4 नई बस्ती गुलरघट्टी, अरशद निवासी चिलकिया, आबिद अली निवासी नई बस्ती गूलर घट्टी, कुलवन्त सिंह निवासी मोहन नगर मालधन, मोहन चन्द्र निवासी नई बस्ती मालधन चौड़, सुरेन्द्र सिंह निवासी छजमल वालाधारा पो.ओ. कल्लू वाला थाना रेहड़ जिला बिजनौर, खुर्शीद निवासी तेलीपुरा रामनगर, केवल सिंह निवासी भवानीगंज रामनगर, संजय सिंह निवासी खताड़ी, मनोज ठाकुर उर्फ मन्नू निवासी भवानीगंज रामनगर, वसीम अहमद निवासी शिव कालोनी शिवलालपुर पान्डे रामनगर, बबलू रावत निवासी टांडा मल्लू चिल्किया रामनगर, संदीप रावत निवासी देवीपुरा तल्ला पोस्ट पीरुमदारा, जगदीश सिंह निवासी ग्राम कंदला थाना व तहसील रामनगर शामिल हैं।

### नैनीताल में दो वारंटियों को पकड़ा गया

**नैनीताल :** मल्लीताल पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेशी के बाद दोनों वारंटियों को जमानत पर छोड़ दिया गया है। मल्लीताल निवासी दो भाई दीपक व सागर के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने दोनों भाइयों को भावाली से गिरफ्तार किया गया। कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि दोनों को कोर्ट में पेशी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

# 40 लाख की ठगी का आरोपी दबोचा

**रामनगर:** पुलिस ने 40 लाख की ठगी के आरोपी को बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बता दें कि कोतवाली पुलिस ने करीब एक साल पहले रामनगर के मोहल्ला गूलरघटटी निवासी जाहिद अली की तहरीर पर ठगी करने का मामला पंजीकृत किया था। पुलिस ने जब से मुकदमा दर्ज किया गया था तब से ही आरोपी फरार था।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि अनिल चौधरी निवासी बिहार को इस मामले में गठित पुलिस टीम ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी द्वारा जाहिद अली के साथ ही रामनगर के करीब 50 लोगों के साथ 41 लाख रुपये की ठगी की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा बनाई गई अपनी मेल आईडी से मजदूर व बेरोजगार लोगों से संपर्क कर उनसे मेल आईडी बनाकर उसे आगे मर्ज कर लेने की बात कह कर रोजगार दिलाने का झांसा देता था। उनसे इस एवज में आरोपी द्वारा रुपया अलग-अलग बैंक खातों में मंगाया जाता था। कोतवाल ने बताया कि आरोपी को ट्रांजिट डिमांड के तहत रामनगर लाकर पूछताछ करने के बाद उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जिन-जिन बैंक खातों में आरोपी द्वारा पैसा मंगाया गया था उनकी जांच की जा रही है।

# मदरसा और मस्जिद नजूल भूमि पर या नहीं, जल्द साफ होगी तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मलिक के बगीचे में बना मदरसा और मस्जिद नजूल भूमि पर है या नहीं, इसको लेकर जल्द ही तस्वीर साफ हो जाएगी। जिला प्रशासन राजस्व का रिकॉर्ड खंगाल रहा है। वहीं, हाईकोर्ट के आदेशानुसार प्रार्थन पत्र का भी निस्तारण किया जा रहा है।

नगर निगम ने मलिक के बगीचे में बने मदरसा और मस्जिद को लेकर अब्दुल मलिक के नाम से नोटिस जारी किया था। इसमें बीती 1 फरवरी तक निर्माण नहीं हटाने पर 4 फरवरी को निर्माण ध्वस्त करने की चेतावनी थी। बीती 3 फरवरी को अधिकारियों की मुस्लिम समुदाय के जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं से भी वार्ता हुई थी। हंगामेदार बैठक बेनतीजा रही थी। प्रशासन, नगर निगम, लोनिवि, राजस्व व पुलिस ने धार्मिक स्थलों को ध्वस्त करने की तैयारी की थी। अचानक सामने आया था कि हाईकोर्ट ने वर्ष 2007 में एक प्रार्थनापत्र का निस्तारण करने के आदेश दिए थे जबकि यह प्रकरण लंबित है। यह प्रकरण सामने आने के बाद नाटकीय घटनाक्रम के अंतर्गत जिला विकास प्राधिकरण ने मदरसा व मस्जिद को सील कर पुलिस फोर्स तैनात कर दी थी। अब जिला प्रशासन, राजस्व विभाग इस प्रार्थना पत्र के निस्तारण में जुट गए हैं।

### नगर निगम ने कानूनी लड़ाई की तैयारी की शुरू

**हल्द्वानी :** मलिक का बगीचा में मस्जिद और मदरसे को ध्वस्त किए जाने का मामला चर्चाओं में आ गया है। नगर निगम भी इस मामले में अब आगे फूंक-फूंक कर कदम रखने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम को अनुमान है कि दूसरा पक्ष इस मामले में न्यायालय में जा सकता है, इसलिए नगर निगम भी संभावना को देखते हुए अपने कागजों को मजबूत कर रहा है। नगर निगम में सोमवार को भी मस्जिद और मदरसा प्रकरण को लेकर कागजी कार्यवाही पर काम होता रहा। शनिवार की मध्यरात्रि रेलवे एक नोटिस को पेश किए जाने के बाद मस्जिद और मदरसा को कार्रवाई रोक दी गई थी। नोटिस का परीक्षण किया जा रहा है। साथ ही नगर निगम को अनुमान है कि इस मामले में दूसरा पक्ष न्यायालय जा सकता है। इसलिए नगर निगम में सारे तथ्यों को अभी से खंगालना शुरू कर दिया गया है। जिससे भविष्य में अगर कोर्ट का रुख करना पड़े तो नगर निगम के पास अपनी कार्रवाई को वैध ठहराने के लिए सारे तथ्य मौजूद हों।

### दुकानें तोड़ने का मामला फिलहाल टला

**हल्द्वानी :** नैनीताल और बरेली रोड को चौड़ा किए जाने को लेकर दुकानें तोड़ने की कार्रवाई की जानी है। सड़क को मंगलपड़ाव से रोडवेज स्टेशन तक दोनों ओर 11-11 मीटर चौड़ा किया जाना है। पहले यह चौड़ाई 12-12 मीटर थी बाद में सीएम ने इसमें एक-एक मीटर की छूट दे दी। फिलहाल मलिक का बगीचा में मस्जिद और मदरसा प्रकरण के बाद अब नगर निगम की पूरी टीम उसी मामले में काम कर रही है। इस वजह से सड़क चौड़ीकरण के लिए दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई फिलहाल टाल दी गई है।

# 13.28 ग्राम स्मैक और शराब संग चार धरे गए

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** पुलिस ने 13.28 ग्राम स्मैक व 10 लीटर शराब व 49 पव्वों के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने बताया कि चेकिंग के दौरान टेढ़ी पुलिया के पास 7.50 ग्राम स्मैक के साथ नीरज बधानी निवासी धमोला व बाजपुर रोड पर नितिश बिष्ट निवासी कमोला को 5.78 ग्राम स्मैक के साथ गिरफतार किया है।

दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं वन बैरियर कोटाबाग-कालाढूंगी के पास 49 पव्वे देशी शराब के साथ नरेन्द्र सिंह मेहरा निवासी पाटकोट व बच्चीनगर गुरुद्वारे के पास बैलपड़ाव के पास 10 लीटर कच्ची शराब के साथ अवतार सिंह निवासी बच्चीनगर बैलपोखरा को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष रावत ने बताया कि दोनों के खिलाफ आबाकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में एसआई संजय सिंह धौनी, रविन्द्र सिंह, अखिलेश तिवारी, गुलाब कंबोज, राजा गौतम, एसआई रमेश पंत, मनोज कुमार, योगेश उंचाकोटी, अनिल मेहता, निर्मल सिंह, हीरा राम आदि मौजूद रहे।

### स्मैक की अवैध खेप के साथ दो गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने स्मैक और शराब की अवैध खेप के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसआई दिवान सिंह ग्वाल ने बताया कि वह पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर थे। राजकीय प्राथमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बमौरी के अंदर से आवाज आने पर वह टीम के साथ अंदर पहुंचे। एक आरोपी बाउंड्री फांद कर भाग गया। जबकि पकड़े गए दूसरे के पास से 4.11 ग्राम स्मैक बरामद की। आरोपी ने अपना नाम नवीन सिंह देवली स्थायी निवासी ग्राम पेटी कर्मी कपकोट बागेश्वर व हाल पता आरटीओ रोड गुरुद्वारा बताया। वहीं दूसरे मामले में हीरानगर चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह राणा ने 96 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ बिना नंबर की स्कूटी सवार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम देवेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू निवासी जज फार्म मुखानी बताया।

मौसम की मार

## बारिश की वजह से टमाटर काला पड़ने लगा है, अभी बाजार में टमाटर के दाम भी कम, किसान चिंतित

# बारिश से पौधे हरे, टमाटर हो गए काले, किसान परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** इन दिनों हो रही बारिश से पौधे तो हरे हो गए लेकिन टमाटर काला पड़ने लगा है व बाजार में इसके दाम भी नहीं मिल रहे, जिससे किसान चिंतित हैं। चोरगलिया के किसान उमेश बजेठा ने बताया कि उन्होंने करीब पौने एकड़ भूमि में टमाटर लगाए, बारिश से टमाटर में जान तो आई लेकिन दाने काले पड़ रहे हैं।

किसान सुरेश थुवाल ने बताया पिछले साल सितंबर में टमाटर लगाया, तब से अब बारिश हो रही है, यह बारिश फसल के लिए अच्छी है लेकिन ज्यादा बारिश या धूप से फसल खराब होने की आशंका रहती है। उन्होंने बताया कि उनकी टमाटर में भी सफेद दाग लग रहा है, उन्होंने फंगीसाइड का प्रयोग किया है।

किसानों ने कहा कि हल्की बारिश टमाटर के लिए अच्छी है लेकिन फंगस से फसल को नुकसान हो रहा है, जिससे बचाव के लिए दवा आदि का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि इस समय बारिश नहीं होती तो टमाटर की फसल एक महीने में ही खत्म हो जाती।

किसान हेम बजेठा ने कहा कि उन्होंने डेढ़ एकड़ जमीन में टमाटर लगाई, उनकी फसल तैयार है लेकिन बाजार में अभी दाम कम हैं। यदि दो-चार दिन में दाम नहीं बढ़े तो उन्हें कम दाम पर ही फसल बेचनी पड़ेगी।

उन्होंने बताया कि पिछले शुक्रवार को बाजार में टमाटर 28 से 30 रुपये किलो तक बिका लेकिन अभी 10-12 रुपये किलो का भाव चल रहा है।





मौसम में ठंडा-गर्म होने से टमाटर को नुकसान हो रहा है। दवा आदि का छिड़काव किया है। – **महिपाल सिंह बरगली**, किसान



बारिश से टमाटर काला पड़ गया है। लगातार बारिश से फसल को और नुकसान हो सकता है। – **दीपक आर्या**, किसान



टमाटर पक गए हैं लेकिन बाजार में दाम ही नहीं हैं। दो-चार दिन में दाम बढ़ेगा तो टमाटर बेच देंगे। – **प्रेम देवलिया**, किसान

### बोले उद्यान प्रभारी

पाले व बारिश के कारण टमाटर में फंगस लग जाता है, इससे बचाव के लिए किसानों को फंगीसाइड का इस्तेमाल करना चाहिए। – **दीप्ति बिष्ट**, उद्यान विभाग प्रभारी

# एसटीएच में होगी ग्लूकोमा की जांच

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काला मोतियाबिंद (ग्लूकोमा) से परेशान मरीजों के लिए राहत की खबर है। जल्द ही डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के नेत्र रोग विभाग में नई पेरीमेट्री मशीन लगने जा रही है। इस मशीन से मरीजों की काला मोतियाबिंद की जांच आसानी से हो पाएगी।

एसटीएच के नेत्र रोग विभाग में कई वर्ष पहले पेरीमेट्री मशीन लगी थी, जो करीब छह माह पूर्व खराब हो गई। जिससे चिकित्सकों को काला मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों की जांच करने में दिक्कत आ रही थी।

विभागाध्यक्ष डॉ. जीएस तितियाल ने नई मशीन के लिए मेडिकल कॉलेज को प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव के आधार पर नई मशीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीद है कि मार्च माह से पहले-पहले विभाग में पेरीमेट्री मशीन लग जाएगी।



### सुविधा

▸▸ नेत्र रोग विभाग में जल्द लगेगी पेरीमेट्री मशीन, मरीजों को मिलेगी राहत



विभाग में नई पेरीमेट्री मशीन लगने जा रही है। इससे काला मोतियाबिंद की जांच आसानी से हो पाएगी। इसके अलावा दो अन्य नई मशीनें लगाई जा रही है। मार्च से पहले तीनों मशीनें स्थापित हो जाएंगी।
– **डॉ. जीएस तितियाल**, एमएस एसटीएच/विभागाध्यक्ष नेत्र रोग विभाग

### कार्निया की बीमारी का भी होगा इलाज

एसटीएच में अब कार्निया की गंभीर बीमारी का भी इलाज हो पाएगा। इसके अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में पहली बार कॉर्नियल टोपोग्राफी मशीन लगाने की तैयारी चल रही है। इसके अलावा क्रास लिंकिंग मशीन भी लगाने की योजना है। दोनों मशीन खरीदने के लिए टेंडर निकाल दिया गया है। बताया जाता है अत्याधुनिक टोपोग्राफी मशीन पेंटाकैम व ओर्बस्कैन संपूर्ण कार्निया की बनावट की जांच कर लेती है, जिससे केराटोकोनस के उभरने का आसानी से पता चल जाता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## सार-संक्षेप


मालधन चौड़ विद्यालय में कार्यशाला में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों को पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए किया जागरुक

**हल्द्वानी :** सूचना एवं प्रौद्योगिकी विकास एवं कदम समिति की ओर से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालधनचौड़ में कार्यशाला हुई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों की वैज्ञानिक और नव प्रवर्तन मानसिकता को बढ़ावा देना रहा। विद्यार्थियों को बताया गया कि नये प्रयोगों और आधुनिक टूलों का इस्तेमाल कर पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रह सकते हैं। कार्यशाला में कदम समिति अध्यक्ष चंदन भाकुनी, मीना शंकर कोहली, संजय रावत आदि रहे।



क्वींस स्कूल में मिस व मिस्टर फेयरवेल के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

### कोमल मिस फेयरवेल और करण बने मिस्टर फेयरवेल

**हल्द्वानी :** क्वींस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। विद्यार्थियों ने स्कूल के दौरान की स्मृतियों को भी याद किया। छात्रा पलक सनवाल ने सरस्वती स्तुति गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। स्कूल प्रबंधक और शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं को विषम परिस्थितियों में कभी भी पीछे नहीं हटने का संदेश दिया और कहा कि बच्चों का मानसिक और भावनात्मक दोनों तरह से विकास होना चाहिए। विद्यार्थियों को उपहार भी दिये गये। इस दौरान मिस फेयरवेल कोमल कोरंगा और मिस्टर फेयरवेल करण सिंह रहे। कार्यक्रम में प्रबंधक आरपी सिंह, प्रबंधिका लिली सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह कार्की, उप प्रशानिक अधिकारी स्नेहा कार्की, प्रधानाचार्य डॉ. बीबी पांडे, इंद्र मोहन अरोरा आदि रहे।


संविधान सम्मान यात्रा के दौरान नारेबाजी करते लोग। ● अमृत विचार

### हल्द्वानी से रामनगर तक निकाली संविधान सम्मान यात्रा

**हल्द्वानी :** संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संविधान सम्मान यात्रा का आयोजन हुआ। यात्रा के दौरान कई जगह सभाएं भी की गईं। मूल निवास संघ नैनीताल, प्रगतिशील अधिवक्ता संगठन, डॉ. अंबेडकर मिशन के संयुक्त प्रयास से एक दिवसीय संविधान सम्मान जागरुकता यात्रा निकाली गई। यात्रा आंबेडकर पार्क दमुवाढूंगा से होती हुई भगवानपुर, कठघरिया, लामाचौड़ से गुजरी। बाद में गैबुआ रामनगर में समाप्त हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश के संविधान से ही देश को चलाया जा सकता है। इसलिए आम जन को संविधान के प्रति जागरूक होना चाहिए। यात्रा में मूल निवास संघ नैनीताल के अध्यक्ष आरपी गंगोला, गंगा प्रसाद, दीपक चन्याल, जीआर टम्टा, आरआर आर्या, धनी राम, मदन राम, आनंद राम, अनिल कुमार, दयानंद, अनिल चन्याल आदि मौजूद थे।


मालधन में बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

### बूथों पर 24 घंटे प्रवास करेंगे भाजपा बूथ प्रभारी

**रामनगर :** गांव चलो अभियान के तहत रामनगर के मालधन चौड़ में कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला मीडिया प्रभारी एवं मालधन चौड़ मंडल प्रभारी भुवन भट्ट ने कहा कि बूथ मजबूत है तो भाजपा मजबूती से चुनावों में खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत प्रत्येक बूथ के प्रभारी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर 9 से 11 फरवरी तक बूथ के अध्यक्षों के साथ 24 घंटे प्रवास करेंगे। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि देश में 11 करोड़ से अधिक लोग किसान सम्मान योजना से लाभान्वित हुए हैं, स्वच्छता अभियान के तहत देश लगातार आगे बढ़ रहा है। मुख्य वक्ता बलदेव सिंह रावत ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता लगातार और पूर्ण रूप से संगठन व जनता के हितों के काम कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष दीपा भारती और पूर्व मंत्री हरीश दफौटी ने कहा कि पुष्कर सिंह धामी व केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों से विकास कार्य की ओर तेजी से बढ़ रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपा भारती ज्योति ने की और मंच संचालन जगदीश खंतवाल ने किया। बैठक में मोहन राम आर्य, महिपाल सिंह, बिट्टू टम्टा, रणजीत सिंह, हरीश पंचवल, महेश पंडित, संजय कुमार, कृष्ण बोकाडिया, राजकुमार, राधा देवी, कृष्णा देवी आदि मौजूद रहे।


बैठक करते महिला एकता मंच की कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मालधन अस्पताल में सामूहिक उपवास 8 को

**रामनगर :** मालधन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानकों के अनुरूप चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति, एक्स रे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी लैब आदि की सुविधाओं को लेकर आगामी 8 फरवरी, गुरुवार को प्रस्तावित सामूहिक उपवास कार्यक्रम की तैयारी के लिए महिला एकता मंच द्वारा मालधन नंबर दो में बैठक हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मालधन क्षेत्र की 40 हजार से भी अधिक की आबादी के इलाज के लिए एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ही है जिसकी हालत बद से बदतर बनी हुई है। बैठक में भगवती, गीता आर्या ने कहा कि मालधन के अस्पताल में मरीजों के लिए प्रसव ऑपरेशन व इमरजेंसी फिजीशियन व मानकों के आधार पर सुविधाए नहीं है। इस दौरान भगवती देवी, गीता आर्या, भावना देवी, सरस्वती जोशी, सूरज सिंह, मुनीष कुमार मौजूद रहे।

### डीआईसी को मिला स्थायी महाप्रबंधक

**हल्द्वानी :** लंबे समय से प्रभारी के भरोसे चल रहे जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) को स्थायी महाप्रबंधक मिल गया है। पल्लवी गुप्ता को विभाग का महाप्रबंधक बनाया गया है। इससे पहले सोमनाथ गर्ग के पास चंपावत के साथ यहां का भी चार्ज था। गर्ग को अब कोटद्वार डीआईसी का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है।

# ठेकेदार की लापरवाही से कूड़े का अड्डा बना रोडवेज बस अड्डा

## पिछले पांच दिनों से नहीं हो रही सफाई, हर तरफ गंदगी व कूड़े के ढेर, बसों की धुलाई-सफाई न होने से गंदी बसों में यात्रा करने को मजबूर यात्री

संवाददाता, हल्द्वानी


संचालन कक्ष के बाहर प्रवेश द्वार पर कूड़े का ढेर।


रोडवेज स्टेशन परिसर में गंदगी और कीचड़।

**अमृत विचार:** हल्द्वानी बस स्टेशन में पिछले पांच दिनों से सफाई नहीं हो रही है जिससे यहां हर तरफ गंदगी का अंबार लगा है। स्टेशन में प्रवेश करते ही यात्रियों को गंदगी व कूड़े की दुर्गंध से दो-चार होना पड़ रहा है।

परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और बारिश के कारण परिसर में कई जगह कीचड़ फैला है। संचालन कक्ष के बाहर काली पॉलीथिन में कूड़ा भरकर एक जगह ढेर लगाया हुआ है जिससे यहां से गुजरने वाले यात्री-कर्मचारी दुर्गंध से बचने के लिये अपनी नाक बंद कर जाने को मजबूर हैं। इसके साथ ही कार्यशाला में भी सफाईकर्मी बसों की धुलाई-सफाई नहीं कर रहे हैं जिस कारण गंदगी से भरी बसें मार्ग पर दौड़ाई जा रही हैं जिनमें लोग यात्रा करने को मजबूर हैं। अधिकांश बसें कूड़े से पटी पड़ी हैं और बस के अंदर गंदगी पसरी पड़ी है। कई बस चालक-परिचालक सोमवार को अपनी बसों को खुद ही साफ करते हुए दिखाई दिये। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में बसें साफ नहीं की जा रही हैं जबकि ठेकेदार के अनुबंध में बसों की धुलाई-सफाई के साथ ही स्टेशन परिसर व कार्यालयों की सफाई करने के नियम हैं। बता दें कि बीते 1 फरवरी को कार्यशाला और बस स्टेशन में सफाई के लिये नया टेंडर आवंटित हुआ था। नये ठेकेदार ने कुमाऊं क्षेत्र के सभी डिपो व कार्यशाला में सफाई का जिम्मा लिया है लेकिन पिछले पांच दिनों से ठेकेदार के सफाईकर्मी काम नहीं कर रहे हैं जिससे यात्रियों के साथ ही कर्मचारियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

वहीं आरएम पूजा जोशी ने बताया कि ठेकेदार की ओर से सफाई नहीं किये जाने पर एआरएम स्तर से मुझे पत्राचार किया गया है। ठेकेदार ने सफाई व्यवस्था दुरूस्त नहीं की तो उसका टेंडर निरस्त किया जाएगा। ठेकेदार ने सफाई करने का आश्वासन दिया है।

### ठेकेदार को दी टेंडर निरस्त करने की चेतावनी

आरएम (मंडलीय प्रबंधक) पूजा जोशी ने सोमवार को हल्द्वानी बस स्टेशन में बालाजी इंटरप्राइजेज के ठेकेदार संदीप भोज को बुलाकर उसके साथ वार्ता की और सफाई नहीं होने का कारण पूछा। पूजा जोशी ने कहा कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो उसकी जमानत राशि जब्त की जाएगी और टेंडर निरस्त किया जाएगा। इसके जवाब में ठेकेदार का रवैया बहुत ही संवेदनहीन था। ठेकेदार ने कहा कि उसके सफाईकर्मी झाड़ू लगा रहे हैं जिस पर आरएम ने स्टेशन में चारों तरफ फैली गंदगी और कूड़े के ढेर देखने को कहा। ठेकेदार ने बताया कि उसके पास मैनपावर की कमी है जिसे बढ़ाया जाएगा। उसने मंगलवार से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।

## ढाई माह से रोडवेज की स्ट्रीट लाइटें ठप पड़ीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी स्टेशन में पिछले 2:30 महीने से स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। स्ट्रीट लाइट ठीक करने के लिये रोडवेज कर्मचारियों ने कई बार शिकायत कर दी है लेकिन अभी तक लाइटें ठीक नहीं की गई हैं। स्टेशन में 9 स्ट्रीट लाइट हैं जिसमें 8 स्ट्रीट लाइट खराब हैं।

बीएसएनएल कार्यालय के बाहर लगी स्ट्रीट लाइट हवा में झूल रही है जो रातभर जलती-बुझती रहती है। खराब लाइटों के कारण स्टेशन में अंधेरा रहता है। रोडवेज स्टेशन के दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर लाइटें लगाई हैं जिससे उनकी दुकानों में चोरी न हो सके। इसके साथ ही बसों के हेडलाइट की रोशनी के सहारे यात्री परिसर में अपने सामान के साथ घूमते हैं। स्टेशन के एक दुकानदार ने बताया कि वह पांच बार स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के लिये शिकायत दर्ज करा चुका है लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

> मामला अभी तक मेरे संज्ञान में नहीं था। रोडवेज स्टेशन की खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के लिये निर्देशित किया जाएगा।
> – **पंकज उपाध्याय**, नगर आयुक्त

## भुजान के तीन मेधावियों ने लहराया अपना परचम

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भुजान के दो मेधावियों ने श्रीदेव सुमन छात्रवृत्ति योजना तथा एक मेधावी ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर योजना में शानदार प्रदर्शन के दम पर सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम आगे बढ़ाया है। इंस्पायर योजना में शानदार वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत करने वाले छात्र राकेश राणा अब उच्च स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रतिभागी करेंगे।

जीआइसी भुजान की आठवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रा भावना रावत तथा नकुल खानायत ने राज्य सरकार की शिक्षा विभाग के तत्वाधान में हुई प्रतिष्ठित श्रीदेव सुमन छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा में प्रतिभाग किया। दोनों मेधावियों ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन का सफलता हासिल की है।जबकि नवीं कक्षा के छात्र राकेश राणा ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर योजना के तहत हुई प्रतियोगिता में शानदार वैज्ञानिक मॉडल का प्रस्तुतिकरण कर दस हजार रुपये का पुरस्कार जीत लिया साथ ही अब राकेश उच्चस्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रतिभागी करेंगे। उच्च स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विद्यालय के शिक्षक व राकेश तैयारी में जुट गए हैं। तीनों मेधावियों के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवर सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की है। विद्यालय के डा. संजीव सिंह अहलावत, दीपक सिंह ललित मोहन जोशी, भूपेंद्र कुमार व स्थानीय व्यापारियों तथा अभिभावकों ने भी खुशी व्यक्त कर तीनों में मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नशे में तेल का टैंकर दौड़ा रहा चालक धरा

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर पुलिस ने शराब के नशे में तेल का टैंकर दौड़ा रहे चालक को गिरफ्तार कर लिया। चालक के लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति भी कर दी गई है। यातायात नियमों के उल्लघंन व शांति व्यवस्था भंग करने पर भी 11 चालान किए गए।

खैरना पुलिस की टीम ने हाइवे पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर जा रहे भारत पेट्रोलियम के टैंकर यूपी 26 टी 6820 के चालक को रोका गया।

पुलिस को देख चालक सकपका गया। जांच में चालक के नशे में होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके लाइसेंस निरस्तीकरण की भी आरटीओ को कर दी। चेकिंग के दौरान सात वाहन चालकों के चालान कर जुर्माना वसूला गया जबकि चार लोगों पर शांति भंग करने पर कार्रवाई की गई।

## युवाओं से अग्निवीर संवाद करेंगे खड़गे के सलाहकार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


स्वराज आश्रम में पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर।

**अमृत विचार :** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने सोमवार को स्वराज आश्रम में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि युवा कांग्रेस की ओर से 7 फरवरी को अग्निवीर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों के नेतृत्व में युवाओं से सीधा संवाद किया जाएगा।

भुल्लर ने कहा कि पूर्व में हिमालयी राज्य उत्तराखंड में युवाओं में सेना में भर्ती होने को लेकर तत्पर रहते थे। अब अग्निवीर को लेकर युवाओं के अंदर दर्द साफ दिखाई देता है। अग्निवीर योजना को लाकर के भाजपा की केंद्र सरकार ने प्रदेश ही नहीं देश के करोड़ों नौजवानों को ठगने का काम किया हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर सेना को सशक्त करने का दावा किया जाता है दूसरी तरफ अग्निवीर से सेना, सैनिकों को कमजोर करने की साजिश होती है। उन्होंने बताया कि युवा विरोधी इस योजना को लेकर कल (बुधवार) को नैनीताल रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में दोपहर 12 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजनैतिक सलाहकार गुरदीप सप्पल, एक्स सर्विसमैन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विधायक कर्नल (सेनि) रोहित चौधरी, कम्यूनिकेशन वार रूम हेड वैभव वालिया, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या युवाओं से संवाद करेंगे। साथ ही आगामी आम चुनाव के मद्देनजर घोषणा पत्र में युवाओं की मांगों को समायोजित करने पर मंथन करेंगे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविन्द बिष्ट, हेमंत साहू, भानू कबडवाल, नवीन सांगुडी, बहादुर बिष्ट, ताहिर अली मौजूद रहे।

## मोहन सिंह मेहरा क्षेत्रीय अध्यक्ष व सतीश चंद्र पंत सचिव बने

संवाददाता, लालकुआं


लालकुआं में वन विकास निगम कर्मचारी संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संघ की एक आवश्यक बैठक में चुनाव अधिकारी उमेश चंद्र भट्ट तथा सह चुनाव अधिकारी चन्द्रबल्लभ छिमवाल की देखरेख में सर्वसम्मति से क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मोहन सिंह मेहरा को क्षेत्रीय अध्यक्ष व सतीश चंद्र पंत को सचिव चुना गया।

बैठक में महेंद्र पाल को उपाध्यक्ष, आनंद बल्लभ भट्ट को कोषाध्यक्ष, जगदीश चंद्र जोशी को संयुक्त मंत्री, मदन सिंह बिष्ट को संगठन मंत्री तथा नवीन चन्द्र पौडियाल प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

चुनाव सम्पन्न होने के बाद संघ के संरक्षक बीएस रावत ने निर्वाचित कमेटी को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहन सिंह मेहरा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ हमेशा कर्मचारी हित में समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सदैव तत्पर रहेगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष त्रिलोक सिंह बिष्ट व संचालन गोविंद सिंह मेहरा ने किया। इस अवसर पर दिवाकर शाही, अशोक कुमार गौड़, शेखर जोशी, भुवन जोशी, दीवान सिंह, अंगद प्रसाद शुक्ला, मुरारीलाल शर्मा, चंद्रभान सिंह, पीतांबर दत्त जोशी, प्रीतम सिंह रेक्वाल, गोविंद सिंह कनवाल, प्रेम सिंह मेहरा, भगवान सिंह कार्की आदि मौजूद थे।

## अभिकर्ता श्याम भोज को पितृशोक



**हल्द्वानी:** समाचार पत्र अभिकर्ता श्याम भोज के पिता दीवान सिंह भोज (75 वर्ष) का निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमारियों से जूझ रहे थे। रविवार की देर रात उनका निधन हो गया। वह यहां जगदंबा नगर में सपरिवार रहते थे। सोमवार को उनका रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

उनके पुत्र श्याम भोज ने उन्हें मुखाग्नि दी। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर पुत्र पुत्रवधू श्याम भोज-रोशनी भोज, हरीश भोज, कमल भोज-विद्या भोज, पुत्री दामाद दीपा बोरा-महेंद्र सिंह बोरा, नातिन अंजलि, अक्षिता, कृतिका, प्रख्या शोकाकुल हैं। वहीं, वितरक समाज ने भी शोक व्यक्त किया है।


रामनगर में ग्रामीणों की समस्या सुनते कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव दीपक कुमार।

## योजनाओं का लाभ हर वर्ग को देना प्राथमिकता

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन दीपक कुमार ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया। कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगों को देना प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए ग्रामीण और नगरीय इलाकों में शिविर लगाकर जन जागरूक कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करें।

खंड विकास कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बाघ - गुलदार के आतंक से निजात और विद्युत-पानी आदि के मुद्दे छाए रहे। ग्राम पंचायत बेड़ा झाल, हिम्मतपुर के ग्रामीणों ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत संबधित विभागों ने सड़क और सीसी मार्ग के किनारे पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई की, लेकिन उसके बाद उन लाइनों का भरान नहीं किया, जिस कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर सचिव ने जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों को कार्य पूरा होने पर गड्ढों को पूरी तरह से भरने के निर्देश दिए। कमला नेगी ने बताया कि ग्राम बेड़ाझाल में सोलर लाइट लंबे समय से खराब है और इन इलाकों में बाघ- गुलदार का आतंक है। सचिव ने अधिकारियों को कार्यदायी संस्था से तीन साल के अनुबंध के साथ कार्य और किश्तों के माध्यम से पैसा हस्तांतरित के निर्देश दिए। पूर्व प्रमुख संजय नेगी ने बताया कि रामनगर समेत आसपास के ग्रामीणों इलाकों बाघ-गुलदार का आतंक बना रहता है।

### मेरी योजना के तहत लोगों को मिलेगी बेहतर जानकारी

सचिव दीपक कुमार ने बताया कि uk.Gov.in वेबसाइट में मेरी योजना के तहत लोग व्यक्तिगत योजनाओं की जानकारी भी ले सकते हैं। जिसमें उद्यान, पर्यटन, समाज कल्याण, कृषि समेत अन्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही मेरी योजना की पुस्तक सभी ग्राम पंचायत, ब्लॉक, विकास खंडो में वितरित की जाएगी। इस दौरान जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, उप जिला अधिकारी राहुल शाह, खंड विकास अधिकारी उमा कांत पंत, उद्यान सचल दल प्रभारी एएस परवाल मौजूद रहे।

**हाल** योजना की रिपोर्ट भेजने में स्कूलों ने की लापरवाही, दैनिक के साथ ही मासिक रिपोर्ट भी भेजी जा रही

## पीएम पोषण योजना के बजट पर छाया संकट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** स्कूलों को पीएम पोषण योजना के तहत दैनिक रिपोर्ट टोल फ्री नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजनी होती है। हालांकि स्कूलों की ओर से इस मामले में जमकर लापरवाही की जा रही है। जिससे भविष्य में योजना के लिए आवंटित होने वाले बजट पर भी संकट आ सकता है।

स्कूलों में पीएम पोषण योजना के तहत दिन में गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मिड-डे मील योजना का स्थान अब इस योजना ने लिया है। योजना का उद्देश्य बच्चों को गर्म पके भोजन के माध्यम से पोषण पहुंचाना है। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे भी बढ़ती उम्र के साथ पोषण प्राप्त कर सकें। योजना के तहत प्रत्येक विद्यालय को प्रतिदिन की रिपोर्ट भेजनी होती है। जिसमें बताना होता है कि कितने बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। इसे 15544 टोल फ्री नंबर पर भेजा जाता है। रिपोर्ट सीधे समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक तक पहुंचती है। प्रतिदिन के साथ ही माह में एक बार मासिक रिपोर्ट भेजी जाती है लेकिन सामने आया है कि जिले के सरकारी स्कूलों की ओर से इस रिपोर्ट को भेजने में लापरवाही की जा रही है। रिपोर्ट भेजने का प्रतिशत बहुत ही न्यून पाया गया है। कुछ ही विद्यालय नियमित तौर पर रिपोर्ट को भेज रहे हैं। इस वजह से भविष्य में पीएम पोषण योजना के तहत जिले को जब बजट आवंटित किया जाएगा तो उस बजट पर तक संकट आ सकता है। मामला छोटे स्कूली बच्चों के पोषण योजना से जुड़ा हुआ है।

### नियमित तौर पर भेजें एसएमएस

हल्द्वानी। जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) और प्रभारी सीईओ नागेंद्र वर्त्तवाल ने सभी बीईओ और उप शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि स्कूलों को प्रतिदिन तत्काल शत प्रतिशत एसएमएस करने के लिए आदेश दें।

### नेटवर्क की समस्या होने पर वेब ब्राउजर से करें सूचना फीड

**हल्द्वानी :** पीएम पोषण योजना में दैनिक फीड में स्कूलों की भागीदारी अति न्यून होने पर समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक ने पत्र भेजकर चिंता जताई है। जिसके बाद महकमे में हड़कंप है। इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक शिक्षा) ने साफ आदेश दिया गया है कि यदि किसी क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या है तो विद्यालयों से टेलिफोनिक सूचना प्राप्त कर सीआरसी या विकासखंड स्तर से वेब ब्राउजर के माध्यम से सूचना फीड की जाए।

## सार संक्षेप

### गोलज्यू महाराज के जागर के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम



राजपुरा स्थित संतोषी माता के मंदिर में गोल्ज्यू महाराज की लगी जागर।

**हल्द्वानी :** राजपुरा में सोमवार को गोलज्यू महाराज के आठवें वार्षिकोत्सव की शुरूआत हुई। कार्यक्रम की शुरूआत गोलज्यू महाराज की जागर के साथ शुरू हुई। गोलज्यू महाराज स्थापना समिति राजपुरा ने कार्यक्रम आयोजित कराया। समिति के अध्यक्ष रविंद्र बाली ने कहा कि हमारे संस्कार हमारी धरोहर है। कहा कि हमें समय-समय पर इन रीति-रिवाज और संस्कारों का पालन करना चाहिए। गोलज्यू महाराज के दर्शन करने के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सुमित्रा प्रसाद, कमलेश जोशी, हितेश चंद्र शर्मा, राधेश्याम शर्मा, पवन साहू, शैलेंद्र, रीना बाली, गंगा देवी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने लगाई रात्रि चौपाल



खाना पकाती हुईं पूर्व विधायक मीना गंगोला। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** भाजपा अनुसूचित मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की ओर से सोमवार को सुल्तान नगरी, गौलापार में जिला उपाध्यक्ष जीवन चन्द्र आर्य के आवास पर रात्रि चौपाल लगाई गई। इसमें गंगोलीहाट की पूर्व विधायक मीना गंगोला ने खाना पकाया और कार्यकर्ताओं के साथ रात्रि भोज किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार सभी वर्गों का हित चाहती है। अनुसूचित जाति की प्रगति के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इस दौरान भुवन चन्द्र आर्य, कैलाश राज, गणेश आर्य, आनन्द राम, योगेश आर्य, बसन्त आर्य मौजूद थे।

### बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए कल से लगेगा शिविर

**हल्द्वानी :** छात्रवृत्ति योजनाओं के सत्यापन के लिए अधिकृत अधिकारियों का राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर राज्य व जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों का बायोमेट्रिक किया जाना था। इसके लिए समाज कल्याण ने हल्द्वानी, रामनगर व भीमताल में शिविर भी लगाए गए लेकिन कई बार शिविर लगाने के बाद भी जिले के 8 विकासखंडों में शैक्षणिक संस्थान बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण से वंचित हैं, जिनमें बेतालघाट, भीमताल, धारी, हल्द्वानी, कोटाबाग, ओखलकांडा, रामगढ़ व रामनगर शामिल हैं। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए बताया कि एससी/ एसटी/पिछड़ी जाति/ दिव्यांग और ईबीसी वर्ग की छात्रवृत्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिये एक बार फिर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर बुधवार व गुरुवार को समाज कल्याण भीमताल कार्यालय में लगाया जाएगा।

### डिग्री कॉलेज छात्रावास की दशा तो सुधारिए गुरुजी



रामनगर में प्राचार्य को ज्ञापन देते छात्र नेता। ● अमृत विचार

**रामनगर।** एनएसयूआई रामनगर की ओर से सचिव छात्रसंघ चेतन पंत के नेतृत्व में छात्रों ने छात्रावास की बदहाल स्थिति को सुधारने की मांग की है। छात्र नेताओं ने प्राचार्य एमसी पांडे को महाविद्यालय रामनगर के छात्रावास भवन के नवीनीकरण और छात्रावास भवन में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए ज्ञापन दिया। छात्रसंघ सचिव चेतन पन्त ने कहा महाविद्यालय रामनगर में छात्रावास भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है और छात्रावास में छात्रों को उपलब्ध सुविधाओं की हालत दयनीय हो चुकी है। सचिव छात्रसंघ चेतन पन्त ने प्राचार्य से कहा महाविद्यालय रामनगर के छात्रावास का निरीक्षण कर छात्रावास भवन का नवीनीकरण कराया जाए और छात्रावास में छात्रों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान विजय दानी, दीपक राणा, प्रियांशु रावत, नीरज मेहरा, हर्षित जलाल, नीरज कण्डारी मौजूद रहे।

### जीआरपी ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



डॉग स्क्वायड के साथ रेलवे स्टेशन में चेकिंग अभियान चलाती जीआरपी पुलिस।

**रामनगर :** संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के मकसद से जीआरपी चौकी रामनगर द्वारा पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे हरिद्वार तथा थाना अध्यक्ष जीआरपी काठगोदाम के निर्देशन में रेलवे स्टेशन में सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने के साथ-साथ उनकी आईडी भी चेक की गई। चौकी प्रभारी एसआई गीता गोला तथा कांस्टेबल मोहम्मद यासीन व गोविंद सिंह आरपीएफ ने बताया कि अभियान के तहत डॉग स्क्वायड टीम के द्वारा रेलवे स्टेशन टिकट घर पार्सल ऑफिस तथा ट्रेनों के अंदर आदि क्षेत्रों में चेकिंग की गई।

### खाटूश्याम के लिए हरी झंडी दिखाकर किया बस को रवाना



खाटूश्याम जाने वाली बस को हरी झंडी दिखातीं आरएम पूजा जोशी। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** काठगोदाम डिपो की बस को सोमवार को खाटूश्याम के लिये रवाना किया गया। मंडलीय प्रबंधक पूजा जोशी ने अपराह्न 1 बजे बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस प्रतिदिन अपराह्न 1 बजे हल्द्वानी बस स्टेशन से चलेगी। बस 653 किलोमीटर की दूरी तय करेगी जिसका किराया 810 रुपये तय किया गया है। रुद्रपुर-किच्छा-बरेली-मथुरा-भरतपुर-जयपुर होते हुए बस खाटूश्याम पहुंचेगी। अगले दिन बस अपराह्न 3 बजे खाटूश्याम से हल्द्वानी को लौटेगी। नई बस संचालित होने पर कुमाऊं के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। लोगों को मथुरा-मेहंदीपुर बालाजी, खाटूश्याम के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर काठगोदाम डिपो के एआरएम आलोक बनवाल, हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट, एआरएम कार्मिक मनोज दुर्गापाल, महेंद्र कुमार, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी डीएन जोशी, आन सिंह जीना, नवनीत कपिल, रुकमान सिंह बिष्ट सहित अन्य कर्मचारी और खाटूश्याम समिति हल्द्वानी के सदस्य मौजूद रहे।

# मायके विदा हुई बेटी की अर्थी, ससुराल पहुंचा बहू का शव

## रविवार रात को यूओयू के पास ट्रक ने कुचल दिया था स्कूटी सवार ननद-भाभी को, एक एंबुलेंस में नीलियम कालोनी पहुंचे दोनों के शव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नीलियम कालोनी में सोमवार को सन्नाटा पसरा था, लेकिन कालोनी लोगों से भरी पड़ी थी। यहां एक घर के बाहर बड़ी संख्या में लोग जमा थे। अजीब सी बेसब्री से भरा सन्नाटा दोपहर करीब एक बजे एंबुलेंस के सायरन के शोर से टूटा तो चीख पुकार मच गई। इस एंबुलेंस में नरेन्द्र सिंह नौलिया की शादीशुदा बेटी और बहू के शव थे। एक ही एंबुलेंस में दोनों शवों को देख लोगों का कलेजा फटने को आ गया। क्या ससुर और क्या बूढ़ी सास, बीवी खोकर जवान बेटा भी बदहवास थी, जिसकी हाल में शादी हुई थी।

नीलियम कोलनी निवासी नरेंद्र सिंह नौलिया यहां अपनी पत्नी, बेटे पंकज और बहू कविता के साथ रहते थे। पंकज और कविता की शादी नरेंद्र ने पिछले साल 26 नवंबर यानी डेढ़ माह पहले की थी। जबकि बेटी सविता की शादी उन्हें बीते वर्ष 6 अप्रैल (10 माह पहले) को देवीधुरा चम्पावत में की थी। सविता अपने पति के साथ मायके से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर नीलांचल कालोनी में रहती थी। कभी एचएमटी कालोनी में एक साथ रहने और एचएमटी में साथ काम करने वाले नरेंद्र सिंह नौलिया के मित्र धन सिंह निवासी तीनपानी के बेटे की 4 फरवरी (रविवार) को शादी थी। रविवार की रात नरेंद्र अपने बेटे पंकज के साथ एक बाइक पर, जबकि बहू कविता और बेटी सविता स्कूटी से समारोह के लिए तीनपानी निकल पड़े। स्कूटी बहू चला रही थी।

स्कूटी पर सवार बहू और बेटी आगे-आगे और पीछे-पीछे बेटा बाइक पर अपने पिता को लेकर चल रहा था। तभी काल बनकर आए ट्रक ने बहू और बेटी को रौंद दिया। बेटे के सामने उसकी पत्नी और पिता के सामने बेटी रक्तरंजित मृत पड़ी थीं। दोनों को एंबुलेंस से एसटीएच ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव एक ही एंबुलेंस से नीलियम कालोनी पहुंचे। जहां से बहू कविता के शव को अंतिम संस्कार के लिए चित्रशिला घाट ले जाया गया। जहां चचिया ससुर ने दाह संस्कार किया।

**ट्रक को ओवरटेक करते वक्त हुआ हादसा:** एसपी सिटी हरबंस सिंह के मुताबिक यूओयू के पास घटना ट्रक को ओवरटेक करते वक्त हुई। संभवतः सामने से एक और वाहन आ गया, जिसकी वजह से हादसा हुआ। ससुर नरेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक संख्या यूपी 25 जी 9074 के चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। नरेंद्र का कहना है कि हादसा चालक ने ट्रक तेजी व लापरवाही से चलाया और स्कूटी में टक्कर मारते हुए अगले टायर से बेटी, बहू को कुचल दिया।



नीलियम कॉलोनी में पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाने पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार





शव के समक्ष रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार



शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार

### एंबुलेंस से नही उतारी बेटी की लाश, फूट कर रोई मां

**हल्द्वानी :** नरेंद्र ने बेटी सविता की शादी देवीधुरा के पास स्थित एक गांव में की थी। सविता के पति सिडकुल में काम करते थे। सोमवार को जब बहू और बेटी के शव नीलियम कालोनी पहुंचे तो सविता के शव को एंबुलेंस से नहीं उतारा गया। मां और परिवार के अन्य लोगों को एंबुलेंस में ही सविता का चेहरा दिखाया गया, जिसके बाद सविता का पति सविता के शव को उसी एंबुलेंस लेकर देवीधुरा रवाना हो गया। सविता का अंतिम संस्कार वहीं किया गया।

### सुना तो बेटे की शादी छोड़कर पहुंचा जिगरी दोस्त

हल्द्वानी : बताया जाता है कि कभी एक ही कालोनी और एक ही कंपनी में काम करने वाले नरेंद्र और धन सिंह जिगरी दोस्त थे। नरेंद्र ने नीलियम कालोनी में अपना घर बनाया और धन सिंह ने तीनपानी में, लेकिन संबंधों में कमी नहीं आई। रविवार को बेटे की बरात विदा होनी थी, तभी सविता और कविता के हादसे की खबर मिली। धन सिंह अपने बेटे की शादी और मेहमानदारी छोड़ कर अस्पताल पहुंच गए और देर रात नरेंद्र को ढांढस बंधाते रहे।



पत्नी के शव पर चूड़ियां चढ़ाता पति, साथ में उसकी मां। ● अमृत विचार

# हल्द्वानी की टीम ने चमोली की टीम को 3-2 से हराया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** खेल निदेशालय, फुटबॉल संघ उत्तराखंड के समन्वय व जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी ने राज्य स्तरीय फुटबॉल ओपन बालक प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम गौलापार में किया गया, जिसमें लगभग 14 टीम प्रतिभाग कर रही हैं। पहला लीग मैच पौड़ी व उधम सिंह नगर के बीच हुआ, जिसमें पौडी ने मैच 2-0 से जीत लिया।

दूसरा मैच चमोली व हल्द्वानी स्टेडियम छात्रावास के बीच खेला गया, जिसमें छात्रावास की टीम 3-2 से विजय रही। तीसरा मैच रुद्रप्रयाग व बागेश्वर के बीच हुआ। चौथा व अंतिम मैच अल्मोड़ा व चंपावत के बीच खेला गया, जिसमें चंपावत 2-1 से विजय रहा।

मैचों में निर्णायक दिनेश कुमार, आनंद देव, तनवीर अंसारी, गोपाल नेगी, लवकुश कुमार, दीपक कठेथ आदि रहे। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि ट्रेजरी अधिकारी हल्द्वानी हेमचंद कांडपाल, विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय धावक सुरेश पांडे, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा के खेलकूद प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक, सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी व उत्तराखंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अतर अली रहे। समारोह की अध्यक्षता जिला कीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने की। इस दौरान वरुण बेलवाल उप कीड़ा अधिकारी, आयोजक सचिव किशोर पाल, जीवन सिंह बिष्ट, महेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।



गौलापार स्टेडियम में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट में भिड़ते खिलाड़ी।

# फूड प्रोसेसिंग पर पांच दिवसीय दिया गया प्रशिक्षण

**भीमताल :** मत्स्य विभाग नैनीताल और भूमि संस्था हल्द्वानी के सहयोग से होटल एप्पल इन मेहरागांव भीमताल में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल श्री अशोक कुमार पांडे द्वारा किया गया, उन्होंने मत्स्य पालकों की समस्यायों को सुना एवं मत्स्य पालन को पर्यटन की संभावनाओं के साथ जोड़ने को प्रेरित किया। जनपद मत्स्य प्रभारी डॉ. विशाल दत्ता, डॉ. बिपिन विश्वकर्मा एवं भूमि संस्था की अध्यक्ष भावना पांडे द्वारा सम्पन्न कराया गया।

प्रशिक्षण में ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक उमा नेगी ने एवं मत्स्य निरीक्षक मोहन सिंह किरोला ने मत्स्य पालकों को विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में शीतजल मात्स्यिकी निदेशालय अनुसंधान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नित्यानंद पांडे, डॉ. रविन्द्र पटियाल एवं डॉ. सुरेश चंद्रा ने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में मत्स्य निरीक्षक दीपा बुदलाकोटी, दीपा डोरवी एवम् विभाग के फिशरमैन मुकेश गिरी, इंद्रलाल, नंदलाल, गोविंद ग्वाल, मनमोहन सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# गौलापार में ठेकेदार की करतूत पेड़ पर बांधा बिजली का तार

**लापरवाही**

▶▶ **एक सप्ताह से पेड़ पर बंधे तार पर नहीं पड़ी अधिकारियों की नजर**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गौलापार में ठेकेदार ने बिजली का तार पेड़ पर बांध दिया। आश्चर्य यह कि करीब एक सप्ताह से पेड़ पर बंधे इस तार पर अधिकारियों की भी नजर नहीं पड़ी। इधर, अमृत विचार द्वारा मामला उठाने पर विभागों के अधिकारी इसे अपना काम बताने से इनकार कर रहे हैं।

इन दिनों गौलापार खेड़ा रोड पर बिजली पोलों के शिफ्टिंग का काम चल रहा है लेकिन यहां काम कर रहे ठेकेदार ने बिजली के तार को पेड़ पर बांध दिया। आश्चर्यजनक बात यह कि करीब एक सप्ताह से पेड़ पर बंधे इस तार पर अधिकारियों की भी नजर नहीं पड़ी, जबकि अधिकारियों पर प्रतिदिन ठेकेदार के कार्यशैली पर नजर रखने की जिम्मेदारी होती है।

इस संबंध में जब अमृत विचार ने विद्युत विभाग के ईई प्रदीप कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि यह कार्य हमारा विभाग नहीं कर रहा है, हो सकता है कि यह कार्य एनएच करा रहा हो।



गौलापार खेड़ा में पेड़ में बंधा हुआ बिजली का तार। ● अमृत विचार

जब एनएच के ईई मदन थापा से बात की तो उन्होंने भी कह दिया कि यह कार्य हमारा नहीं है, हो सकता है कि एनएचएआई यह कार्य करा रहा हो। जब ठेकेदार सलमान से बात की गई तो उसने बताया कि उसकी फर्म को यूपीसीएल से काम मिला है व फर्म तीन पानी से काठगोदाम पुल तक बिजली के पोलों को शिफ्टिंग का कार्य कर रही है। उसका कहना है कि कुछ दिन पहले एक ट्रक वाला तार तोड़ गया था लेकिन लोगों को बिजली की दिक्कत न हो, इसलिए मेरे मजदूर ने इसे पेड़ पर बांध दिया। उसने कहा कि वह मंगलवार सुबह इसे हटा देगा। बहरहाल, हादसे का सबक बने इस तार से फिलहाल कोई हानि नहीं हुई है लेकिन अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैए से लोग खासे नाराज हैं।

### पानी-बिजली को लेकर लोग परेशान

**हल्द्वानी :** शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी सोमवार को बिजली-पानी की आपूर्ति बाधित रही। बारिश में भी लोगों ने परेशानी झेली। शहर के कई हिस्सों में बिजली के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। इसके साथ ही गौलापार व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों को परेशान किया। यूपीसीएल ग्रामीण के ईई डीडी पांगती ने बताया कि छिटपुट कटौती को छोड़कर कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई। वहीं, दूसरी तरफ घूनी नं. एक, कॉलटैक्स के साथ ही गौलापार के देवला मल्ला का ट्यूबवेल अभी तक ठीक नहीं हो पाया है। घूनी नं. एक व कॉलटैक्स का ट्यूबवेल एक सप्ताह से अधिक होने के बाद भी ठीक नहीं हुआ है जबकि देवला मल्ला का ट्यूबवेल भी पिछले चार दिनों से खराब है।

**गड़बड़ी** वाहन स्वामियों के साथ-साथ सरकार को चूना लगा रहे कुछ थोक कारोबारी, ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहा नकली इंजन ऑयल बेचने का धंधा

# असली बोतल में नकली तेल, जीएसटी चोरी का खेल

**फॉलोअप**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ट्रांसपोर्ट नगर में असली की आड़ में नकली इंजन ऑयल बेचने का धंधा बेखौफ जारी है। इस धंधे में लिप्त थोक कारोबारी जहां वाहन स्वामियों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं जीएसटी की चोरी कर सरकार को भी चूना लगा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर में इंजन ऑयल बेचने वाले कुछ थोक कारोबारी लंबे समय से 'लाल' तेल का 'काला' कारोबार कर रहे हैं। इनके पास रोजाना दिल्ली, रामपुर और रुद्रपुर से बड़ी मात्रा में नकली इंजन ऑयल पहुंचता है। जिसे यह डिमांड के अनुसार पूरे हल्द्वानी शहर और पहाड़ तक सप्लाई करते हैं। बताया जाता है कि अलग-अलग ट्रांसपोर्ट के जरिये आने वाला नकली इंजन ऑयल बिना बिल आता है।

इसमें न ही कोई जीएसटी का भुगतान होता है। हैरानी की बात है कि लाखों रुपये का नकली इंजन ऑयल बिना रोक टोक के आसानी से कारोबारियों तक पहुंच जाता है। इसे बेचने वाले थोक कारोबारी जहां इससे अच्छा मुनाफा कमाते हैं। वहीं इसे लाने वाले ट्रांसपोर्टरों को भी काफी फायदा होता है।

**सिर्फ 30 फीसदी असली बाकी सब नकली:** वाहनों में डलने वाले इंजन ऑयल की 30 फीसदी की असली खपत है। जबकि 70 फीसदी नकली इंजन ऑयल बिकता है।

सूत्रों के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर और अन्य दुकानों में इंजन ऑयल के रूप में सबसे ज्यादा नकली की बिक्री होती है। क्योंकि इसके दाम असली के मुकाबते थोड़े कम होते हैं। ग्राहक सस्ते के चक्कर में नकली इंजन ऑयल डलवा बैठते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें बाद में भुगतना पड़ता है।




### राज्य कर विभाग की भूमिका भी संदिग्ध

सूत्रों के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर में जिन ट्रकों से नकली इंजन ऑयल हल्द्वानी पहुंचता है, उनकी रास्ते में कहीं चेकिंग नहीं होती है। जबकि अन्य सामान की कई बार चेकिंग होती है। इस खेल में राज्य कर विभाग की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। चर्चा है कि राज्य कर विभाग के कुछ कर्मियों और ट्रांसपोर्टरों के बीच गहरी सांठगांठ है। जिसके बल पर असली की आड़ में नकली इंजन ऑयल का कारोबार करने वालों का धंधा फलफूल रहा है।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

## एक नजर

### पूर्व बीडीसी सदस्य सिंगारा सिंह का निधन

**दिनेशपुर।** पूर्व बीडीसी सदस्य सिंगारा सिंह (70) निवासी बुक्सौरा का निधन हो गया है।



सिंगारा सिंह।

उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार की सायं नगर के शमशान घाट पर उनकी अंत्येष्टि की गयी। बता दें कि सिंगारा सिंह शनिवार रात्रि गदरपुर से विवाह समारोह से घर लौट रहे थे। रामबाग गांव के निकट अज्ञात डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उनके मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन-फानन में उन्हें रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। हालत बिगड़ती देख चिकित्सकों ने उन्हें राममूर्ति हॉस्पिटल भोजीपुरा (बरेली) रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया।

## वर्ष 2017 में छाबड़ा ने कोषाध्यक्ष पद से दे दिया इस्तीफा, नव निर्वाचित कोषाध्यक्ष दूरी कम करने में निभा सकते हैं अहम भूमिका

# जुनेजा-छाबड़ा के बीच की दूरियां, क्या बन पाएगी नजदीकियां

**व्यापार मंडल**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 11 साल बाद रुद्रपुर व्यापार मंडल का चुनाव होने के बाद क्या निर्विरोध अध्यक्ष जुनेजा और निर्वाचित महामंत्री छाबड़ा के बीच की दूरियां कम हो पाएंगी। यह सवाल हर व्यापारी के जहन में उठ रहा है। इसका कारण पांच साल पहले छाबड़ा ने कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर जुनेजा से दूरियां बढ़ा ली थी। अब देखना यह है कि क्या चुनाव जीतने के बाद छाबड़ा और जुनेजा की दूरियां नजदीकी में बदल पाएगी। हालांकि दोनों ही व्यापारी नेता व्यापारियों के हितों में साथ मिलकर कार्य करने का दम भर रहे हैं।

बताते चलें कि वर्ष 2012 में हुए प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के रुद्रपुर चुनाव में संजय जुनेजा अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद पर मनोज छाबड़ा विजयी घोषित हुए थे। वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2016 तक दोनों की जोड़ी शहर में जिगरी दोस्त के नाम से जानी जाती थी। मगर अचानक वर्ष 2017 में आपसी मतभेद होने के कारण यही दोस्ताना मनभेद में बदल गई और तत्कालीन कोषाध्यक्ष मनोज छाबड़ा ने अपने पद से इस्तीफा देकर जुनेजा से दूरियां बना ली थी। 11 साल बाद यानी 4 फरवरी 2024 को हुए व्यापार चुनाव में एक बार फिर जहां जुनेजा निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं मनोज छाबड़ा ने भारी मतों से विजयी होकर महामंत्री की कुर्सी पर विराजमान हो गए।

निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद शहर में चर्चा है कि क्या जुनेजा और छाबड़ा की दूरियां कभी नजदीकियों में बदलेगी। यह दूरियां घटने की बजाय बढ़ती है तो शहर का विकास और समस्याओं का समाधान कैसे होगा। जिसको लेकर मतदाताओं ने दबी जुबान में सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। मगर जब दोनों ही नेताओं से बात कि तो उन्होंने किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं होने और मिलकर कार्य करने का ऐलान किया। अब बात करते हैं कोषाध्यक्ष संदीप राव की। संदीप ने पहली बार व्यापार मंडल के चुनावी मैदान में कदम रखा है और संदीप पर किसी भी नेता का संरक्षण नहीं होने की बात भी सामने आई है। ऐसे में निर्वाचित कोषाध्यक्ष दोनों नेताओं के बीच की दूरियां को कम करने में अहम भूमिका निभा सकते है। जिसकी चर्चा शहर में जोरों पर है।



"आपसी मतभेद या मतभेद की कोई बात नहीं है। छाबड़ा निजी कारणों से दूर हुए थे और रुद्रपुर व्यापार मंडल चुनाव के दौरान कई बार मुलाकात भी हुई। चुनाव लड़ना सभी का अधिकार है और आपसी मनमुटाव के कारण व्यापारियों की भावनाओं से कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राव को साथ लेकर व्यापारियों की भावनाओं को सम्मान दिया जाएगा।

– **संजय जुनेजा**, निर्विरोध अध्यक्ष



"वर्ष 2017 में उनकी संजय जुनेजा से कुछ दूरियां बढ़ गई थी। मगर कुछ समय बाद आपसी मतभेद दूर हो गए थे। चुनाव जीतने के बाद प्रयास रहेगा कि अध्यक्ष जुनेजा व कोषाध्यक्ष संदीप के साथ मिलकर एक योजना तैयार की जाएगी। जिसमें शहर में कई ऐसी मूलभूत समस्या है। जिनका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए मतदाताओं से सुझाव लेकर योजना तैयार की जाएगी।

– **मनोज छाबड़ा**, महामंत्री



"निर्विरोध अध्यक्ष जुनेजा और महामंत्री छाबड़ा दोनों ही व्यापारी नेता पुराने और स्थानीय स्तर पर रहने वाले हैं। अनुभव व व्यापारियों की समस्याओं का बोध दोनों ही नेताओं को बेहतर है। उनका प्रयास रहेगा कि अध्यक्ष और महामंत्री के मध्य सामंजस्य बनाकर कार्यकारिणी की सशक्त टीम बनाई जाएगी। इसके अलावा व्यापारियों को संगठित कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

– **संदीप राव**, कोषाध्यक्ष

### नई कार्यकारिणी के सामने हैं कई चुनौतियां

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के बाद पदाधिकारियों के सामने कई चुनौतियां रहेगी। मतदाताओं का कहना था कि चूंकि निर्विरोध अध्यक्ष जुनेजा का लंबा कार्यकाल है और महामंत्री छाबड़ा भी काफी पुराने व सक्रिय व्यापारी रहे हैं। ऐसे में उजाड़े गए व्यापारियों को पुर्न स्थापित करने, शहर में पार्किंग व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने के दौरान अधूरा पड़ा फुटपाथ, मुख्य बाजार के कई स्थानों पर शौचालयों का निर्माण, बार-बार कार्रवाई के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न सहित कई मुद्दे हैं। जिनका समाधान करना निर्वाचित पदाधिकारियों के सामने चुनौती के समान है।

# यूसीसी बिल के चलते अलर्ट मोड पर रही पुलिस

## पुलिस मुख्यालय से आई गाइड लाइन के बाद एसएसपी के निर्देश पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस बल

**सतर्कता**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को मंजूरी दिए जाने और उसे सोमवार को विधानसभा सत्र में रखे जाने को लेकर जिले में पुलिस विभाग सक्रिय रहा। पुलिस मुख्यालय से आई गाइड लाइन के बाद एसएसपी के आदेश पर शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं एलआईयू ने भी अपना सूचना तंत्र सक्रिय कर दिया, ताकि शरारती तत्वों पर नकेल कसा जा सके।

बताते चलें कि प्रदेश की धामी सरकार की कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता कानून को मंजूरी दे दी गई थी। सोमवार को विधानसभा सत्र में रखा जाना था। इसको लेकर पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के सभी जिलों को अलर्ट रहने का आदेश दिया था। जिसमें सीमावर्ती ऊधमसिंह नगर को विशेष तौर पर निर्देशित किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने रविवार की शाम को ही जिले की पुलिस को सक्रिय रहने का आदेश दिया और शहर के चौराहों पर पुलिस की तैनाती का आदेश जारी कर दिया।

एसएसपी के आदेश के बाद सोमवार की सुबह होते ही शहर के मुख्य चौराहा इंदिरा चौक, डीडी चौक, काशीपुर हाईवे सहित मुख्य मार्ग पर पुलिस की आवाजाही देखने को मिली। वहीं वार्डों में भी सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया। इसके अलावा एलआईयू ने भी सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए शरारती तत्वों पर निगाह रखनी शुरू कर दी। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि यूसीसी बिल के पारित होने की सूचना पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई थी और एहतियात के तौर पर जिले को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इसी के मद्देनजर ने बिल पारित होने तक पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। किसी ने व्यक्ति या समुदाय ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



रुद्रपुर शहर के डीडी चौक पर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार



खटीमा नगर में फ्लैग मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

### यूपी के बॉर्डरों पर भी तैनात रहा पुलिस बल

**काशीपुर।** उत्तराखंड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता पारित होने के कारण शहर भर में पुलिस एहतियातन पुलिस बल लगाया है। वही पुलिस ने अपने खुफिया विभाग को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर यूसीसी बिल के दृष्टिगत पुलिस बल तैनात रहा। वहीं बाजारों व वार्डो में भी पुलिस की गश्त देखी गई। इसके अलावा यूपी बॉर्डरों पर भी पुलिस बल लगाया गया है। वही पुलिस शरारती तत्वों व संदिग्धों पर नजर बनाए है। जिससे किसी प्रकार की कानून व्यवस्था न बिगड़े। सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि यूसीसी बिल के पारित होने की सूचना पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शहर के प्रमुख स्थानों व यूपी बार्डर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही शरारती तत्वों व संदिग्धों पर पुलिस नजर बनाए हुए है। माहौल खराब करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी और उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाएगी।

### खटीमा में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया

**खटीमा।** कोतवाली पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समय-समय पर नगर छेत्र में फ्लैग मार्च निकाला जाता है। इसी क्रम में पुलिस ने सोमवार को नगर के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। वरिष्ठ उपनिरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कोतवाली से फ्लैग मार्च की शुरुआत करते हुए नगर के विभिन्न मार्गो पीलीभीत रोड, मेलाघाट रोड, इस्लाम नगर, गोटिया, उमरुखुर्द, कंजाबाग रोड, सितारगंज मार्ग से होते हुए कोतवाली तक फ्लैग मार्च किया। एसएसआई कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रित करने को लेकर समय समय पर फ्लैग मार्च निकाला जाता है। इस अवसर पर बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल, प्रियांशु जोशी, रूबी मौर्य, चंचल सिंह, तपेंद्र जोशी, ललित बिष्ट, नासिर, राजेंद्र गिरी, ललित जोशी आदि थे।

## वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर ठग लिए 3.48 लाख रुपये

**बाजपुर।** वर्क फ्रॉम होम पार्ट टाइम जॉब के मैसेज के जरिये जालसाजों के झांसे में आए बेरोजगार युवक 3.48 लाख रुपये गंवा बैठा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगरपालिका के वार्ड नंबर-सात मोहल्ला संजय कालोनी निवासी गोविंद सिंह पुत्र लाल सिंह ने पुलिस को बताया कि वह प्राइवेट इंश्योरेंस का काम करता है। उसके व्हाट्एप पर अनजान व्यक्ति ने मैसेज किया जिसमें वर्क फ्रॉम होम पार्ट टाइम जॉब में 1500 से 2500 के बीच रुपये कमाने की स्कीम बताई गई। चूंकि वह बेरोजगार था जिसके चलते बताए गए टेलीग्राम चैनल को ज्वाइन कर लिया और झांसे में आकर 21 नवंबर 2023 को 1,18,000 रुपये जालसाज के खाते में डाल दिए। फिर इन लोगों ने मुझे पैसे वापस करने के झांसे में लेकर 12000, 68000, 50000, 100000 रुपये अलग-अलग खातों में डलवाए गए।

कुल मिलाकर 3,48,000 रुपये की धोखाधड़ी उसके साथ की गई है। गोविंद ने इन लोगों के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# घायल की हालत बिगड़ी रेबीज़ होने की आशंका

संवाददाता, खटीमा

**गुलदार का हमला**

**▶▶ गुलदार द्वारा घर में घुसकर तीन लोगों को घायल करने का मामला**

**अमृत विचार:** गोसीकुआं भुड़ाई गांव में एक शादी समारोह के दौरान रात्रि में गुलदार द्वारा घर में सोते हुए तीन लोगों को घायल करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। घटना के तीन हफ्ते बाद घायलों में से एक की हालत बिगड़ने पर उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने रेबीज़ की आशंका को देखते हुए उसे अन्यत्र रेफर कर दिया है।

बता दें कि घोसीकुआं भुड़ाई गांव में 13 जनवरी की रात को गुलदार ने घर में घुसकर सो रहे तीन लोगों भुड़ाई निवासी दिनेश सिंह राणा, भड़ा भुड़िया निवासी अनुराग और बिसौटा नौगवांनाथ निवासी रजनीश सिंह राणा को घायल कर दिया था। जिन्हें 14 जनवरी की सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों और ग्रामीणों ने बताया कि गुलदार ने हमला कर तीनों को घायल कर दिया है। जिस पर वन विभाग ने तीनों घायलों को पांच-पांच हजार की तात्कालिक सहायता मुहैया कराई। इधर रविवार दोपहर भुड़ाई निवासी दिनेश सिंह राणा को गंभीरावस्था में नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां आपातकालीन सेवा में तैनात डॉ. केसी पंत ने उसे प्राथमिक उपचार देते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

इस बाबत पूछने पर डॉ. केसी पंत ने बताया कि मरीज के मुंह से लार गिर रहा है और उसकी हरकतों से प्रथम दृष्टया रेबीज के लक्षण प्रतीत हो रहे हैं। अस्पताल की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुषमा नेगी ने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है। तराई पूर्वी वन विभाग हल्द्वानी के खटीमा प्रभाग की उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने कहा कि उनके संज्ञान में यह मामला आया है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को देखने के लिए टीम भेजेंगी। उन्होंने कहा कि इस मामले की चिकित्सकीय जांच की जाएगी कि मरीज में रेबीज़ के लक्षण हैं अथवा कुछ और वजह है। इधर ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने सोमवार को एक पत्र दिया है। रेंजर एमसी जोशी ने बताया कि ग्राम प्रधान ने पत्र में बताया है कि दिनेश सिंह राणा की हालत बेहद गंभीर है। उसे अस्पतालों में भर्ती नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मरीज के उपचार के लिए धनराशि देने की मांग की है।

## डिप्लोमा इंजीनियर आज देहरादून को रवाना होंगे

**रुद्रपुर।** पदोन्नति समेत नौ सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के पदाधिकारियों आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। पदाधिकारियों ने पांच फरवरी तक मांग पूरी नहीं होने पर 6 फरवरी से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग देहरादून के कार्यालय में जनपदवार धरना देने का निर्णय लिया था। इसी के तहत रुद्रपुर के पदाधिकारी 7 फरवरी को देहरादून में धरना देंगे।

सोमवार को उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के शाखा अध्यक्ष हरीश बसेड़ा ने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियर पिछले कई समय से सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर पदोन्नति, कनिष्ठ अभियंताओं के स्थायीकरण समेत अपर सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति, सहायक अभियंता पद पर डीपीसी देने समेत कई मांग उठा रहे हैं। लेकिन उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर पिछले कुछ दिनों से डिप्लोमा इंजीनियर कार्य का बहिष्कार कर रहे हैं। सभी पदाधिकारियों ने 5 फरवरी तक लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय न होने पर 6 फरवरी से लोनिवि के प्रमुख अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन देने का ऐलान किया था। इसको लेकर संघ के रुद्रपुर शाखा के पदाधिकारी मंगलवार को देहरादून रवाना होंगे।

# झपट्टामार गिरोह के तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने झपट्टामार गिरोह के गैंग लीडर सहित 3 लोगों को गिरफ्तार कर मोबाइल छीनने की घटनाओं का पर्दाफाश किया। साथ ही छपट्टामारों द्वारा छीने 1.20 लाख रुपए के तीन मोबाइल फोन बरामद किए।

कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जनवरी को सचिन तोमर मोबाइल फोन पर बात करते हुए पैदल जा रहा था। तभी जसपुर-अफजलगढ़ स्थित गर्ग नर्सिंग होम के पास मोटरसाइकिल पर बैठे शातिर ने झपट्टा मारकर सचिन तोमर का फोन छीन लिया और फरार हो गया। 27 जनवरी को शैफाली मोबाइल फोन पर बात करते हुए जा रही थी। अचानक कलियावाला मोड के पास बाइक पर बैठे बदमाश उसका फोन झपट कर फरार हो गया। उक्त लोगों ने घटनाओं के सम्बन्ध में कोतवाली में तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी वन्दना वर्मा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में 4 टीमों का गठन किया गया।

टीमों द्वारा गहनता से घटनास्थलों के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। प्रकाश में आये लोगों से गहन पूछताछ की गई। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर मण्डुवाखेड़ा के पास भगवंतपुर रोड से झपट्टामार गिरोह के लीडर आवास विकास कालोनी, जसपुर निवासी काशान पुत्र हसीब तथा उसके 2 साथियों मोहल्ला छिपियान निवासी उस्मान पुत्र शाहिद व मोहल्ला छीपीयान निवासी फैसल पुत्र हनीफ को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से झपट्टा मारकर छीने गये 3 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

कोतवाल ने बताया कि गैंग लीडर काशान शातिर किस्म का अपराधी है। जो पूर्व में मोबाइल चोरी में थाना ठाकुरद्वारा से जेल भी जा चुका है। वह और उसके साथी मोटरसाइकिलों से घूमकर जसपुर क्षेत्र में राह चलते व्यक्तियों से झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लेते थे। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, एसएसआई ओमप्रकाश, एसआई कौशल भाकुनी, एसआई जावेद मलिक, एसआई धीरज टम्टा, एसआई ललित सिंह, एसआई हरीश आर्य, कांस्टेबल अनुज वर्मा, जमशेद अली, राजकुमार, नवीन प्रकाश, बच्ची सिंह व राजकुमार शामिल रहे।



पुलिस की गिरफ्त में झपट्टामार गिरोह के सदस्य। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# योग से स्वस्थ रहता है शरीर और मस्तिष्क

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** नगर के उत्तरांचल कॉलोनी में नारायणी आयुर्वेद एंड योगा सेंटर का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर तमाम गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत कर योगा सेंटर के संचालक दीपक देव को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

योगा सेंटर का उद्घाटन पतंजलि महिला समिति की जिला प्रभारी श्रीमती हंसी बिष्ट एवं जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती दया डसीला ने विधिवत फीता काटकर किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्री दया डसीला ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से योग गुरु बाबा रामदेव द्वारा देश के साथ-साथ विदेशी धरती पर भी योग को घर-घर पहुंचने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अनिवार्य रूप से नियम बनाकर योग अभ्यास करना चाहिए तथा प्रतिदिन योग करने से मनुष्य का मस्तिष्क एवं शरीर स्वस्थ रहता है। योगा सेंटर के संचालक दीपक देव ने बताया कि मैग्नेटिक एनालाइजर मशीन, मसाज मशीन, फिजियोथैरेपी, ब्लड सर्कुलेशन मशीन के माध्यम से योग केंद्र में तमाम बीमारियों का उपचार किया जाएगा तथा योगाभ्यास भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग करने से मन मस्तिष्क को शांति मिलती है तथा मस्तिष्क ताकतवर होने से आत्मा भी शुद्ध होती है। मौके पर जसवीर सिंह यादव, शोभा गोयल, कुसुम नारंग, देवेंद्र सिंह चौहान, श्रीमती पुष्पा रावत रहे।



किच्छा में योगा सेंटर के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अतिथि। ● अमृत विचार

# काशीपुर से नवनीत सिंह और रुद्रपुर से इंदर विजयी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** उधमसिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की प्रबंध कमेटी सदस्य की काशीपुर सीट पर नवनीत सिंह और रुद्रपुर सीट से इंदर सिंह ने जीत हासिल की। जबकि अन्य सात प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

दुग्ध डेयरी में चल रही चुनाव प्रक्रिया में सोमवार को काशीपुर और रुद्रपुर सीट के लिए मतदान हुआ। जिसमें काशीपुर सीट से नवनीत सिंह (12) ने हरपाल सिंह (7) को पांच मतों से हराकर जीत हासिल की जबकि रुद्रपुर सीट पर इंदर सिंह (14) ने शेर सिंह (7) को सात मतों से हराकर जी हासिल की। मतदान के बाद शाम को चुनाव अधिकारी एसबी पांडे ने चुनाव परिणामों की घोषणा की। उन्होंने निर्वाचित काशीपुर से नवनीत सिंह और रुद्रपुर से इंदर सिंह के साथ ही निर्विरोध निर्वाचित खटीमा से संगीता ज्याला, गदरपुर से चंद्रशेखर, चकरपुर से भागीरथी झनकट से सुनीता राणा, नानकमत्ता से नीमा देवी, बाजपुर से नीलम कोरंगा और सितारगंज से प्रभा रावत को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। चुनाव अधिकारी पांडे ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को नामांकन व मतदान होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### मारपीट मामले में 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बाजपुर।** रंजिशन दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में पुलिस ने वन कर्मी की ओर से दूसरे पक्ष के छह लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला शिवनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी शक्ति सिंह पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में तहरीर देकर बताया कि वह उत्तराखंड वन विभाग में कार्यरत है और वर्तमान समय में पतरामपुर जसपुर रेंज में तैनात है। चार फरवरी की सायं करीब पांच बजे अपने पुत्र को दवाई दिलाने घर आया था। तभी उसके भतीजे दीपक का फोन आया कि पड़ोस में रहने वाले श्यामलाल पुत्र ओमप्रकाश, माया देवी पत्नी श्यामलाल, अमर सिंह, राहुल, राजवीर व आकाश पुत्रगण श्यामलाल हाथ में लाठी-डंडे व लोहे की राड एवं कुल्हाड़ी आदि लेकर रंजिशन गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर रहे हैं। आरोप है कि जब वह मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ ही भतीजे दीपक, अनुज, गौतम आदि के साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई जिसमें सभी लोग बुरी तहर घायल हो गए।

### उत्तरकाशी में छह माह में पूरा होगा निर्माण कार्य, सेब व अन्य फल रखे जाएंगे स्टोर में

# जल्द शुरू होगा सीए स्टोर का निर्माण

**सुविधा**

▸▸ उत्तराखंड मंडी परिषद 13 करोड़ की लागत से तैयार करेगा स्टोर

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** आराकोट-चकराता तहसील उत्तरकाशी में 1000 मीट्रिक टन के 10 सीए स्टोर यानि नियंत्रित वातावरण भंडार गृह का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा यहां सोर्टिंग-ग्रेडिंग और सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जाएगा। एक सप्ताह में इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। छह माह के भीतर यह तैयार हो जाएगा। इसमें करीब 13 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बाद स्थानीय फल सेव अन्य फलों को इन स्टोरों में रखा जाएगा।

दरअसल, आराकोट-चकराता तहसील में सेव के साथ ही कीवी और नासपति का उत्पादन अधिक मात्रा में होता है। खासकर सेव अधिक मात्रा में होता है। यहां से यह सेव हिमाचल के साथ ही चंडीगढ़, दिल्ली, मुम्बई और अन्य बड़े महानगरों को सप्लाई किया जाता है। लेकिन सेव का स्टोर करने के लिए नियंत्रित वातावरण भंडार गृह की व्यवस्था नहीं होने के कारण सेव के खराब होने की संभावना अधिक रहती थी। इसी को देखते हुए यहां सीए स्टोर का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि सीजन में अधिक उत्पादन होने पर स्टोर में सुरक्षित रखा जा सके और फिर बाजार में बेचा जा सके।

उत्तराखंड मंडी परिषद के अधिकारियों के अनुसार यह प्रोजेक्ट होर्टिकल्चर विभाग का है और नाबार्ड से वित्त पोषित है। इसका निर्माण करीब 0.18 हेक्टेयर में परिषद की ओर से कराया जा रहा है। सीए स्टोर के अलावा फल व अनाज की सोर्टिंग-ग्रेडिंग के लिए दो मशीनें, सोलर पॉवर प्लांट का निर्माण कराया जाएगा। इसके निर्माण के लिए परिषद ने गुड़गांव की साइबा इंजीनियर्स एजेंसी का काम दिया है। एजेंसी एक सप्ताह में काम शुरू कर देगी। छह माह के भीतर एजेंसी इस निर्माण कार्य को पूर्ण कर लेगी।

**किसान सेवा समिति को पीपीपी मोड पर मिलेगा स्टोर**

रुद्रपुर। उत्तराखंड मंडी परिषद के अधिकारियों के अनुसार शुरूआत में किसान सेवा समिति को पीपीपी मोड पर इस सीए स्टोर को निशुल्क दिया जाएगा। समिति इसे अपने हिसाब से संचालित करेगी। व्यवस्था पटरी पर आने पर समिति से बिजली और पानी का कुछ पैसा लिया जाएगा।

> आराकोट-चकराता तहसील उत्तरकाशी में सेव का उत्पादन अधिक मात्रा में होता है। नियंत्रित वातावरण भंडार गृह नहीं होने से सेव के खराब होने की संभावना रहती है। इसके निर्माण से सीजन के समय अधिक उत्पादन होने पर स्टोर में सुरक्षित रखा जाएगा। इसके बाद बाजार में सप्लाई किया जाएगा।
>
> **-बीएस चलाल**, एमडी, उत्तराखंड मंडी परिषद

### ट्रक की चपेट में आने से मासूम की मौत

**काशीपुर।** ट्रक की चपेट में आकर मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम परमानंदपुर निवासी मोहम्मद सईद एसडीएम कोर्ट के पास निर्माणाधीन भवन में मजदूरी करता हैं। सोमवार को वह काम पर गए थे। दोपहर करीब दो बजे उसका चार वर्षीय बेटा अदनान घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान वह ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने मासूम को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# युवा उद्यमी अनमोल गंडा की मौत, शोक

संवाददाता, गदरपुर

**दुखद**

▸▸ आनंद एग्रो सीड्स के स्वामी का हृदय गति रुकने से निधन

**अमृत विचारः** हृदयगति रुकने से युवा उद्यमी की मौत हो गई। मृतक तीन भाई- बहनों में दूसरे नंबर का था। कुंज विहार कॉलोनी गदरपुर निवासी मंगतराम गंडा का पुत्र अनमोल गंडा (23) सोमवार सुबह करीब 6 बजे घर की छत पर टहल रहा था। अचानक तबीयत खराब होने से अनमोल छत पर गिर गया।


अनमोल।

कुछ समय बाद परिजनों ने अनमोल को आवाज लगाई तो अनमोल ने जवाब नहीं दिया। इस पर परिजन घर की छत पर पहुंचे तो अनमोल अचेत अवस्था में मिला। आनन फानन में परिजन उसे निजी चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवा अनमोल की अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर विभिन्न राजनीतिक व्यापारिक सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोग मंगतराम गंडा के आवास पर पहुंच गए। दोपहर अनमोल का नगर के मोक्ष धाम श्मशान घाट में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। संवेदना व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडे, कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, गुंजन सुखीजा, सतीश मुंजाल, लवली हुड़िया, अनिल गगनेजा, संजीव अनेजा प्रीत ग्रोवर, राकेश भुसरी रहे।

# चीनी मिल में ठेका मजदूरों ने नारेबाजी के साथ किया प्रदर्शन

### वेतन में ठेकेदार द्वारा कटौती करने तथा पीएफ फंड की जानकारी न देने पर भड़के श्रमिक, हंगामे की सूचना पर पहुंचे एसडीएम और कोतवाली प्रभारी

संवाददाता, किच्छा

**30** दिन कार्य करने के बावजूद 28 दिन का भुगतान किया जा रहा है तथा ठेका प्रथा के तहत काम करने वाले कर्मचारियों की पीएफ राशि काटने के बावजूद कर्मचारियों को कोई जानकारी नहीं दी जा रही है

**10** तारीख तक वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से करने तथा पीएफ कटौती की पूरी जानकारी ठेका कर्मचारियों को उपलब्ध कराने को लेकर बैठक में बनी सहमति, ठेकेदार के प्रतिनिधि ने अपनी कंपनी की पॉलिसी की भी जानकारी दी


किच्छा चीनी मिल में प्रदर्शन करते ठेका कर्मचारी। ● अमृत विचार


किच्छा में ठेकेदार प्रतिनिधि के साथ नोकझोंक करते जनप्रतिनिधि और कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** चीनी मिल में ठेका प्रथा के तहत कार्यरत मजदूरों के वेतन में ठेकेदार द्वारा कटौती करने तथा पीएफ फंड की जानकारी न देने का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। कर्मचारियों ने अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए ठेकेदार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

भाजपा तथा कांग्रेस के भी तमाम नेताओं ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन दिया। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व ठेका प्रथा के तहत कार्य कर रहे कर्मचारियों ने चीनी मिल में प्रदर्शन करते हुए ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस दौरान मिल प्रशासन ने हस्तक्षेप करते हुए ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर कर्मचारियों को जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाकर शांत कर दिया था। एक सप्ताह बीतने के बाद भी समस्याओं का निस्तारण न होने पर कर्मचारियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत चीनी मिल गेट के सामने एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने मिल प्रबंधन एवं ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष जताया।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित वेतनमान में कटौती कर 30 दिन कार्य करने के बावजूद 28 दिन का भुगतान किया जा रहा है तथा ठेका प्रथा के तहत काम करने वाले कर्मचारियों की पीएफ राशि काटने के बावजूद कर्मचारियों को कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। इस दौरान मिल प्रबंधन, ठेकेदार, ठेका कर्मचारी एवं तमाम लोगों की चीनी मिल अतिथि गृह में वार्ता हुई। हंगामे की सूचना पर एसडीएम कौष्तुभ मिश्रा, कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा, उप निरीक्षक राजेंद्र पंत भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और सभी पक्षों के साथ बैठक कर मामला शांत करा दिया। तमाम लोगों की मौजूदगी में समझौता हुआ कि ठेकेदार द्वारा प्रत्येक माह की 10 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाएगा तथा पीएफ कटौती की पूरी जानकारी ठेका कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा वेतन ग्रेड के हिसाब से प्रत्येक कर्मचारी का भुगतान भी किया जाएगा।

ठेकेदार के प्रतिनिधि विभोर कुमार ने बताया कि उनके ठेके के अंतर्गत 86 ग्रेड के कार्य दिए गए हैं। जिनमें टेक्नीशियन, इंजीनियर, मजदूर वेल्डर आदि शामिल हैं तथा कुछ मजदूर रिटायर हो चुके हैं, बावजूद इसके उन्हें काम पर रखा गया है। जिस वजह से कई मजदूरों की पीएफ की कटौती नहीं की जाती तथा उनका वेतन भी बढ़ाकर दिया जाता है। इस मौके पर ठेकेदार के प्रतिनिधि विनीत राव एवं विभोर कुमार, मिल प्रबंधन की तरफ से केन मैनेजर ऋषिपाल सिंह के अलावा श्याम बिष्ट, विनोद कोहली, शंकर लाल, अमरजीत सिंह, सोनू सिंह, गौरव कुमार, नूर हसन, अंगद यादव, संजीव सिंह, राजीव सक्सेना, मनमोहन सक्सेना, पूरन भट्ट आदि मौजूद रहे।

### दुकान की दीवार काटकर उड़ाई हजारों की नगदी व सामान



**नानकमत्ता।** दुकान की दीवार तोड़कर चोर नगदी सहित तीस हजार रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए। दुकानदार ने सुबह जब दुकान खोली तो उसके होश उड़ गए। दुकान स्वामी ने चोरी का कुछ सामान पड़ोसी के घर से बरामद कर लिया है। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर से पांच किलोमीटर दूर नगला गांव में पवन गोयल पुत्र स्व. प्रसोत्तम गोयल की किराने की दुकान से रात्रि चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार तोड़कर अन्दर घुस आए। दुकान के गल्ले से करीब 15 हजार की नगदी और काजू-बादाम के डिब्बे आदि करीब दस हजार का सामान चोरी कर ले गए। शक होने पर पड़ोसी गौतम सिंह के घर की तलाशी लेने पर चोरी का सामान दुकानदार ने बरामद कर लिया। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़ित के भाई श्याम गोयल ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

### नशेड़ियों ने युवक को पीटकर लूटा पर्स व मोबाइल

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में नशेड़ियों ने युवक को घेरकर पीट दिया और उसका पर्स और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार वार्ड-तीन ट्रांजिट कैंप निवासी रोहित कुमार ने बताया कि 4 फरवरी की शाम छह बजे वह ड्यूटी कर वापस लौट रहा था। अचानक आजाद नगर श्मशान घाट मार्ग पर दो से तीन युवक आए और बेवजह गाली गलौज करते हुए हाथापाई करने लगे। आरोप था कि हमलावरों ने उसे इतना पीटा कि वह अधमरा होकर सड़क पर गिर गया और हमलावर उसका मोबाइल व पर्स लूटकर मौके से फरार हो गए। जिसमें पांच सौ रुपये की नगदी भी रखी हुई थी।

# पंतनगर से अयोध्या को शुरू हो फ्लाइट

संवाददाता, रुद्रपुर

**भेजा पत्र**

▸▸ केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री भट्ट ने केंद्रीय मंत्री को भेजा पत्र



**अमृत विचारः** रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर पंतनगर से अयोध्या के लिए फ्लाइट शुरू करने का अनुरोध किया है।

सोमवार को पत्र में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री भट्ट ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया है कि उनके संसदीय क्षेत्र के तहत पंतनगर से अयोध्या तक नई फ्लाइट चलाने की मांग क्षेत्रीय जनता ने की है। उन्होंने कहा कि यहां से प्रत्येक दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए अयोध्या जाते हैं। फ्लाइट न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। काठगोदाम कुमाऊं का प्रवेश द्वार है, यहां पर दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों से लोग यात्रा के लिए आते हैं। यहां से लोगों को बरेली (उत्तर प्रदेश) जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से यहां से लगातार लोगों का अयोध्या आना-जाना और अधिक हो गया है। वहीं कुमाऊं मंडल में नानकसागर, बौर जलाशय, जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क, नैनीताल, रामगढ़, भीमताल, कैंची धाम, काकड़ीघाट, कौसानी, रानीखेत, बिनसर, सूर्य मंदिर कटारमल, देवीधुरा, मानिला, दूनागिरी, महावतार बाबा की गुफा, पूर्णागिरी, चितई गोलू देवता मंदिर, कसार देवी (अल्मोड़ा) योगदा, सत्संग, सोसायटी का कार्यालय (द्वाराहाट), चौकड़ी, मुनस्यारी, बिर्थी फाल, पाताल भुवनेश्वर, कैलाश मानसरोवर, बागेश्वर, हॉट कालिका, पिण्डारी ग्लेशियर जैसे पर्यटक स्थल देश एवं दुनिया में पर्यटकों एवं धार्मिक पर्यटकों के लिए आकर्षण के क्षेत्र हैं।

**बैठक** मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने की रुद्रपुर में बैठक, अनुपस्थित संचालकों को नोटिस भेजने के निर्देश

# मदरसों के छात्रों को दें आधुनिक शिक्षा : कासमी

संवाददाता, रुद्रपुर


मदरसा प्रबंधकों के साथ बैठक करते बोर्ड के अध्यक्ष कासमी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने बोर्ड से मान्यता प्राप्त मदरसों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की। इस दौरान सभी को मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा देने को कहा। ताकि मदरसों से आईएएस, आईपीएस के साथ ही डॉक्टर और इंजीनियर भी निकल सकें।

वहीं विभिन्न संचालकों के बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन्होंने सभी को नोटिस जारी करने के निर्देश जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को दिए। सोमवार को विकास भवन सभागार में बैठक के दौरान बोर्ड के अध्यक्ष कासमी ने कहा कि हमें सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ लेते हुए मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर तालीम मुहैया करानी चाहिए। मदरसों का आधुनीकरण करना वक्त की जरूरत है। मदरसों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। मदरसा प्रशासकों से कहा कि वे समय-समय पर शासन द्वारा जारी किए गए सभी नियमों और निर्देशों का पालन करें और सभी छात्रों की उचित देखभाल करें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद मदरसा छात्रों के मुद्दों और समस्याओं को सख्ती से उठा रहा है और उनकी समस्या के निवारण के लिए काम कर रहा है। बोर्ड राज्य के मदरसों में कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासरूम बनाएगा। परिषद अल्पसंख्यकों समाज सहित, सर्वांगीण विकास के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के कार्यान्वयन पर काम कर रहा है। मदरसों में आधुनिक शिक्षा प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो मदरसे बोर्ड से मान्यता प्राप्त नहीं हैं, वह बोर्ड से मान्यता अवश्य प्राप्त करें। गलत तरीके से मदरसा संचालन करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, डॉ.शाह खान, उप रजिस्ट्रार अब्दुल यामीन, इख्तियार अहमद बब्लू, निजाम अहमद आदि उपस्थित थे।

**सरकार कर रही सबका विकास**

रुद्रपुर। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष कासमी ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के आधार पर कार्य कर रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से कोई भी वर्ग, समाज अथवा संगठन अछूता नहीं है। सरकार सबके लिए काम कर रही है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं है और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित हो रहे हैं।



## एक नजर

### बालसुंदरी मंदिर में देव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा 11 से

**काशीपुर।** चैती परिसर स्थित उज्जैनी शक्ति पीठ मां भगवती बालसुंदरी देवी मंदिर में देव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 11 से 14 फरवरी तक आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जानकारी देते हुए मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि आयोजन के तहत रविवार 11 फरवरी को कलश यात्रा, सोमवार 12 फरवरी को पूजन, जलाधिवास एवं अन्नाधिवास, मंगलवार 13 फरवरी को मंडप पूजन, फलाधिवास, पुष्पाधिवास, घृताधिवास, वस्त्रधिवास देव स्नान, शयाधिवास तथा बुधवार 14 फरवरी को मण्डप पूजन, प्राण-प्रतिष्ठा, हवन एवं भण्डारा आयोजित कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने समस्त भक्तों से इस चार दिवसीय कार्यक्रम में सहभागिता निभाकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

### अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी दबोचा

**काशीपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान कच्ची शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद कर उसका आबकारी एक्ट में चालान किया है। कुंडा थाने के उपनिरीक्षक मनोहर चन्द ने हमराही कांस्टेबल मनोज जलाल व त्रिलोक सिंह के साथ मण्डी चौकी क्षेत्र में गश्त के दौरान प्रगति कॉलेज के पास बंद पड़े पोल्ट्री फार्म से कच्ची शराब बेचते ग्राम सरबरखेड़ा अनाज मंडी के पीछे निवासी जोगा सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 50 पाउच करीब 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

### एनआई एक्ट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने एनआई एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आईटीआई थाना पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे एनआई एक्ट के वारंटी वैशाली कॉलोनी खड़कपुर देवीपुरा निवासी हेमंत सचदेवा को गिरफ्तार कर उसे न्यायल से समक्ष पेश किया है। पुलिस टीम में एएसआई पुष्कर दत्त भट्ट व कांस्टेबल नीरज शुक्ला शामिल रहे।

### चाकू के साथ युवक पकड़ा

**जसपुर।** पुलिस ने बीती रात्रि मोहल्ला भूप सिंह निवासी उदय पुत्र नन्हे को संदिग्ध अवस्था में गिरफ़्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक अदद चाकू बरामद किया गया। उसके खिलाफ धारा 04/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, एसएसआई ओमप्रकाश, एसआई कौशल भाकुनी आदि रहे।

### आशा हेल्थ वर्कर्स भी रहेंगी हड़ताल में शामिल

**बाजपुर।** आशाओं के राष्ट्रीय फेडरेशन आल इंडिया स्कीम फेडरेशन (एक्टू) ने केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा ने संयुक्त रूप से 16 फरवरी को सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों में देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद का समर्थन किया है। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप व जिला सचिव कुलविंदर कौर ने बताया कि इसको लेकर हुई आशाओं की बैठक में बताया गया कि अपनी मांगों को उठाने के लिए उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन भी 16 फरवरी की एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल में शामिल होगी। इस मौके पर अमरजीत कौर, रुपिंदर कौर, पिंकी, कमलेश, बालावती, रश्मि, गीता, हेमा जोशी, मनोज देवी, गीता सैनी, मनजीत, हरमीत कौर, रीना, पूजा देवी, अनीता रानी, ममता, राजकुमारी, आशा रहे।

# समूह की महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के मामले में कमेटी का गठन

## भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष को मधुवन कलस्टर के अध्यक्ष पद से हटाने की मांग

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** भाजपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ समूह की महिलाओं ने एसडीएम से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष पर समुदाय विशेष के खिलाफ टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें महिला समूह के अध्यक्ष पद से हटाने की मांग की। जिसमें एसडीएम ने तीन सदस्यों की कमेटी बनाकर मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का कहा है। एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी का एक ऑडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल होने के मामले में समूह से जुड़ी महिलाओं ने एसडीएम दफ्तर में धरना-प्रदर्शन कर एसडीएम से मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष काशीपुर उमा जोशी जबरदस्ती विकासखंड बाजपुर में मधुवन कलस्टर की अध्यक्ष बनी हैं। उनके पास राजनीतिक पार्टी का भी पद है। ऐसे में उनसे अध्यक्ष का पद वापस लिया जाए क्योंकि पद पर रहते हुए वह समूह की महिलाओं को आए दिन परेशान करतीं रहती हैं। महिलाएं कुछ कहती हैं तो उन्हें धमकी दी जाती है कि चाचा ग्राम्य विकास विभाग के मंत्री हैं उनसे कहकर समूह की सारी सुविधाएं बंद करवा दूंगी। इतना ही नहीं अभद्र भाषा में धर्म, मजहब, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के साथ ही जातीय भेदभाव किया जाता है।

ज्ञापन में जनजाति महिलाओं के हकों का हनन करने का आरोप भी लगाया गया है तथा उत्पीड़न से बचाने की गुहार लगा कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सैयदा आमना, काजल, परवीन, जैबुल, जैनब, पूनम, मीना देवी, ममता देवी, गीता, चंद्र देवी, रेवती, संदीप, जयंद्रो, हिमानी, मीनू देवी, रेशमा, गंगा देवी, प्रेमवती, अनीता देवी, माया, पूजा, उर्मिला, पिंकी, फातमा आदि शामिल थी।


बाजपुर में एसडीएम से वार्ता करतीं समूह की महिलाएं। ● अमृत विचार

> मेरी सामाजिक व राजनीति छवि को खराब करने के उद्देश्य से आधी-अधूरी ऑडियो रिकार्डिंग वायरल की गई है। मैं कभी भी किसी जाति विशेष पर कमेंट नहीं करती। मेरे इस बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। मैं खुद एक महिला हूं और सभी महिलाओं का सम्मान करती हूं। आगे भी वह महिला हित में काम करती रहेंगी।
> **- उमा जोशी,** जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा।

> समुदाय विशेष पर टिप्पणी को लेकर समूह की महिलाओं से वार्ता हुई। जिसमें तहसीलदार अक्षत भट्ट की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है। जिसमें सीडीपीओ रेनू यादव व खंड विकास अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। वह दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर अपनी रिपोर्ट देंगे। इसके उपरान्त नियमानुसार जो कार्रवाई की जाएगी।
> **-राकेश चंद तिवारी,** एसडीएम

# ईश्वर के सुमिरन से ही मिलती है संस्कारित संतानः बाबा जगजीत

**कीर्तन कथा**

▸▸ जीईटी कालेज में अमृत प्रचार संगत के तत्वावधान में दीवान सजाया गया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** जीईटी कालेज में अमृत प्रचार संगत के तत्वावधान में दीवान सजाया गया। जिसमें जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह की अगुवाई में कीर्तन कथा की गई। समागम में उत्तराखंड व उप्र से बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

सोमवार को अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह ने कीर्तन कथा करते हुए कहा कि काहे सोच करे रे प्राणी ..... हर का नाम ध्यान कर। उन्होंने कहा कि लोग अपनी संतान को लेकर चितिंत हैं लेकिन कभी सोचा है जिसके लिए माता पिता इतना सोच रहे हैं वह बुढ़ापे में उनका सहारा बनेगा भी या नहीं। उन्होंने कहा कि आजकल बहुत से घरों में वह जब जाते हैं तो ऐसे मामले सामने आते हैं कि संपति बेटों ने बांट ली और उसके बाद माता पिता की जिंदगी खराब हो जाती है। बहुएं सास को मां नहीं समझती लेकिन खुद की संतान का पूरा लालन पालन होता है। यह नही सोचा जाता कि जिस मां ने बहू को लालन पालन कर अपने दिल का टुकड़ा दिया है आज उसी को उससे दूर किया जा रहा है। आज पंजाब खाली हो रहा है हर कोई विदेश जा रहा है और माता पिता बडे.बडे.घरों में अकेले हैं। बच्चे पलट कर भी नहीं देखते कि हमें जन्म देने वाले कैसे होंगे।

उन्होंने महिलाओं से कहा कि अच्छी संतान के लिए हम दर-दर भटकते हैं यदि गर्भ के दौरान सिमरन का सहारा लें तो कोई ताकत अच्छी संतान आने से रोक नहीं सकती है। उन्होंने कहा कि गुरुग्रंथ साहिब में अनेकों भक्तों की वाणी है जो हमें सच्चा मार्ग दिखाती है। गुरुवाणी कहती है कि कोई जावे हज, कोई करे तीर्थ, कोई सीस नभाए, अर्थात सभी को प्रेम भक्ति करनी है। सुप्रसिद्ध कथावाचक भाई गुज्जर सिंह अंसध व नरेन्द्र सिंह करनाल ने शब्द गुरु की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि गुरुवाणी हमें समय-समय पर सचेत करती है कि हम गलत मार्ग पर ना जाएं लेकिन चंचल मन भटकाव की ओर ले जाता है।

समागम में सर्व प्रदेश गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख जोरावर सिंह भुल्लर, महेन्द्र पाल सिंह,जसविंदर सिंह जस्सी, हरमीत सिंह बडैच, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्देव सिंह बडैच,अजीतपाल सिंह रंधावा, कुलदीप सिंह बाजवा, हरदयाल सिंह ,मंदीप सिंह दर्शन सिंह रनजीत सिंह, अमृतपाल सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


बाजपुर के जीईटी में कीर्तन करते अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह।

# धोखाधड़ी मामले में तीन आरोपी कोर्ट से दोषमुक्त

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** बैंक में बंधक भूमि धोखाधड़ी से बेचने के तीन आरोपियों को द्वितीय एसीजे/ न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।

भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक जीएस कुश्वाहा ने 11 अक्टूबर 2004 को काशीपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 06 मई 1989 को मुखेजा रबर्स ने एसबीआई से टर्म लोन लिया था। ऋण की अदायगी के लिए ग्राम सरवरखेड़ा निवासी मोहम्मद उमर, बहादुर अली, रियाज, शखावत और अब्दुल सलाम पुत्र नन्हें ने अपनी-अपनी भूमि बतौर गारंटर बैंक के पास बंधक रखी थी। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के प्रस्ताव पर 20 जून 1991 को कर्ज की लिमिट बढ़ाकर भूमि के अधिकार पत्र बैंक के पास रखकर बंधक रखे गए। तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज किया। केस की विवेचना के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ चार जून 2005 को आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। कंपनी के डायरेक्टर्स और जमानतियों के विरुद्ध वसूली वाद डेब्ट रिकवरी ट्रिब्यूनल, देहरादून में भी लंबित है। सुनवाई के दौरान दो आरोपियों बहादुर अली और सखावत हुसैन की मौत हो गई। अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ केस पर विचारण हुआ। बचाव पक्ष की ओर से अजय कुमार अरोरा एडवोकेट ने पैरवी की। साक्ष्यों के आधार पर द्वितीय एसीजे/न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतन सिंह गौतम ने तीनों आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया।

## बेटियों की सुरक्षा को निकाला कैंडल मार्च

**बाजपुर।** कर्मयोग एवं सहयोग साधना समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा की अगुवाई में वार्ड नंबर-एक मझरा प्रभु से शहीद भगत सिंह चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। भगत सिंह की प्रतिमा के पास पहुंचकर देशभर में दुराचार व बदनीयती में मारी जा रही मासूम बेटियों, जघन्य अपराधों में मारे जा रहे निर्दोषों तथा आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद के कारण शहीद हो रहे सुरक्षाकर्मियों, सैनिकों को दी श्रद्धांजलि दी गई। संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि हम सब भारतवासी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, जबकि मासूम बेटियां आज भी सुरक्षित नहीं हैं। हमारे अपने देश में यह कैसी कानून व न्याय व्यवस्था है ? हमारे सभ्य समाज व महान लोकतांत्रिक राष्ट्र में आओ आत्ममंथन करें।

# कांग्रेसियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**आक्रोश**

▸▸ अंकिता हत्याकांड व मणिपुर की घटना पर जताया विरोध

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग एवं मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए अन्याय को लेकर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को दोषियों को सख्त सजा दिलाये जाने की मांग भी की।

सोमवार को युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राहुल रमनदीप कम्बोज की अध्यक्षता में नगर निगम के वार्ड नंबर-एक अंतर्गत सैनिक कालोनी में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया। जिसमें दर्जनों महिलाओं व युवाओं ने हस्ताक्षर कर रोष जताया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। वही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इन मामलों में सरकार पर भी गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने मामले में सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। कार्यक्रम में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष लवदीप सिंह, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक कौशिक, युवा कांग्रेस महासचिव अनित मारकंडे व मनीष शर्मा, युवा कांग्रेस सचिव अक्षित शर्मा, अंचित शर्मा व विशेष शर्मा आदि युवा कांग्रेस व एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


काशीपुर में सैनिक कॉलोनी में हस्ताक्षर अभियान चलाते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# यातायात नियमों का करें पालन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में काशीपुर यातायात पुलिस व सीपीयू द्वारा 34वें सड़क सुरक्षा माह के तहत छात्रों को यातायात के नियमों और रोजमर्रा में वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव की विस्तार से जानकारी दी गई।

सोमवार को स्कूल में आयोजित यातायात पाठशाला में यातायात प्रभारी यशवंत पाल ने छात्रों को आदेशात्मक, सचेतात्मक और सूचनात्मक रोड साइनों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल पर बातें न करने और गति पर नियंत्रण रखने की बात कहते हुए सभी लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने का आह्वान किया। सीपीयू प्रभारी जसवंत सिंह ने कहा कि आज यातायात के नियमों का उल्लंघन बढ़ती हुई दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है। उन्होंने हेलमेट को जीवन का सुरक्षा कवच बताते हुए दो पहिया वाहनों पर हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहनों में सभी बैठने वालों को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने की बात कही। साथ ही नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने पर पकड़े जाने पर 25 हजार रुपए का चालान काटने और उनके अभिभावकों को सजा के प्रावधान के बारे में बताया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं समेत छात्रों ने सड़क सुरक्षा शपथ प्रपत्र भरा। वहां पर प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता, मेजर मुनीषकांत शर्मा, महेश चंद्र आर्य, मनोज कुमार शर्मा, दीपक शर्मा, मनोज विश्नोई, कौशलेश गुप्ता, चौ. नवनीत सिंह, रमेश कुमार पांडेय, प्रमोद कुमार मौजूद रहे।


उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में छात्रों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देती पुलिस।

## एनएसएस इकाई के शिविर का शुभारंभ

**काशीपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक की एनएसएस इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुमाऊं कॉलोनी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कचनालगाजी में आयोजित शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य वीरेंद्र पाल सिंह ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को एनएसएस से जोड़ कर श्रेष्ठ राष्ट्र सेवा करने के लिए प्रेरित किया। निवर्तमान पार्षद रवि कुमार ने क्षेत्र में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। स्वयंसेवकों ने राष्ट्र के लिए समर्पित युवाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहां पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओपी सिंह, राजीव यादव, आदेश कुमार, मनमोहन, धर्मेंद्र कुमार, सचिन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।


तमंचे के साथ गिरफ्तार आरोपी के साथ थाना कुंडा पुलिस। ● अमृत विचार

## तमंचा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

**काशीपुर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुंडा थाने के उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद ने अपने साथी कांस्टेबल कुंदर सिंह भौर्याल व चंदन सिंह के साथ चेकिंग के दौरान ठाकुरद्वारा रोड पर नैनी पेपर मिल के आगे गुरुद्वारे के पास से संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली, तो पुलिस को युवक के पास से एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नाम फैयाज निवासी ग्राम फरीदनगर, ठाकुरद्वारा, यूपी बताया। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान किया है।

### तहसील दिवस में डीएम सुनेंगे फरियादियों की समस्याएं

**काशीपुर।** मंगलवार को तहसील दिवस पर जिलाधिकारी फरियादियों की समस्या सुनेंगे। जिसके लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन काशीपुर ब्लॉक में किया जाएगा। जिसमें जिलाधिकारी उदयराज सिंह भी मौजूद रहेंगे। वही विभिन्न जिलों के कई अधिकारी भी अपने-अपने कार्यालय के संबंधित कर्मियों के साथ मौजूद रहेंगे। जहां अधिकतर फरियादियों की समस्या का समाधान मौके पर ही किया जाएगा।

### वारंटी गिरफ्तार

**बाजपुर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन की दृष्टिगत जनपद में वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु एसएसपी द्वारा जारी आदेशों के क्रम में दोराहा चौकी पुलिस द्वारा आज सोमवार को वारंटी सोनू पुत्र कन्हैया लाल निवासी गांव बाजपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**परेशानी** — क्षेत्र में हादसों का कारण बनने के साथ ही फसलों को भी चौपट कर रहे हैं आवारा पशु

# सड़कों पर विचरते आवारा पशुओं को जंगल में छोड़ा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं का आतंक हर जगह देखने को मिल रहा है। आए दिन दुपहिया वाहन चालक व राहगीर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। वहीं किसानों की तैयार फसल को भी ये जानवर नष्ट कर रहे हैं। किसानों ने कई बार प्रशासन से पशुओं की रोकथाम की गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर परेशान किसानों ने आवारा कई पशुओं को एकत्र कर निकटवर्ती जंगलों में पहुंचाया।

सोमवार को क्षेत्र के किसानों ने आवारा पशुओं को रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में एकत्र कर छह ट्रैक्टर ट्रालियों से निकटवर्ती जंगलों में पहुंचाया। किसानों ने आए दिन हो रही दुर्घटनाओं एवं फसलों को नष्ट होने से बचाने के लिए क्षेत्र के आवारा पशुओं को एकत्र कर ट्रैक्टर ट्राली से निकटवर्ती जंगलों में पहुंचाया। लगभग 60 पशुओं में 20 गाय व बछिया पशुपालकों को दुग्ध समिति व पशुपालन विभाग की योजना के तहत छूट पर मिली थीं। उन पशुओं के कानों पर बीमा कंपनी का टैक भी लगा था। किसानों ने पशुपालकों से कहा कि दूध छोड़ने पर गाय व बछिया को सड़क पर न छोड़ें और बछड़ों को गौसदन पहुंचाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई पशुपालक पशुओं को सड़क पर छोड़ता दिखाई दिया तो उसके खिलाफ दंडित कार्रवाई की मांग प्रशासन से करेंगे। कई आवारा पशुओं को जंगल में छोड़ने पर लोगों ने राहत की सांस ली है।


दिनेशपुर में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार


दिनेशपुर में ट्रैक्टर ट्राली में भरे आवारा पशु। ● अमृत विचार

# डाक अफसरों ने दी ई- पोस्टल ऑर्डर का प्रयोग करने की सलाह

**समाधान**

▸▸ दस और बीस रुपये पोस्टल ऑर्डर की किल्लत देख डाक अधिकारियों ने दी सलाह

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** डाकखानों में पिछले कई महीनों से दस और बीस रुपये के पोस्टल ऑर्डर की किल्लत बनी हुई है। जिससे लोगों के कई जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए डाक अधिकारियों ने लोगों से ई-पोस्टल ऑर्डर का प्रयोग करने की सलाह दी है।

बता दें कि करीब तीन माह से काशीपुर डाकखाने में दस रुपये और बीस रुपये के पोस्टल ऑर्डर को लेकर किल्लत चल रही है। जिससे डाकखाने पहुंच रहे लोगों को यह पोस्टल ऑर्डर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं और उनसे उनके जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं इन पोस्टल ऑर्डर के लिए लोगों को डाकखाने के भी कई चक्कर काटने पड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि सबसे ज्यादा बिकने वाले दस व बीस रुपये के पोस्टल ऑर्डर स्थानीय डाकखानों में डाक मुख्यालय से ही नहीं पहुंच पा रहे हैं। इन पोस्टल आर्डर की किल्लत की वजह से सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सूचना मांगने वाले कार्यकर्ताओं सहित लोगों को अन्य जरूरी काम में दिक्कत आ रही है। काशीपुर डाकखाने में पांच, तीन और दो रुपये के पोस्टल ऑर्डर से काम चलाया जा रहा है।

काशीपुर के प्रभारी पोस्ट मास्टर रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से मुख्यालय से ही 10 और 20 रुपये के पोस्टल आर्डर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। जबकि इसके लिए कई बार पत्राचार भी किया गया है। अब यह पोस्टल ऑर्डर स्टॉक में उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को ई-पोस्टल ऑर्डर के प्रयोग में लाने की सलाह दी जा रही है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े और उनके कार्य भी प्रभावित न हों।

# मार्च माह तक हर हाल में पूरा कर लें सीएम की घोषणाओं के कार्य: दीपक

## सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग दीपक कुमार ने अधिकारियों की बैठक ली

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग दीपक कुमार ने सांबन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम की जिन घोषणाओं के शासनादेश होने के बाद कार्य चल रहे हैं उसे हरहाल में मार्च तक पूरा करें। यदि किसी कारणवश बजट आवंटन नहीं हुआ है तो वे जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को पत्र प्रेषित करें।


अधिकारियों के साथ बैठक करते सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग दीपक कुमार। ● अमृत विचार

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान उन्होंने सीएम हैल्पलाइन में प्राप्त शिकायत की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को तय समय पर शिकायातों का निस्तारण करते हुये शिकायतकर्ता से पोर्टल के माध्यम से वार्ता करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन योजना के तहत मार्च 2024 तक हर घर को स्वच्छ पानी पहुंचाना के निर्देश दिए। अरोमा पार्क की समीक्षा के दौरान आरएम सिडकुल को निर्देश दिये कि सड़कों के निर्माण तेजी लाते हुये शीघ्र पूर्ण करें। उन्होने कहा कि जिन लोगों द्वारा अरोमा पार्क में एक वर्ष से प्लाट लेकर कार्य नही किया जा रहा है उनको नोटिस देकर प्लाट निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सीएमओ को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं व शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिये आशा, एएनएम व सम्बन्धितों की जिम्मेदारी तय करते हुये मृत्यु दर को कम किया जाये। उन्होने सीएमओ को निर्देशित करते हुये कहा कि मार्च से पूर्व सभी लोगों का कैम्प लगाकर आयुषमान कार्ड बनाएं। साथ ही ब्लॉक वार आयुषमान का डेटा दो दिन के भीतर उपलब्ध करये। पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होने निर्देश दिये कि नशे को रोकने के लिए स्वास्थ्य व आबकारी विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये अभियान चलाये। उन्होने कहा कि 2025 तक प्रदेश को ड्रग्स मुक्त बनाना है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पीडी हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 9 मार्च को राज्य के सभी जिलों में लगेगी लोक अदालत

**हल्द्वानी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आगामी 9 मार्च को प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

लोक अदालत में दीवानी वाद जैसे धन वसूली, संपति, वैवाहिक आदि अन्य दीवानी वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर होगा। इसमें न्यायालय शुल्क वापसी का भी प्रावधान है। इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक वाद, चेक बाउंस का भी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण होगा। कॉमर्शियल, श्रम, पारिवारिक, मोटर वाहन चलन संबंधी वाद आदि का शमन के आधार पर निस्तारण किया जाता है। लोक अदालत में पारित अवार्ड के विरुद्ध अपील नहीं होती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली, पानी, बीमा, बैंक संबंधी प्री लिटिगेशन वादों का भी निस्तारण किया जाता है। लोक अदालत से पूर्व सभी जनपदों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पुलिस, बैंक, बीमा कंपनी, आरटीओ एवं अन्य विभागों के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी।

# जगतदेव जी की प्रतिमा लगेगी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को ग्राम चनकपुर स्थित राजा जगतदेव सामुदायिक भवन में भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की नींव रखी गई। बताया गया कि श्रद्धेय राजा जगतदेव जी की भव्य प्रतिमा राजस्थान से लाकर जल्द ही स्थापित की जाएगी और इसका अनावरण समस्त जनजाति समाज को बुलाकर किया जाएगा।

इस कार्य के लिए बुक्सा समाज ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी जनजाति के जिलाध्यक्ष जीत सिंह, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, डीके जोशी, अभिषेक तिवारी, हरि सिंह, पंचम सिंह, राजेंद्र सिंह, वीर सिंह, राजू सिंह आदि मौजूद रहे।


राजा जगतदेव सामुदायिक भवन में नींव रखते लोग। ● अमृत विचार

# गांवों में योजनाओं का लाभ नहीं

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** सरकार की योजनाएं पहाड़ चढ़ते चढ़ते हांफ जा रही है। बेतालघाट ब्लॉक के कई लाभार्थी आज भी केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना (पीएमएमवीवाई) से वंचित हैं। योजना का लाभ न मिलने से लाभार्थी मायूस हो चुके हैं।

बाल विकास विभाग की सीडीपीओ अनीता सक्सेना के अनुसार योजना में कुछ बदलाव हुआ है। पूर्व के लाभार्थियों को लाभान्वित करने को प्रक्रिया गतिमान है। जल्द लाभ दिया जाएगा। सरकार ने मात्र वंदना योजना (पीएमएमवीआई) के तहत जच्चा बच्चा स्वास्थ्य संबंधी वशिष्ठ शर्तों के आधार पर परिवार में पहले बच्चे के लिए गर्भवती महिलाओं व स्तनपान करने वाली महिलाओं के खाते में पांच हजार रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की योजना तैयार की। योजना का मकसद गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण उपलब्ध कराना था। योजना के शुरु होने से लाभार्थियों को तेजी से लाभ मिलने की उम्मीद जगी। बेतालघाट ब्लॉक के गांव में भी बाल विकास विभाग ने योजना से लाभार्थियों को लाभान्वित करने की कवायद शुरु की। लाभार्थियों को लाभ मिलना भी शुरु हुआ पर लगभग पचास से अधिक लाभार्थियों को दो साल बीतने के बावजूद लाभ नहीं मिल सका है।

## सेपक टाकरा में आशीष ने जीते दो स्वर्ण पदक

**हल्द्वानी।** 5वीं साउथ एशियन सेपक टाकरा चैम्पियनशिप काठमांडू नेपाल में उत्तराखंड के आशीष सिंह ने दो स्पर्ण पदक जीते। वह भारतीय सेपक टाकरा टीम के सदस्य हैं।

रुद्रप्रयाग जिले के रहने वाले आशीष सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर डबल व क्वाड इवेंट में स्वर्ण पदक व भारतीय टीम ने 3 इवेंट (रेगु, डबल व क्वाड) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आशीष इससे पहले भी 37वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के लिए कांस्य पदक जीत चुके हैं। भारतीय टीम व आशीष की इस उपलब्धि पर भारतीय सेपक टाकरा महासंघ के सदस्य डॉ. नागेंद्र शर्मा, सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष आरपी शर्मा, सहायक निदेशक खेल राशिका सिद्दीकी, सचिव आनंद सिंह, कल्पना, डॉ. रूचि शाह, गिरीश कुमार, अंकुश रौतेला, प्रो. डीडी जोशी, गौरव जोशी, प्रगति दुमका आदि ने बधाई दी।

# बेहोश होकर सड़क पर गिरा ई-रिक्शा चालक


सोमवार को घायल को सीएचसी लेकर पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** ई- रिक्शा चालक अचानक बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

आसपास के लोगों की मदद से उसे बाजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सोमवार को सियाली बरहैनी निवासी आनंद अपने ई रिक्शा से साप्ताहिक बाजार में सवारी लेने के लिए जा रहा था। इसी बीच लेवड़ा पुल के समीप अचानक आनंद को चक्कर आने लगे। जिससे वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गया और घायल हो गया। वहीं घटना को देख काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# लूट का आरोपी साथी संग दबोचा

▸▸ गिरफ्तार आरोपी टॉप 10 की सूची में शामिल, दो राज्यों में 32 मुकदमे दर्ज

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे में स्कूटी सवार को लूटने वाले पेशेवर अपराधी को उसके साथी के साथ पुलिस ने दबोच लिया।

आरोपी के कब्जे से तमंचे और लूटी हुई चेन बरामद हुई है। गिरफ्तार एक आरोपी पर दो राज्यों में करीब 32 मुकदमे दर्ज हैं। इसके बाद पुलिस टीम पर इनाम की बौछार लग गई। बरेली जिले के ग्राम ईश्वरपुर थाना शीशगढ़ निवासी जयदीप सिंह पुत्र हरदीप सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 31 जनवरी को उसका भाई मनदीप सिंह स्कूटी पर सवार होकर रिश्तेदार के घर आमखेड़ा सितारगंज जा रहा था। किच्छा रोड के ग्राम कटंगरी मोड पर दो वाहनों में सवार बदमाशों ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके बाद सभी आरोपितों ने तलवार, डंडे से मारपीट कर मनदीप सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जयदीप सिंह का आरोप है कि एक हमलावर ने उसके भाई मनदीप सिंह पर तमंचे से फायर भी किया। आरोपियों ने मनदीप सिंह के गले से सोने की चेन भी लूट ली। पुलिस ने जयदीप सिंह की तहरीर पर गगनदीप सिंह रतनपुरिया पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी रतनपुर, एश्वीर सिंह पुत्र शमशेर सिंह निवासी मनकरा बहेड़ी, बॉबी पुत्र निर्मल सिंह ग्राम फरदिया बहेड़ी, विपिन पुत्र अतर सिंह निवासी किच्छा, लवप्रीत सिंह लब्बू ग्राम हल्दुआ समेत 6 के खिलाफ धारा 307, 324 और बल्वे की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

हाईवे में स्कूटी सवार को लूटने और मारपीट के मामले को पुलिस ने बेहद गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। इसके बाद एसएसपी के निर्देशन पर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम में गठित की गई। सोमवार को एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, सीओ ओम प्रकाश शर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हाईवे में डकैती डालने के मुख्य आरोपित गगनदीप सिंह उर्फ रतनपुरिया पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी किच्छा और विपिन पुत्र अतर सिंह निवासी आवास विकास किच्छा को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन का टुकड़ा दो तमंचे जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तार करने वाली टीम को इनाम देने की घोषणा की है।

अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कटयाल ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ जांच के दौरान योजना भारत तरीके से डकैती डालने की धारा मुकदमे में बढ़ाई गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल, वरिष्ठ उप निरीक्षक हरविंदर कुमार, उप निरीक्षक सुरेंद्र बिष्ट, नरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

# पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष ने किया सड़क का लोकार्पण


खटीमा में सड़क का लोकार्पण करते मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष खड़ायत।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन कृषि उत्पादन मंडी समिति के सौजन्य से ग्राम सभा नगला जोगीठेर में 14 लाख की लागत से निर्मित सड़क का लोकार्पण मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत ने किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी क्षेत्र के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि विकासखंड के सभी क्षेत्रों में कार्य चल रहा है। इस अवसर पर नौसर मंडल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्य, जितेंद्र राणा, मुन्ना लाल, बूथ अध्यक्ष सत्येंद्र, रिंकू आदि उपस्थित रहे।

# डीजे स्वामी और एक ग्रामीण के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

▸▸ विशाल की मौत मामले में दो लोगों के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** विशाल का शव बीते शनिवार को रुद्रपुर काशीपुर हाईवे पर ग्राम मुकंदपुर के पास मिला था। थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर डीजे स्वामी रोहित और उसी गांव के मोहित के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

विदित है शनिवार को रुद्रपुर काशीपुर हाईवे पर ग्राम मुकुंदपुर के पास शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। शव की पहचान ग्राम कुशालपुर निवासी विशाल सिंह पुत्र स्वर्गीय बच्चन सिंह के रूप में हुई थी। उसके बाद थाने पहुंचे ग्राम कुशालपुर के ग्रामीणों ने विशाल की हत्या का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि मृतक विशाल सिंह ग्राम लंगड़ा भोज के ही एक व्यक्ति के पास डीजे चलाने का काम करता था। शुक्रवार की रात्रि को डीजे चला कर वह उसके घर पर रुका था। उसके बाद प्रातः काल उसका शव हाईवे पर मिला था। थानाध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी ने बताया कि मृतक के भाई धर्मेंद्र ने तहरीर में बताया कि भाई जसपाल सिंह उर्फ विशाल दो वर्ष पूर्व से साझेदारी में डीजे चलाने का कार्य कर रहा था और अपने साझेदार रोहित निवासी ग्राम लगड़ाभोज गदरपुर के साथ उसके घर पर ही रहता था। 3 फरवरी को प्रातः मेरे पास मेरे भाई जसपाल सिंह उर्फ विशाल के साझेदार मोहित का फोन आया और उसने कहा कि हाइवे पर किसी की लाश मिली है और उसे गदरपुर थाने की पुलिस उठा कर ले गई है। तहरीर में धर्मेन्द्र ने आरोप लगाया था कि मेरे भाई की हत्या रोहित और मोहित ने ही की है।

# खस्ताहाल भवनों में कैसे रहें डॉक्टर और कर्मचारी

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित अस्पतालों में सेवा दे रहे चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मूलभूत सुविधाओं के लिए ही परेशान हैं। अस्पताल परिसर में बने आवासीय भवन खस्ताहाल हो चुके हैं ऐसे में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी बाजार व गांवों में किराए के कमरों में रहने को मजबूर हैं।

सरकारी आवासीय की खस्ताहाल विभागीय अनदेखी की हकीकत बयां कर रही है। सीएमओ डा. श्वेता भंडारी के अनुसार बजट के लिए जिला योजना में प्रस्ताव रखा जाएगा। स्वीकृति मिलने पर आवासीय भवनों को दुरुस्त करवाया जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों के अस्पताल चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से जूझ रहे हैं। सुविधाओं का भी अकाल पड़ा है। अस्पतालों में तैनात चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है जिस कारण चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी कुछ समय पर्वतीय क्षेत्रों में रुकने के बाद नगरीय क्षेत्रों को रुख कर जा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी के आवासीय परिसर की हालत बदहाल है कई कमरे टूटे हुए हैं तो खिड़की दरवाजे तक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं वहीं पीने के पानी के लिए दूर दराज रुख करना पड़ता है।

# 3 मेडिकल स्टोरों को दिया नोटिस

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** जिला औषधि निरीक्षक एवं पुलिस ने लालकुआं और बिन्दुखत्ता के आधा दर्जन मेडिकल स्टोरों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान तीन मेडिकल स्टोरों में अनियमितताएं मिलने पर उन्हें नोटिस जारी किया गया। साथ ही बार-बार मेडिकल स्टोर बंद कर नदारद रहने वाले मेडिकल स्टोर स्वामियों के खिलाफ भी कार्रवाई की चेतावनी दी।

सोमवार दोपहर बाद जिला औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट एवं लालकुआं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा ने कोतवाली चौराहे पर स्थित मेडिकल स्टोरों में ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की। इसके तहत सबसे पहले आशीष मेडिकल, गिरधर मेडिकल, जनता मेडिकल और अरोरा मेडिकल में छापेमारी की। इसके बाद घोड़ानाला क्षेत्र के मेडिकल स्टोर में भी छापेमारी की गई। इस दौरान मेडिकल स्टोर में एनआरएक्स दवाइयां को लेकर बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति मेडिकल स्टोर स्वामी लापरवाह नजर आए। साथ ही कई मेडिकल स्टोरों में फार्मासिस्ट एवं रजिस्टर्ड स्वामी नहीं मिले। इस पर तीन मेडिकल स्टोर स्वामियों को नोटिस जारी किया गया। जैसे ही मेडिकल स्टोर में छापेमारी शुरू की गई तो अधिकांश मेडिकल स्टोर स्वामी अपने मेडिकल स्टोर बंद करके फरार हो गए, जिस पर जिला औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट ने फोन पर उक्त मेडिकल स्टोर स्वामियों से बात करते हुए उनकी लताड़ लगाई।



लालकुआं के मेडिकल स्टोर में छापेमारी करतीं औषधि निरीक्षक व पुलिस अधिकारी।

**बेरुखी** — होम स्टे संचालकों की बेरुखी से पर्यटन विभाग है परेशान, अल्मोड़ा जिले में 466 संचालकों में से सिर्फ 10 ने ही किया आवेदन

# श्रेष्ठ ग्रामीण होम स्टे प्रतियोगिता में रुचि नहीं ले रहे हैं संचालक

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार भले ही अनेकों योजनाओं का संचालन क्यों ना कर रही हो, लेकिन उत्तराखंड के पर्वतीय जनपदों में सरकार की यह योजनाएं परवान चढ़ती नहीं दिख रही हैं।

इसकी बानगी अल्मोड़ा जिले में देखने को मिली, जहां राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हो रही श्रेष्ठ ग्रामीण होम स्टे प्रतियोगिता में 466 पंजीकृत होम स्टे में से केवल 10 होम स्टे संचालकों ने इसके लिए आवेदन किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में संचालकों की बेरुखी अब पर्यटन विभाग के गले भी नहीं उतर रही है। दरसअल ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बीते वर्ष से केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता शुरू की थी, जिसमें पिथौरागढ़ जिले के सरमोली गांव को 27 सितंबर 2023 को विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर श्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार दिया गया। इस बार भी वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू की गई, जिसमें गांवों को पर्यटन से जोड़ने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने पहली बार एक अभिनव पहल की और जिसमें ग्रामीण होमस्टे को भी शामिल किया गया। सरकार ने पर्यटन गांव और होम स्टे प्रतियोगता के लिए 20 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन पत्र लेने शुरू कर 31 जनवरी तक आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की, लेकिन अल्मोड़ा जिले में होम स्टे संचालकों ने इस प्रतियोगिता में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिले में पंजीकृत 466 होम स्टे में से केवल 10 होम स्टे संचालकों ने ही इस प्रतियोगिता के लिए अपना ऑनलाइन आवेदन किया। जिले में करोड़ों रुपये की लागत से सैंकड़ों होम स्टे स्थापित करवाने के बाद भी होम स्टे संचालक इस प्रतियोगिता से क्यों परहेज कर रहे हैं। यह बात अब पर्यटन विभाग के अधिकारियों के भी गले नहीं उतर रही है।



### कहीं मानकों की कमी तो नहीं आ रही आड़े

अल्मोड़ा जिले के होम स्टे संचालक आखिर इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता से क्यों परहेज कर रहे हैं। यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है। ऐसी संभावना भी व्यक्त की जा रही कि आखिर कहीं जिले में चल रहे होम स्टे मानकों को पूरा कर भी रहे हैं या नहीं। ऐसा इसलिए क्योंकि अल्मोड़ा पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने 18 से 24 जनवरी तक दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत संचालित 56 होम स्टे का निरीक्षण और सत्यापन किया, जिनमें से 19 होम स्टे ऐसे मिले तो पर्यटन विभाग में पंजीकृत थे, लेकिन मानकों के विपरीत चल रहे थे।

### होम स्टे प्रतियोगिता के लिए 14 श्रेणियां

ग्रामीण होम स्टे राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए पर्यटन मंत्रालय की ओर से 14 श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इसमें वाइब्रेंट विलेज, ग्रीन, समुदाय के माध्यम से संचालित होम स्टे, महिला नेतृत्व वाली इकाई, विरासत, संस्कृति पर आधारित होम स्टे, फार्म स्टे, कॉटेज, आयुर्वेदिक और कल्याण, वर्नाक्यूलर आर्किटेक्चर, क्लस्टर, जिम्मेदार आचरण, ट्री हाउस और विला शामिल है। जबकि राष्ट्रीय श्रेष्ठ पर्यटन गांव के लिए आठ श्रेणियां तय हैं। इसमें हेरिटेज, एग्री टूरिज्म, क्राफ्ट, वाइब्रेंट विलेज, एडवेंचर, सामुदायिक आधारित पर्यटन, रिस्पांसिबल टूरिज्म, वेलनेस को शामिल किया गया है।

> ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं, हालांकि आवेदन कम आए हैं लेकिन हमारे प्रयास जारी हैं। प्रतियोगिता के लिए अब भी आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं।
>
> **-अमित लोहनी, जिला पर्यटन अधिकारी, अल्मोड़ा।**

> विरासत, कृषि पर्यटन, शिल्प, जिम्मेदार पर्यटन, जीवंत गांव, साहसिक पर्यटन, समुदाय आधारित पर्यटन, कल्याण श्रेणी की थीम आधारित होम स्टे संचालक सर्वोत्तम पर्यटन गांव के तहत अपना नामांकन कर सकते हैं। हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करे।
>
> **-पूनम चंद, नौडल अधिकारी व अपर निदेशक पर्यटन, उत्तराखंड**

# एएनएम सेंटर को करें स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे रातीघाट क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है।

ग्राम प्रधान चौरसा सविता बिष्ट ने रातीघाट स्थित एएनएम सेंटर को उच्चीकृत कर स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई है। ग्राम प्रधान के अनुसार ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती है। रातीघाट में सेवाएं उपलब्ध होने से तमाम के बाशिंदों को राहत मिले सकेंगी।

गांवो के बाशिंदों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर दराज रुख करना मजबूरी बन चुका है। प्राथमिक उपचार के लिए तक दस से पंद्रह किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। लंबी दूरी तय करने में समय के साथ साथ पैसे भी खर्च होते है। बेतालघाट ब्लाक के बुधलाकोट, जाख, चौरसा, कफूल्टा , रातीघाट आदि क्षेत्रों के लोग टैक्सी वाहन बुक कर मरीज को सीएचसी गरमपानी पहुंचाते हैं। फिर वापस वाहन बुक कर घर पहुंचना पड़ता है। ऐसे में गरीब परिवारों पर अतिरिक्त भार पड़ता है। ग्राम प्रधान चौरसा सविता बिष्ट ने रातीघाट स्थित एएनएम सेंटर को उच्चीकृत कर स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिए जाने पर जोर दिया है। ग्राम प्रधान सविता के अनुसार रातीघाट क्षेत्र में ही यदि स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी तो सैकड़ों परिवारों को लाभ मिलेगा।

ययोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीवर्यति॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है, जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# कदाचार रोकने के लिए

सरकारी भर्ती परीक्षाओं में कदाचार को रोकने के लिए केंद्र ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024, लोकसभा में सोमवार को पेश किया गया। इसमें प्रश्नपत्र लीक करना, अभ्यर्थियों की सहायता करना, कंप्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ करना, फर्जी वेबसाइट बनाना और बैठने की व्यवस्था में हेरफेर करना शामिल है। विधेयक में न्यूनतम तीन साल की सजा और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। परीक्षा आयोजित करने में लगे सेवा प्रदाताओं पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है और उन्हें भविष्य में जिम्मेदारियों से रोका जा सकता है। बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि सरकार युवाओं को लेकर चिंतित है, जिस तरह से परीक्षाओं में अनियमितता हो रही है उसे सरकार गंभीरता से ले रही है। लिहाजा फैसला लिया गया है कि परीक्षा में धांधली को रोकने के लिए नया कानून बनाया जाए। विधेयक में सार्वजनिक परीक्षाओं पर एक उच्च-स्तरीय राष्ट्रीय तकनीकी समिति की स्थापना की भी परिकल्पना की गई है, जो डिजिटल प्लेटफार्मों को सुरक्षित करने, फुल प्रूफ आईटी सुरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी लागू करने और बुनियादी ढांचे के लिए राष्ट्रीय मानक तैयार करने के लिए प्रोटोकॉल विकसित करेगी।

गत वर्षों में भारत में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिससे परीक्षा को रद करना पड़ता है और छात्रों के भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2017-2023 तक सात सालों में अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामले सामने आए और 1.5 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं। सख्त कानून न होने से इस पर रोक नहीं लग पा रही। ऐसे में इस तरह का कानून बहुत जरूरी था। प्रतियोगी परीक्षाओं में जैसे-जैसे कदाचार हाईटेक होता जा रहा है दिन-रात मेहनत करने वाले मेधावी बच्चों को मानसिक आघात लग रहा है, वहीं कार्यशैली को लेकर पूरा सिस्टम भी कठघरे में खड़ा हो रहा है। प्रत्येक नौकरी का पहला चरण प्रतियोगी परीक्षा होता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता विश्वास पर टिकी होती है। परंतु सवाल है कि क्या दुनियाभर में सम्मान पाने वाले भारतीय युवा परीक्षाओं में होने वाली धांधलियों के चलते अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर अपेक्षित सम्मान हासिल कर पाएंगे? शिक्षा भले ही समवर्ती सूची का विषय हो और अलग-अलग राज्यों में परीक्षा में कदाचार को लेकर कानून हों लेकिन यदि उससे पूरे देश में व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हों तो केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकती। विधेयक आने से परीक्षाओं की शुचिता पर विश्वास बहाल होगा।

# यूपी में आर्थिक विस्तार व समृद्धता लाएगा बजट



डॉ. विकास प्रधान
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए।

ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

सोमवार को देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत हुआ जिसने सीधे गत वर्ष के 6.90 लाख करोड़ से 7.36 लाख करोड़ का उछाल किया और उत्तर प्रदेश की पूरी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पिछले सात सालों में दोगुना होकर 25 लाख करोड़ हो गई। निश्चित ही अर्थव्यवस्था का विस्तार सुखद है, जो उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जा रहा है।

वर्ष 2024-25 का बजट वार्षिक दस्तावेज ही नहीं, बल्कि राजकोषीय अनुशासन वित्तीय अनुशासन बात चौमुखी विकास का अब संरचनात्मक प्रोत्साहन वाला बजट है। कारण है राजकोषीय घाटा एफआरबीएम एक्ट के अनुसार महज 3.46 प्रतिशत रह गया है और साथ ही उत्तर प्रदेश रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन गया है। कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र व सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों में संतुलित आर्थिक विकास का समीकरण इस बजट में स्पष्ट दिख रहा है। पूरे बजट का लगभग एक तिहाई हिस्सा कैपिटल एक्सपेंडिचर पर होना जिसमें 17 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर पर व्यय होना।

उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के उज्ज्वल भविष्य का लक्षण है, क्योंकि नए राजमार्गों का विकास, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे आगरा एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस वे बनाना, सड़क निर्माण करना, प्रधानमंत्री सड़क योजना को आगे बढ़ाना, 4000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क बनाना, 31500 मेगावाट अधिक बिजली उत्पादन संयंत्रों की स्थापना करना, रेलवे ऊपरगामी पुल निर्माण करना, ग्रामीण स्तर पर सेतुओं का निर्माण करना, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की स्थापना, कानपुर व आगरा में मेट्रो बनाना आदि उत्तर प्रदेश की अवसंरचना को अधिक मजबूत कर रोजगार सृजन करते हुए संतुलित आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री ने कृषि की बुनियादी समस्याओं व आवश्यकताओं को चिन्हित कर दो कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, नलकूपों की व्यवस्था करना, मत्स्य संपदा योजना को बल देना, सस्ती बिजली दर पर सिंचाई व्यवस्था आदि का बजटीय प्रावधान अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण करेगा, क्योंकि कृषि बिना विकास की संभावना होती है। कृषि के भी मजबूत पक्ष को पहचानते हुए वित्त मंत्री ने चीनी मिल निर्माण व पुनर्निर्माण हेतु 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की।

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए। किंतु ग्रामीण विकास, ग्रामीण बाजार व छोटे हाट पर कोई नीतिगत विवरण आंकड़ागत विकास की बात न होना इन योजनाओं में लीकेज उत्पन्न कर सकता है। केंद्रीय योजना आयोग (वर्तमान में नीति आयोग) की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की अति महत्वपूर्ण आवश्यकता क्षेत्रीय विकास की अवधारणा, बुंदेलखंड विकास निधि व पूर्वांचल विकास निधि के प्रस्ताव के साथ-साथ केंद्रीय उत्तर प्रदेश के जनपदों लखीमपुर, हरदोई, भदोही, मिर्जापुर आदि में औद्योगीकरण टेक्सटाइल पार्क की स्थापना आदि संतुलित आर्थिक विकास के सिद्धांत पर खरा उतरता है। किंतु इसमें तराई का क्षेत्र व श्री अन्न विकास कहीं छूट गया है। पीलीभीत जनपद के गन्ना किसानों व चीनी मिलों को शायद चीनी मिल निर्माण के 500 करोड़ रुपये में से कुछ अधिक मिले तो अच्छा होगा या पीलीभीत टाइगर रिजर्व व पर्यटन स्थल विकास हेतु आवंटित राशि का अधिक हिस्सा आवश्यक है ताकि बरेली मंडल को नाथ कारिडोर के अतिरिक्त भी कुछ मिल सके।

कन्या सुमंगला योजना में धनराशि बढ़ाना, निराश्रित महिलाओं की पेंशन बढ़ाना, ग्रामीण आवास बनाना, ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं आदि का प्रावधान स्वस्थ उत्तर प्रदेश को जन्म देगा और महिला को आर्थिक रूप से उत्पादकीय बनाएगा जो उत्तर प्रदेश की जीडीपी ग्रोथ में अपना योगदान दे सकेंगे, लेकिन यहीं पर महिला उद्यमी योजना महिलाओं हेतु सेल्फ हेल्प ग्रुप आदि की आवश्यकता व आकांक्षा थी जो अधूरी रह गई। धार्मिक स्थलों का विकास अब केवल धर्म की बात नहीं है, अब अर्थ की बात बन गई है, जो रोजगार सृजन अवसंरचना विकास पर्यटन आदि से राजस्व प्राप्तियां बढ़ाएंगे और राज्य को रिवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में पुनः स्थापित करेंगे, किंतु रास्तों व सड़कों का निर्माण आवागमन के साधनों व पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विकास के बिना दुर्घटनाओं के रूप घातक सिद्ध हो सकते हैं तथा अर्थव्यवस्था समय विडंबना का शिकार हो सकती है, जो मुद्रास्फीति को बढ़ावा दे सकता है, सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा।

ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

पशु चिकित्सा कॉलेज की आवश्यकता पशुधन संख्या के आधार पर अन्य जनपदों में भी है, जो संभवतः अग्रिम बजट में पूर्ण हो सकती है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना टैबलेट मोबाइल फोन वितरण के बीच की कड़ी के रूप में कार्य कर सकता है, इसे प्रोत्साहन की आवश्यकता है। तुरंत आर्थिक विकास हेतु 400 करोड़ रुपये का प्रावधान, 24000 करोड़ की योजनाएं छात्रवृत्ति हेतु, लगभग 1000 करोड़ का प्रावधान मांग व पूर्ति शक्तियों को प्रबल बाजार व अर्थव्यवस्था के विस्तार में प्रबल भूमिका निभाएंगे और गुणक व विनियोग गुणक मजबूत होगा, किंतु भौतिकवादी प्रवृत्ति विकास व मुद्रास्फीति जैसी आर्थिक बाधाओं को विनियमित करने की भी चुनौती है।

निष्कर्षतः यह उत्तर प्रदेश सरकार का पूर्ण बजट है, जो पूर्ण लगता भी है और साथ ही संतुलित व सर्वज्ञ विकास का एक बेहतर दस्तावेज है, जो लागू होने पर आर्थिक विस्तार व समृद्धता दोनों लाएगा।

## प्रसंगवश

# देर से किया कम दुरुस्त निर्णय



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके बारे में 'देर आयत दुरुस्त आयत' की कहावत अर्द्धसत्य ही होगी। आडवाणी जी का कद राष्ट्रपति बनाए जाने के योग्य था। 2014 में भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ हो गई थी और जुलाई 2017 में राष्ट्रपति का चुनाव होना था। तब रामनाथ कोविंद को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आडवाणी से खुन्नस मानते थे, क्योंकि मोदी के प्रधानमंत्री बनाए जाने के समय आडवाणी ने उनके रास्ते में कांटे बिछाए थे। इसे मोदी नहीं भूले और पीएम बनने पर उन्हें एकदम महत्वहीन कर दिया। यही नहीं 2017 में ऐन राष्ट्रपति चुनाव से पहले सीबीआई ने बाबरी मस्जिद ध्वंस कांड संबंधित तत्समय 6 साल से सुप्रीम कोर्ट में पड़ी याचिका को जागृत कर दिया और प्रार्थना की कि आडवाणी, जोशी आदि बड़े नेताओं पर षडयंत्र का मामला बनता है। लोग चकित रह गए कि आडवाणी की अपनी ही सरकार की सीबीआई ने ऐसा कर दिया। तब राष्ट्रपति पद हेतु उनके दावे का सवाल ही नहीं रह गया। यहां बता दें कि गोधरा कांड के घटित होने पर उनके गुजरात के मुख्यमंत्री पद को बचाने वाले आडवाणी ही थे, क्योंकि तत्समय के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी उन्हें (मोदी को) पद से हटाना चाहते थे। अयोध्या के नए राम मंदिर प्रकरण में भूमि पूजन से लेकर सद्यः संपन्न प्राण प्रतिष्ठा तक आडवाणी को वहां फटकने तक नहीं दिया गया। बहाना उनके स्वास्थ्य का था। अब 10 साल से मोदी सरकार है। आडवाणी को भारत रत्न देने की याद नहीं आई। उन प्रणव मुखर्जी को यह सम्मान दिया गया, जो कांग्रेस में रहकर हिंदुत्व और सनातन धर्म की जड़ें खोदते रहे। इस वर्ष भी कर्पूरी ठाकुर को यह सम्मान देने की घोषणा के बाद कुछ सोच समझकर आडवाणी के नाम की घोषणा की गई है। क्या कर्पूरी ठाकुर का व्यक्तित्व आडवाणी जी से विराट था? मेरा ख्याल है कि मंदिर प्रकरण में उन्हें एकदम अलग-थलग रखने से भाजपा का अपना हिंदुत्ववादी वोट बैंक बिखर रहा था और अंदर अंदर पुराने समर्पित लोग क्षुब्ध थे। आरएसएस और भाजपाई कार्यकर्ताओं ने यह अंदरूनी फीडबैक दिया होगा जिससे यह निर्णय लिया गया। जो भी हो उन्हें यह अलंकरण देने से अलंकरण की ही महिमा बढ़ी है।

# आरक्षण समानता की गारंटी नहीं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया।

जाति प्रथा हमारे समाज का कलंक है और उससे भी बड़ा कलंक है पूंजीवाद जो जाति व्यवस्था को बनाए रखना चाहता है। जाति की किसी भी रूप में हिमायत मानवता का अपमान है। दलित हो या गैर दलित हो, या कोई अन्य कैटेगरी की जाति हो। जाति के आधार पर राजनीति, नौकरी, शिक्षा, बैंक कर्ज, जमीन, मकान आदि सबका जिस तरह वितरण हुआ है, उसने जाति को क्रूर और उत्पीड़नकारी बनाया है। जाति प्रथा पहले भी उत्पीड़नकारी थी, आज भी है। बेहतर हो संसदीय जनतंत्र में सबको समान अवसर की बात को ईमानदारी से लागू करें। जातिभेद, जाति आरक्षण, जाति विशेष के लिए विशेष सुविधाओं से तब ही निकल पाएंगे।

बेवकूफ और निकम्मा कर्मचारी, शिक्षक, इंजीनियर, क्लर्क आदि किसी भी जाति का हो सिस्टम के लिए कलंक है। सिस्टम बेहतर ढंग से चले इसके लिए जरुरी है कि निकम्मे, हरामखोर और बेवकूफ को ठिकाने कैसे लगाया जाए। इस पर सोचें, फिलहाल जो व्यवस्था है उसमें एक निकम्मा-बेवकूफ कर्मी अपनी जाति का रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करता है। वह जाति कनेक्शनों और जाति कानूनों का अपनी नाकामी को छिपाने के लिए इस्तेमाल करता है और इस तरह के दुरुपयोग के हजारों मामले अदालतों में विचाराधीन हैं। हजारों योग्य युवा इस तरह के अक्षम लोगों की कु-क्षमताओं के मारे दर-दर भटक रहे हैं।

आरक्षण किसी भी रूप में समानता की गारंटी नहीं है। समानता की आधारभूत संवैधानिक मान्यताओं को जातिकेन्द्रित आरक्षण ने बाधित किया है। जिस तरह पांच दशक बाद पता चला कि मुसलमानों के साथ कितना बड़ा भेदभाव हुआ, ठीक एक दिन भारत में यह भी सर्वे आएगा कि आरक्षण के कारण कितना बड़ा बौद्धिक-प्रशासनिक-उत्पादन क्षमता का नुकसान हुआ। शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर जिस तरह के अक्षम-नाकारा लोगों ने विगत पचहत्तर सालों में कब्जा किया है उनकी जाति का जरूर सर्वे किया जाना चाहिए।

ऑफिसों में जाति विशेष का सदस्य होने के कारण अक्षमता पर सवाल नहीं किए जा सकते। अक्षमों के आधार पर आप देश को चीन की कोटि में खड़ा नहीं कर सकते। हम ध्यान से सोचें विदेशों में प्रतिभा पलायन करके जाने वाले कितने लोग किस जाति के हैं? भारत में ज्ञानियों की स्थिति यह है कि वे जाति विशेष के आग्रहों -दुराग्रहों-पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर जाति समस्या पर विचार करते हैं, जो दलित हैं वे दलित होने के कारण सवर्णों को मनमाने ढंग से गरियाते हैं। यही हाल सवर्णों का है वे भी असवर्णवों को आए दिन गरियाते रहते हैं। जाति न तो प्रेम करने की चीज है और न गरियाने से जाने वाली है। जातिबोध को अंदर से नष्ट करने की जरूरत है। उसकी जगह नागरिक बोध पैदा करें। व्यक्ति को जाति के सदस्य के रूप में न देखकर व्यक्ति के रुप में देखें, नागरिक के रूप में देखें। नागरिक के रूप में सबको समान अधिकार दें, किसी को विशेष अधिकार न दें। हमारे यहां की संवैधानिक व्यवस्थाओं में जाति विशेष के लिए विशेष अधिकारों को संरक्षण दिया गया है। इसके चलते समूचे सिस्टम का असमान विकास हुआ है।

हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया। हमें सारी दुनिया में इसके कारण लज्जित होना पड़ता है। हमें अभी भी वह इल्म सीखना है, जो सामाजिक मुक्ति का सपना पैदा करे। आरक्षण का सामाजिक मुक्ति के सपने से सामाजिक बैर है। जातिप्रेम के कारण ही भारत में विगत दो हजार साल में कोई सामाजिक क्रांति नहीं हो पाई। हम धन्य हैं। हमारा जातिबोध धन्य है और सारी दुनिया हमारे जातिप्रेम पर हंस रही है। जातिदंश किस तरह युवाओं में घृणा का संचार करता है, इसे देखना हो तो विज्ञापित पदों के लिए मांगे गए बैंक ड्राफ्ट आदि पर नजर डालें। आरक्षित जातियों के प्रत्याशी आवेदन शुल्क से मुक्त होते हैं। अन्य को शुल्क देना पड़ता है। जबकि बेकारों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। बेकारों से नौकरी के फार्म के साथ आवेदन शुल्क नहीं लिया जाए चाहे आवेदक किसी भी जाति का हो। जातिप्रेम की यह सबसे घटिया सरकारी नीति है, जिसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# निरंतर क्रिया है पलटना



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

पलटने में कोई बुराई नहीं। ये जीवित रहने का लक्षण है। पलटना भूमिका है लुढ़कने की। लुढ़कना गंतव्य पर जल्दी पहुंचने में मदद करता है। पलटना आगे बढ़ना है, ऐसे में जब भी मौका मिले आदमी को पलट जाना चाहिए। आप न अलटे न पलटे।

एक ही जगह अंगद का पांव बने जमे रहे तो कोई, क्यों भाव देगा आपको? यदि एक बार आपके बारे में यह धारणा बन जाए कि इसे पूछो या न पूछो, इज्जत दो या न दो इसे कहीं आना जाना नहीं है तो कौन आपसे नमस्ते करेगा। जहां है वहीं पड़े रहेंगे तो न घर वाले पूछेंगे आपको न बाहर वाले, जो अपने विचारों पर स्थिर रहे। एक ही गाना गाते रहे जिंदगी भर उससे ज्यादा बोर आदमी कौन हो सकता है?

अचानक पलट जाने में जो आश्चर्य का भाव है वही तो नमक है जिंदगी का। जीवन में कुछ नया शामिल करने के लिए पलटना जरूरी है। पलटेंगे तभी तो दूसरे पक्ष को जान पाएंगे। पलटेंगे तो तरोताजा बने रहेंगे। बिना पलटे तो रोटी भी जल जाती है। ऐसे में पलटना और अनुकूल समय पर पलटना एक योग्यता है, जो आपको जीवन में सफल होने में मदद करती है। पलटना चरावैती चरावैती वाला दर्शन है। जब भी आप पलटते हैं आगे बढ़ते हैं। नए चेहरे, नए विचार आपको और परिपक्व करते हैं। लगातार पलटते रहने वाला व्यक्ति स्थितप्रज्ञ हो जाता है।

दुनिया को दृष्टा भाव से देखता है वो। वो जानता है कि सब मेरे हैं और कोई मेरा नहीं। वो किसी का नहीं होकर भी सबका होता है। कीचड़ में कमल की तरह निर्लिप्त रहने का यह भाव उसे आदरणीय बनाता है। लगातार पलटना आपके अजातशत्रु और व्यवहार कुशल होने का प्रमाण पत्र है।

जब भी आप पलटते हैं, जिस दिशा से पीठ करते हैं, वो आपको अनादर भाव से ही देखें ये जरूरी नहीं। जिस से भी मुंह फेरते हैं आप वो भी जानता है कि एक न एक दिन आप फिर उसकी और मुंह जरूर करेंगे। ऐसे में सारी दिशाएं आपकी मित्र हो जाती हैं। पलटना निरंतर क्रिया है। जब एक बार पलटते हैं आप दोबारा पलटते ही हैं। पलटना उम्मीदें जगाने वाली क्रिया है और यह दुनिया उम्मीद पर ही टिकी है।

-फेसबुक वॉल से

# हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं



देवेन्द्र सिंह
इतिहासकार, उरई

क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अत: ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता बुंदेलों हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। इसमें ये हरबोले कौन हैं। मित्र हरबोलों को ओरछा के राजा हरदौल से जोड़कर देख रहे थे। पहली बात साफ कर दूं कि हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं है।

हरदौल का जन्म और मृत्यु 1857 की क्रांति से सैकड़ों वर्ष पहले ही हो चुकी थी। सुभद्रा जी 1857 की क्रांति में लक्ष्मी बाई के बारे मे लिख रही हैं। एक बात और सुभद्रा कुमारी चौहान मेरे चाचा वीके चौधरी (एडवोकेट इलाहाबाद) की पत्नी कृष्णा की बुआ थी। उनका लिखा साहित्य और मशहूर ग्रामोफोन रिकार्ड हम लोग बचपन से ही सुनते रहे हैं। अब मुख्य बात हरबोलों की। जब मैं स्वास्थ्य विभाग में सेवारत था तब मेरे एक कुलीग थे जिनके नाम के साथ सरनेम में हरबोला जुड़ा था। उनका पूरा नाम मैं भूल गया हूं। वे उत्तराखंड के निवासी थे। तब मुझे सुभद्रा जी की कविता के हरबोलों की याद और पता चला कि हरबोले एक समुदाय के रूप में उत्तराखंड में रहते हैं।

अब सवाल यह है कि क्रांति के विवरण से इनका क्या संबंध हो सकता है जिसको सुभद्रा कुमारी चौहान ने कविता में पिरोया। उत्तराखंड में जाड़े के दिनों में जब वहां बर्फ जम जाती है तब पुराने समय से वहां के पंडे झुंड के झुंड में मैदानों में अपने यजमानों के यहां आकर दान आदि प्राप्त करते और गर्मी आते-आते फिर वापस लौट जाते और बद्रीनाथ केदारनाथ में अपने पुश्तैनी कार्य में लग जाते। मुझे ये सब कैसे पता चला तो एक घटना सुनता हूं। उरई में मेरे घर के सामने एक प्रिंसिपल साहब रहते हैं। उनके घर में एक जाड़े में बड़ी चहल-पहल देख कर मैंने पूछा कि कि क्या मामला है? उन्होंने बताया कि पिछले साल बद्रीनाथ गया था वहां अपने पंडे जी को पांच कुंटल गेहूं दान करने का संकल्प किया था उसी को लेने के लिए आए हैं।

ऐसा बहुत से लोग करते हैं और उनके आने पर यहां दे देते हैं। अब मेरे मन में जिज्ञासा हुई कि आखिर इतना गल्ला वे ले कैसे जाते होंगे? तो एक दिन एक पंडे को पकड़ कर इंटरव्यू ले ही लिया। उन्होंने बताया कि गल्ला ले जाना संभव नहीं है। सब यहीं बेचकर नकद ही ले जाते हैं। अब हरबोलों की बात सुनो। हरबोले भी ठंड के मौसम में पहाड़ों से उतरकर मैदानों में आते थे, लेकिन इनके यजमान नहीं होते थे। ये गांव-गांव जाते। आबादी के हिसाब से एक एक गांव में कई-कई दिनों तक किसी धर्म प्रिय के यहां रुकते। फिर सुबह निकलकर हर घर के द्वार पर गए और हरिबोल का उद्घोष किया। घर से कोई निकला और अपने सामर्थ्य के अनुसार इनकी झोली में डाल दिया। वे अगले घर में पहुंचे फिर हरिबोल की आवाज और यही क्रम चलता रहता। जब एक गांव पूरा हो जाता तो फिर अगला गांव। चूंकि ये लोग मांगने के लिए केवल हरिबोल शब्द का ही उच्चारण करते थे। अतः हरबोले कहलाए। अब सुभद्रा जी ने हरबोलों से क्रांति की कहानी सुनने के बारे में जो लिखा उसका स्पष्टीकरण यह कि ये हरबोले जब एक गांव से दूसरे गांव में जाकर नाइट हाल्ट करते तो पिछले गांवों में जहां भी वे रुके थे, वहां के समाचार और घटनाओं के बारे में बतलाते, चर्चा स्वाभाविक रूप से करते। चूंकि वे उत्तर भारत से होकर बुंदेलखंड में आए। अतः उनके पास सूचनाओं का भंडार था।

क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अतः ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

## व्यंग्य

# वृद्धों के लिए घड़ियाली आंसू भी नहीं



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

भारत का बजट अंतरिम हो या अंतिम, प्रायः शेर-ओ-शायरी के खुशगवार मौसम में ही पेश होता है। पर, इस बार के अंतरिम बजट में शाइ'री-आइ'री कुछ नहीं था। बजट में वृद्धों के लिए एक भी घोषणा नहीं थी। सहूलियत और सुविधाओं के उल्लेख को छोड़िए मुझे संपूर्ण बजट में चश्मा लगाकर भी, 'बुड्ढा' या 'वृद्ध' शब्द पढ़ने को नहीं मिला।

बूढ़ों के प्रति इतनी सहानुभूति केवल सरकार ने ही दिखाई हो ऐसा नहीं है, बल्कि विपक्षियों ने भी इसका कोई जिक्र नहीं किया है। ऐसा लगता है कि ये लोग वृद्धावस्था जैसी कोई चीज ही नहीं मानते हैं। जैसे कुछ वर्षों पूर्व तक 'राम' और 'रामसेतु' का अस्तित्व नहीं मानते थे। जबकि बचपन-युवापन आदि जितने भी जीवन के पन हैं, सब संचारी हैं। केवल वृद्धावस्था ही अपरिहार्य, अपरिवर्तेय और अंत समय तक साथ देने वाला, अंतिम सत्य होता है। किसी तजुर्बेकार ने कहा भी है कि 'यह दुनिया सरायेपानी है, हर चीज यहां की आनी-जानी है।/जो जाके न आए, जवानी देखी, जो आके न जाए, बुढ़ापा देखा'।।

इन लोगों ने निर्धन, महिला, युवा, कृषक, मजदूर, व्यापारी, दुकानदार आदि सभी वर्गों के प्रति बजट में छींटे छिड़के, पर वृद्धों के लिए एक घड़ियाली आंसू भी नहीं बहाया। संभव है कि सरकार और संपूर्ण विपक्ष का मानना हो कि जब पहले से ही वृद्धों को सरकारी स्तर पर सभी प्रकार के यात्रा-किरायों में छूट आदि की विशेष सुविधाएं दी जा चुकी हैं तो अब उन्हें देने के लिए बचा ही क्या है!

मैं अपने वृद्ध भाइयों, जिन्हें सरकार की चापलूस भाषा में, 'वरिष्ठ नागरिक' कहा जाता है कि खातिर 'आल इंडिया ओल्ड आर्गेनाइजेशन' का नेतृत्व कर सकता हूं। वे चाहें तो इस मुद्दे पर कुछ करने या धरने के लिए अकिंचन को अपना नेता बना सकते हैं। जहां तक मुद्दे की सच्चाई की बात है तो हंसिया दूर न पड़ोसी की नाक। परसों का अखबार देख लो।

# पांडवखोली और भरतकोट बर्फबारी से लकदक

## बर्फ के फाहे गिरते देखकर सैलानी झूम उठे, बारिश व हिमपात से कई जगह संपर्क कटा, बिजली आपूर्ति ठप




पांडवखोली में हुई बर्फबारी का सुंदर दृश्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** रानीखेत के सामने दिखने वाली पांडवखोली रविवार की रात्रि से हुई बर्फबारी से लकदक हो गई। यहां तीसरे दिन भी बारिश व बर्फबारी का दौर जारी रहा। लंबे ड्राई स्पैल के बाद कई इलाकों में इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। प्रसिद्ध पांडवखोली और भरतकोट में गुरुवार को पहली बर्फबारी के बाद रविवार को भी जमकर बर्फबारी होने से समूचा क्षेत्र बर्फ से लकदक हो गया।

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्र बर्फ से लकदक हो गए हैं, जबकि अन्य क्षेत्रों में बारिश दर्ज हुई है। कई जगह बर्फबारी की आस में पहले से पहुंचे सैलानी बर्फ की फाहे गिरते देख झूम उठे, लेकिन पहली बर्फबारी दुश्वारियां लेकर भी नमूदार हुई हैं। पहाड़ों में कई जगह संपर्क अन्य भागों से कट गया है। कुछ जगह बिजली आपूर्ति ठप है। बर्फबारी के बाद कई पर्वतीय मार्ग बंद हैं। बर्फबारी से जहां ठंड में इजाफा हुआ है, वहीं किसानों, बागवानों को भी राहत मिली है। पांडवखोली में रविवार को भी जमकर बर्फबारी हुई, जिस कारण इस ऊंचाई वाले मनोरम स्थल की छटा देखते ही बनती है। भीम की गुदड़ी पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। यहां गुरुवार को बर्फबारी की शुरुआत हुई थी। रविवार की रात्रि भी जमकर बर्फ के मोटे फाहे गिरते रहे। जिस कारण इस मनोरम स्थल का प्राकृतिक सौंदर्य और अधिक निखर आया है।



पांडवखोली में मौसम बदलने से बर्फ से ढके पेड़ व पौधे। ● अमृत विचार



**उफ ये ठंड!** अल्मोड़ा में बारिश व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इंसान इस बर्फीली ठंड से बचने के लिए अपने घरों के अंदर दुबके पड़े हैं। वहीं बेजुबान जंगली जानवरों के पास अपना घर तो नहीं है लेकिन भावनाएं उनमें भी हैं। शुक्रवार को बंदर का जोड़ा एक दूसरे को गले लगाकर ठंड से बचने की कोशिश करते कैमरे में कैद हो गया। ● रमेश जड़ौत

## बूंदाबांदी से ठंड बढ़ी, तापमान दो डिग्री सेल्सियस से भी नीचे पहुंचा

**टनकपुर/चम्पावत, अमृत विचार :** लगातार मौसम के बदलते मिजाज से जनजीवन खासा प्रभावित हो गया है। चम्पावत और लोहाघाट के साथ-साथ मैदानी क्षेत्र टनकपुर व बनबसा में भी ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। लगातार दूसरे दिन मौसम की आंख मिचौली जारी रही। आसमान में छाए बादलों के बीच बूंदाबांदी से ठंड भी बढ़ गई है। तापमान दो डिग्री सेल्सियस से भी नीचे पहुंच गया। चार फरवरी को एक मिलीमीटर बारिश हुई, तो पांच फरवरी को बारिश का आकड़ा बढ़कर डेढ़ मिलीमीटर तक पहुंच गया। बारिश की मात्रा और वेग दोनों कम जरूर थे, लेकिन खेत से लेकर इंसानी सेहत के लिए बारिश मुफीद मानी जा रही है। इधर पर्वतीय क्षेत्र के अलावा मैदानी क्षेत्र टनकपुर बनबसा में भी पिछले लंबे समय से हुई बरसात फसलों, फलों के साथ सब्जियों के लिए भी काफी फायदेमंद बताई जा रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल का कहना है कि बारिश से सूखी ठंड से होने वाले नुकसान से निजात मिलेगी, लेकिन छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को ठंड से बचाव करने के लिए सभी एहतियात बरतने की नसीहत दी है।

# सड़क में गड्ढे बनने पर लोगों का प्रदर्शन

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** नगर के वीर कालू सिंह माहरा चौक से लेकर खेतीखान मार्ग में कई स्थानों में सड़क में गड्ढे होने से लोग काफी परेशान हैं। यह मार्ग गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब एवं बाराही धाम देवीधुरा जैसे महत्वपूर्ण स्थान को जोड़ता है लेकिन पीडब्ल्यूडी द्वारा इस मार्ग की कोई सुध नहीं दी जाती है।

लोगों का आक्रोश उस समय उबाल पर आ गया जब वर्षा होने से गड्ढों में पानी भर गया जिससे गड्ढों में वाहन चलने से पानी के गन्दे पानी के छींटे दुकान और राहगीरों पर भी पड़ने लगे। प्रमुख व्यवसायी अशोक गडकोटी के नेतृत्व में लोगों ने पीडब्ल्यूडी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया तथा चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर गड्ढों को भरने का कार्य नहीं किया तो वे इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के लोहाघाट आगमन पर उनके सामने रखेंगे। प्रदर्शन करने वालों में क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।



लोहाघाट में पीडब्ल्यूडी के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

## वेयर हाउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**बागेश्वर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने सोमवार को वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया तथा ईवीएम व वीवी पैट का निरीक्षण किया। डीएम ने स्टांग रूम के दरवाजे की द्वितालाा सील, सीसीटीवी की निगरानी और पंजिकाओं सहित सुरक्षाओं का निरीक्षण किया जो सही पाई गई। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को उचित निर्देश दिए। यहां अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल भी उपस्थित थे।

# फसल बचाने को खेतों में किसानों का डेरा

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में खेतीबाड़ी संकट में है। कभी बेमौसमी बारिश तो कभी जरूरत के समय बारिश न होने से यह प्रभावित हो रही।

अब बंदरों ने गांवों में गेहूं की उपज बर्बाद कर दी है। बंदरों का झुंड खेतों में उत्पात मचाकर खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों ने बाहरी क्षेत्रों से लाकर बंदरों को गांवों में छोड़ने का आरोप लगाया है। लगातार खेती को नुकसान होने से किसान मायूस हो चुके हैं। रात को जंगली सूअर खेतों को रौंद दे रहे हैं। किसान उपज बचाने को रात और दिन खेतों में पहरा देने को मजबूर हो चुके हैं।

गांवों के किसान हाड़तोड़ मेहनत कर खेतीबाड़ी में जुटे हैं पर बंदरों का झुंड किसानों की मेहनत पर भारी पड़ते जा रहे हैं। किसान दिन में बंदरों व रात को जंगली सूअरों से उपज को खेतों में पहरा भी दे रहे बावजूद बंदर व जंगली सूअर खेतों में उपज को नुकसान पहुंचा रहे हैं। समीपवर्ती मल्लाकोट, तल्लाकोट, बादरकोट, गैरखाल, बजेड़ी, लोहाली, सिमलखा, बसगांव समेत तमाम गांवों में बंदरों के झुंड खेती के लिए अभिशाप बन चुके हैं। गेहूं की फसल को बंदर खासा नुकसान पहुंचा दे रहे हैं। वहीं जंगली सूअरों के झुंड भी किसानों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। कास्तकार कृपाल सिंह, बिशन जंतवाल, हीरा सिंह, आंनद सिंह आदि के अनुसार दिन रात खेतों में पहरा देने के बावजूद उनकी उपज को बर्बाद कर रहे हैं।

## बंदरों से निजात दिलाने को ग्रामीण करेंगे प्रदर्शन

**बागेश्वर, अमृत विचार :** बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए कत्यूर क्षेत्र की जनता 10 फरवरी को सिविल सोसायटी के नेतृत्व में गरुड़ में प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सिविल सोसायटी की ओर से गांवों में संपर्क किया जा रहा है। आरोप है कि वन विभाग की ओर से मैदानी क्षेत्रों से बंदरों को यहां छोड़ा जा रहा है जिससे प्रति माह बंदरों की संख्या बढ़ रही है। सिविल सोसायटी ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए गत माह से आंदोलन किया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक गांव में जुलूस प्रदर्शन किया जा रहा है। इधर सिविल सोसायटी की ओर से आंदोलन को धारदार बनाने के लिए गरुड़ में प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। सिविल सोसायटी के अध्यक्ष एडवोकेट डीके जोशी ने बताया कि सोसायटी की ओर से कौसानी, शांति बाजार, मजकोट, पिंगलों समेत कई गांवों में संपर्क किया जा चुका है।



सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# तीन बाइपास पर डामर नहीं होने पर प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** नगर के तीनों बाइपास मोटर मार्गों पर डामरीकरण करके उन पर यातायात सुचारु किए जाने व नगर में नाली निर्माण किए जाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने लोनिवि कार्यालय में प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि बाइपास मार्गों पर अतिक्रमण किया जा रहा तथा सहायक अभियंता के माध्यम से मुख्य अभियंता को ज्ञापन भेजा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगत सिंह डसीला के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता लोनिवि कार्यालय पहुंचे तथा वहां प्रदर्शन किया। कहा कि बाइपास मार्गों की हालत खराब है जिससे वहां पर यातायात प्रभावित हो रहा है। दुर्घटना का भय है। वक्ताओं ने कहा कि कई व्यक्तियों की ओर से बाइपास मोटर मार्ग में अतिक्रमणकारियों ने सड़क किनारे अतिक्रमण करके भवन बना लिए हैं तथा लोनिवि इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। आरोप लगाया कि राइंका बागेश्वर-त्यूनरा बाइपास मोटर मार्ग में कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों की ओर से सड़क की सर्वे बदलवा दी, जिसकी जांच किए जाने की मांग की। इसके बाद भी मांग न माने जाने पर दो सप्ताह बाद उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान जिला महामंत्री कवि जोशी, भीम कुमार, सुनील पांडे, विशाल रावत, दिव्यांशु आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# घात लगाकर पेड़ पर बैठे तेंदुए को देखकर सहम उठे ग्रामीण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** मानवीय चूक के कारण जंगलों के टूट रहे जैव चक्र के अब घातक परिणाम सामने आने लगे हैं। जंगली जानवर लगातार आबादी का रुख कर रहे हैं और मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं में तेजी आती जा रही हैं। जंगलों में वास करने वाले तेंदुए गांव, घरों और गली मोहल्लों तक में विचरण करने लगे हैं। जिले के सल्ट ब्लॉक में भी बीते दिवस ऐसा ही एक वाकया सामने आया।

सल्ट विकास खंड के तल्ली भ्याड़ी में एक तेंदुआ शिकार की तलाश में गांव से गुजर रहे रास्ते के बीच एक पेड़ पर घात लगा कर बैठा था। कुछ लोगों ने उसे देखा तो शोर मचाकर गांव वालों को एकत्र कर लिया। हो हल्ला होने के बाद तेंदुआ चुपचाप घने जंगल में जाकर छिप गया। बीते दिवस शाम के करीब चार से साढ़े चार बजे के आसपास तल्ली भ्याड़ी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप नेगी अपने गांव के रास्ते से होकर गुजर रहे थे। इसी बीच रास्ते में उन्हें एक विशालकाय पेड़ के बीच किसी जानवर के होने का अहसास हुआ। नजदीक गए तो उन्होंने देखा पेड़ की आड़ में एक तेंदुआ घात लगाकर वहां छिपा हुआ था, जिसकी सूचना उन्होंने ग्रामीण को दी। थोड़ी ही देर में वहां गांव के काफी लोग एकत्र हो गए।

ग्रामीणों ने उसे देखते ही उसे वहां से भगाने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। एक साथ काफी ग्रामीणों को देख तेंदुआ पेड़ से कूदकर भागने की कोशिश करने लगा। इस बीच गांव के कुछ लोगों ने उसे अपने मोबाइल पर भी कैद कर लिया। बाद में तेंदुआ वहां से भागने में कामयाब हो गया और घने जंगल में जाकर छिप गया।

मौलेखाल बाजार में व्यवसाय कराने वाले जोगा सिंह नेगी ने बताया कि वह जब अक्सर गांव से दुकान की ओर आते हैं तो उन्हें रास्ते में तेंदुए दिखाई देते हैं। ब्लॉक के कार्बेट टाइगर रिजर्व से सटे मरचूला क्षेत्र के अनेक गांवों के ग्रामीणों व बच्चों को तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है, लेकिन मानव वन्य जीव संघर्ष की इन घटनाओं को रोकने में वन महकमा नाकाम ही साबित हो रहा है। जिसका खामियाजा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



सल्ट के तल्ली भ्याड़ी में शिकार की तलाश में पेड़ पर छिपकर बैठा तेंदुआ। ● अमृत विचार


## वर्ग पहेली-334

**बाएं से दाएं**

1. 1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार
4. भारवाहक, भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति, कुली।
7. 1. स्त्री, औरत 2. पत्नी, बहू।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. खुशामद करने वाला व्यक्ति, चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।
3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।
4. 1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।
5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।
6. पवित्र करने वाली।





## वर्ग पहेली - 333 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | 2 ख | ला | ■ | ■ | ■ |
| ■ | जु | ■ | 3 सु | ■ | 4 म |
| 5 दु | रा | धा | र | ■ | नो |
| ■ | हो | ■ | धे | ■ | भ |
| 6 पिं | ■ | 7 अ | नु | भ | व |
| ड | ■ | टे | ■ | ■ | ■ |
| ल | ■ | 8 क | पे | सि | टी |

## सुडोकू-51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 4 | | | 2 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| 5 | | | 9 | | | 6 | | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | 3 | 2 | | | | 5 | 1 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 3 |
| | | 4 | | | 5 | | 2 | |
| | 7 | | | 8 | | | | |
| 6 | | | 1 | | | 3 | | 4 |

## सुडोकू - 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 16.07 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** — आज सहकर्मियों के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। बच्चे पढ़ाई को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। बड़े-बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। अपने करियर को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृष** — आज व्यापार से जुड़े लोगों को चोरी और सामान गुमने जैसी स्थितियों के लिए कुछ सावधान रहना चाहिए। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

**मिथुन** — आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों से काफी लाभ हो सकता है। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कर्क** — आज साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। छोटी दूरी की यात्रा में आपको कुछ समस्या हो सकती है। ऑनलाइन कारोबार में उत्तम लाभ मिल सकता है। स्त्री वर्ग को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना चाहिए।

**सिंह** — आज नए कार्यों की शुरुआत न करें। अनावश्यक बहसबाजी से अंतत: आपका ही नुकसान होगा। मंत्र और देवपूजा आदि की तरफ आप प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यक्षमता को लेकर कुछ शंका में रहेंगे।

**कन्या** — आज आप कई सारे काम होने के कारण थोड़े भ्रमित से रहेंगे। निर्णय लेने में थोड़ी परेशानी होगी। परिजनों के साथ समय बिताना अच्छा रहेगा। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

**तुला** — आज किसी सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बनेगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों पर किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को सुनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।


**धनु** — आज जॉब कर रहे लोगों को कार्यक्षेत्र में ज्यादा काम मिल सकता है। मशीनी कार्यों में कुछ सुधार करना पड़ सकता है। व्यापार में सुधार होने से प्रसन्न रहेंगे, लेकिन अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें।

**मकर** — आज पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें।

**कुंभ** — आज लोगों के विश्वासपात्र बने रहेंगे। प्रेमी जन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा हो सकती है। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

**मीन** — आज इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

## आज का पंचांग





**त्योहार/व्रत/दिवस**- एकादशी व्रत।
**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 07.35 तक तत्पश्चात मूल 7 फरवरी 06.27 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जुआरी — सुबह : 09.41
अनाड़ी — रात : 07.00

**Sony Max**
पीके — सुबह : 09.50
मलंग — रात : 07.00

**Sony Pix**
जिओस्ट्राम — सुबह : 08.47
स्पाइडर मैन :होमकमिंग — रात : 09.00

**Zee Cinema**
खलनायक — सुबह : 10.30
यमला पगला दीवाना 2 — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
चिराग — दोपहर : 12.25
आंदोलन — रात : 07.55

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे


## जोक्स ऑफ द डे

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
शुभम- नहीं भाई, आप गलत कह रहे है। पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी – क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा-भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

# धर्म दर्शन


भारद्वाज मुनि के संबंध में बाबा तुलसी ने मानस में लिखा-भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा, तिन्हहि राम पद अति अनुरागा। तापस सम दम दया निधाना, परमारथ पथ परम सुजाना।। अर्थात भारद्वाज मुनि प्रयाग में रहते हैं, उनका श्रीरामचंद्र जी के चरणों में अधिक प्रेम है। वे तपस्वी, शांत स्वभाव, इन्द्रियजित, दयालु और परमार्थ के मार्ग में बड़े चतुर हैं। एक बार माघ मास में तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी तट पर भारद्वाज मुनि के आश्रम में बहुत सारे मुनियों के साथ भारद्वाज के गुरु महर्षि याज्ञवल्क्य पधारे। भारद्वाज मुनि ने याज्ञवल्क्य ऋषि के समक्ष अपना संशय प्रकट किया-रामु कवन प्रभु पूछऊं तोही।



## भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा

याज्ञवल्क्य ऋषि ने जो रामकथा भारद्वाज मुनि को सुनाई वही कथा मानस में बाबा तुलसी ने गाया। वाल्मीकि रामायण और तुलसी के मानस दोनों में उल्लेख है कि राम वन जाते समय भारद्वाज आश्रम गए तथा भरत भीराम को वापस लाने के लिए जब चित्रकूट जा रहे थे तो प्रयाग में भारद्वाज मुनि के आश्रम में रुके थे। वाल्मीकि रामायण में क्रौंच युगल में से नर पक्षी की निषाद द्वारा हत्या किए जाने पर महर्षि वाल्मीकि को जो शोक हुआ और काव्य की जो धारा फूटी-मा निषाद प्रतिष्ठाम त्वमगमः शाश्वतीह समाः,यत क्रौन्च्मिथुनादेकमवाधिः काममोहितम। उसके साक्षी महर्षि वाल्मीकि के शिष्य भरद्वाज मुनि भी रहे। योगवशिष्ठ के अनुसार महर्षि वाल्मीकि ने सर्वप्रथम रामायण की कथा भारद्वाज मुनि की पत्नी पैठनसी को ही सुनाई थी। वाल्मीकि रामायण में अयोध्या कांड सर्ग 89 श्लोक 23 में भारद्वाज मुनि को देव पुरोहित से संबोधित किया गया है।

श्रुति-स्मृति-पुराण में भारद्वाज मुनि का संदर्भ मिलता है। अंगिरस वंशीय वृहस्पति अंगिरस के पुत्र-भारद्वाज मुनि वैदिक सुक्त-दृष्टा थे जिन्हें ऋग्वेद के छठवें मंडल के अनेक सूक्तों के प्रणयन का श्रेय दिया जाता है। अथर्ववेद और ब्राह्मण ग्रंथों में भारद्वाज मुनि का उल्लेख मंत्र दृष्टा ऋषि के रूप में मिलता है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारद्वाज मुनि के संबंध में बहुत सी कथाएं वायु पुराण, मत्स्य पुराण, विष्णु पुराण और ब्रह्मांड पुराण में मिलती हैं जिनके मंथन से स्पष्ट होता है कि अंगिरस पुत्र वृहस्पति वैशाली के मरुत राजा के पुरोहित थे। वैशाली में ही भारद्वाज का जन्म हुआ। इनका लालन-पालन मरुत राजा ने ही किया। आगे चलकर भारद्वाज मुनि काशिराज सुदेव पुत्र दिवोदास के पुरोहित बने। वायु पुराण और मत्स्य पुराण के अनुसार सुविख्यात पुरुवंशीय सम्राट राजा दुष्यंत और शकुंतला के यशस्वी पुत्र महाराज भरत जिससे भरत राजवंश की उत्पत्ति हुई और इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा,उनके कोई पुत्र नहीं था। वैशाली के मरुत ने पुत्र के रूप में भारद्वाज को भरत को प्रदान कर दिया।

भारद्वाज पहले ब्राह्मण थे,भरत के पुत्र होने के बाद क्षत्रिय कहलाए। दो पिताओं का पुत्र होने के कारण भारद्वाज को द्वयामुश्यायण भी कहा जाता है। मत्स्य पुराण और वायु पुराण में उल्लेख मिलता है कि भरत के मृत्योपरांत भारद्वाज ने राजपाट अपने पुत्र को सौंप कर वन चले गए। भरत वंश कई शाखा में बंटकर समस्त उत्तर भारत पर राज्य किया। भारद्वाज जन्मना कर्मणा ब्राह्मण और क्षत्रिय रहे। इसलिए भरत वंश में एक शाखा ब्राह्मण-क्षत्रिय मिश्रित रही जिसे उरुक्षय वंश कहा गया जिसमें महर्षि काप्य, महर्षि सांकृति, महर्षि गार्ग्य प्रसिद्ध हैं।

महाभारत में एक ऋषि भारद्वाज का उल्लेख मिलता है,जो उत्तर पांचाल के राजा पृषत के मित्र थे और कौरव पांडव के गुरु द्रोणाचार्य जिसके पुत्र थे। इन भारद्वाज को भी अन्गिराकुलोत्पन्न बताया जाता है,पर यह संशय है कि ये वही भारद्वाज हैं,जो त्रेतायुग में प्रयाग में बसते थे।

भारद्वाज के सूक्तों से विदित होता है कि महर्षि भारद्वाज का संबंध पायु, रजि, पेरुक जैसे मध्येशिया की जातियों से था। हिलेब्रांट ने अपनी पुस्तक वैदिक माइथोलॉजी में उल्लेख किया है कि सृंजयों के साथ भी भारद्वाज संबद्ध थे। विद्वानों का मत है कि महर्षि भारद्वाज ने प्रयाग त्रिवेणी तट पर गुरुकुल स्थापित कर इसे ज्ञान का केंद्र बनाया जहां भारत के बाहर से भी विद्याध्ययन के लिए जिज्ञासु आते रहे। मंत्रदृष्टा के साथ-साथ,महर्षि भारद्वाज,धर्मशास्त्रकार, व्याकरण,आयुर्वेद धनुर्वेद के मनीषी तथा राजनीतिशास्त्र कार तथा वैज्ञानिक के रूप में प्रसिद्ध रहे। वायु पुराण के अनुसार उन्होंने आयुर्वेद संहिता आठ भागों में लिखी। यंत्र सर्वस्व ग्रंथ में वैमानिकी का वर्णन बताया जाता है। मुंबई विश्वविद्यालय के ग्रंथालय में श्रौतसूत्र की एक पांडुलिपि है,जो भारद्वाज द्वारा लिखी कही जाती है। भारद्वाज का उल्लेख कौटिल्य के अर्थशास्त्र में सात बार आया है। राजनीतिशास्त्र विषयक ग्रंथ-यशस्तिलक ग्रंथ में भारद्वाज के राजनीति विषयक श्लोक उपलब्ध हैं। भारद्वाज ऋषि ही ऐसे गोत्रकार ऋषि हैं,जो सभी वर्णों-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शुद्र के विभिन्न आस्पद में गोत्र के रूप में मिलते हैं। भारद्वाज मुनि बसही प्रयागा जिन्हें रामपद अति अनुरागा।

## विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य

आधुनिक दक्षिण भारत के तमिलनाडु प्रांत के श्रीपेरुम्बुदूरपुरम् (तत्कालीन भूतपुरी) के एक तमिल ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनकी माता का नाम 'कांतिमती' तथा पिता का नाम केशव भट्ट या सोमैय्या था। विशिष्टाद्वैत दर्शन के प्रवर्तक होने के अतिरिक्त उनको हिंदूधर्म के पुरातन वैष्णव संप्रदाय का धुरंधर परमाचार्य माना जाता है। बचपन में ही उनको वैदिक शिक्षा के अध्ययन के निमित्त आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन से प्रभावित गुरु यादव प्रकाश के संरक्षण में भेज दिया गया। वहीं पर वह 'वरदराज पेरुमल मंदिर' के आराध्य भक्त बन गए। उनकी विलक्षण प्रतिभा और श्रीहरि विष्णु के प्रति अनन्य भक्ति उनके गुरु से अलगाव का कारण बनी। उधर यही अलगाव रामानुज के घूम-घूमकर उपदेश प्रसार के स्वर्णिम अवसरों का कारण बनी। उन दिनों वैष्णव धर्म के सुख्यात आचार्य एवं श्रृंरंगमपुरम के सुप्रसिद्ध "श्रीरंगस्वामी मंदिर" के प्रधान पुजारी "यामुनाचार्य" दक्षिण भारत के तत्कालीन चोल राज्य के सबसे लोकप्रिय आचार्य थे। नए उपदेशक की सुख्याति ने उनका ध्यान आकर्षित किया। स्वयं आगेआ "इलैय्यावार" (रामानुज का मूल तमिल नामथा, जिसका अर्थस्वतः 'प्रकाशमान' होता है) से संपर्क किया तथा अपना पट्टशिष्य और उत्तराधिकारी घोषित किया।




डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

अपने गुरु की अंतिम इच्छा का पालन करने के लिए 'इल्लैय्यावर' से 'रामानुज' बने आचार्य ने तीन-तीन कठिन संकल्प लिया था। यामुनाचार्य की तीन इच्छाएं पूरी न हो सकीं थीं। उनके शिष्यों के अनुसार उनके गुरुदेव की तीन ये प्रतिज्ञाएं क्रमशः ब्रह्मसूत्र का भाष्य लिखना, (2) दिल्ली के सुल्तान के यहां से श्रीराम मूर्ति जी, वैष्णवाचार्य का उद्धार तथा (3) विशिष्टाद्वैत के चतुर्दिक प्रचार हेतु दिग्विजय हेतु भ्रमण। पारंपरिक अनुश्रुति के अनुसार ज्योंही मृतगुरु के शव के रामानुजाचार्य जी ने तीनों की पूर्ति का प्रण लिया, गुरु की टेढ़ी हुई तीनों अंगुलियां स्वतः सीधी हो गईं। गुरु यामुनाचार्य का अंतिम संस्कार संपन्न कर रामानुज जी कांचीपुरम लौट गए। वहां से लौटने के बाद अपने वैवाहिक जीवन से ऊबकर संन्यासी बन चुके रामानुजाचार्य ने कांची में ही महापूर्ण स्वामी से व्यासकृत वेदांत सूत्रों के अर्थ के साथ तीन हजार गाथाओं का उपदेश भी प्राप्त किया।

## शक्ति संपन्न सोमदेव

हे यज्ञ साधनों। आप नेतृत्व की क्षमता से संपन्न हैं। हम आपके माध्यम से राक्षसी शक्तियों के मर्मस्थल पर प्रहार करते हैं। हम द्युलोक, अंतरिक्ष एवं पृथ्वी के हित की दृष्टि से आपको शुद्ध करते हैं। आप पिता की तरह पालक एवं प्रजाओं के आश्रय हैं। आप अपनी सद्भावनाओं से द्युलोक का स्पर्श करें,सद्विचारों से अंतरिक्ष को भर दें तथा सत्कर्मों से पृथ्वी को सुदृढ बनाएं। हे सर्वव्यापी यज्ञदेव। ज्ञानीजनों का समूह आपको सूर्य के दिव्य प्रकाश की भांति कण-कण में समाया हुआ अनुभव करता है। समस्त पृथ्वी, वन एवं पशुओं में आपका ही विस्तार है। आप याजकों को चारों ओर से भरपूर वैभव प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे याजक! हम आपके प्राण, वाणी, दृष्टि, श्रोत्र नाभि आदि अंगों को शुद्ध करते हैं। इस प्रकार आपके चरित्र का शोधन करके उसे यज्ञानुकूल बनाते हैं। आपके मन,वाणी और प्राण उत्कर्ष को प्राप्त करें। आपके नेत्र एवं कर्ण कल्याणकारी शक्तियों से संयुक्त रहें। आपके समस्त आचरण सदैव सुखदायी हों। हे औषधे। इनकी रक्षा करें और इन्हें नष्ट होने से बचाएं। हे जलदेवता। आप जिस प्रकार शरीरस्थ मैलों को दूर करते हैं,उसी प्रकार याजक के जो भी ईर्ष्या, द्वेष, असत्य भाषण, मिथ्यादोषरोपण आदि निंदनीय कर्म हैं,आप उन सब दोषों को दूर करें। जल एवं वायु अपने प्रवाह से पवित्र करके हमें यज्ञीय प्रयोजन के अनुरूप बनाएं।

हे हवि! आप स्थूल,सूक्ष्म और कारण रूप में सिंधुपर्यंत पृथ्वी,अंतरिक्ष एवं द्युलोक तक अपना विस्तार करें। आप इस जगत के उत्पादक सविता देवता,मित्र,वरुण, सोम, वैश्वानर अग्नि, दिन, रात्रि, छंदों, यज्ञादि समस्त देव शक्तियों को तृप्ति प्रदान करें। अपने धूम्र अर्थात् वायु-भूत ऊर्जा से द्युलोक को प्रकाश से अंतरिक्ष को एवं भस्म से पृथ्वी को परिपूर्ण करें। हमारे अंतःकरण को सत्कर्म के लिए दिव्य प्रेरणाएं प्रदान करें। हे सोमरूपी अमृत का संरक्षण करने वाली देवशक्तियों। आप कल्याणकारी हैं, वृत्र रूप विकारों का नाश करके सोम का पोषण करने वाली तथा धन प्रदायक हैं। आप इस यज्ञ का नेतृत्व करें तथा सोमरस का पान करें। कभी नष्ट न होने वाले हे दिव्य सोम। आप हमारे आहार को मधुर रस आदि तत्वों से युक्त कर दें। आपके जागृत स्वरूप के लिए हम यह आहुति समर्पित करते हैं। यह आहुति अनंत अंतरिक्ष में विस्तार प्राप्त करे। अनंत शक्ति संपन्न हे सोमदेव! आपके अनुग्रह से हम याजकगण सदैव देवताओं के निमित्त हवि देने वाले हों। विश्व मानव द्वारा वरण करने योग्य यह पहली सर्वोत्कृष्ट संस्कृति है। संस्कारित सोमदेव,वरुण मित्र तथा अग्निदेवों में अग्रणी हैं।

## बौद्धिक क्षमता का पर्व गुप्त नवरात्र

ऋषियों का 'यत पिंडे तत ब्रह्मांडे' कथन आध्यात्मिक दृष्टि से ही नहीं,बल्कि वैज्ञानिक कसौटी पर भी हर पल शोध का विषय बना हुआ है। संपूर्ण ब्रह्मांड अद्भुत है तो मानव-शरीर भी रहस्यातीत है। ऋषियों ने कोटिसूर्य की बात कही तो मानव शरीर में भी अनंत सूर्य सदृश तेज है,जो सुषुप्त अवस्था में है,उसे ही जागृत करने के लिए योग, तप, साधना, व्रत, उपवास आदि के विधान किए गए। वैदिक काल में वर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के बजाय माघ शुक्ल की प्रतिपदा से होती रही है। इसी अवधि में वसंत पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना बौद्धिक धन की प्राप्ति के लिए की जाती रही है। माघ महीने में संगम स्नान के दौरान जुटे गुरुजन जनमानस में ज्ञान का प्रचार-प्रसार करते रहे हैं। समाज संचालन में जैसे शासक एवं शासित होते हैं,उसी तरह ज्ञान के क्षेत्र में गुरु और शिष्य तथा लोकजीवन में पुरोहित एवं गृहस्थ की व्यवस्था बनी है। शक्ति-संचय का पर्व वर्ष में शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र विख्यात है। भगवान राम ने भी रावण से युद्ध के पूर्व मां दुर्गा से शक्ति पाने के लिए शरद-ऋतु में कठोर उपासना की थी। वैसे तो श्रीमद्देवी भागवत महापुराण में एक सौर वर्ष में नौ नवरात्र के पर्व का उल्लेख है जिसमें शारदीय, वासंतिक के अलावा आषाढ़, श्रावण (सावन), भाद्रपद, कार्तिक, मार्गशीर्ष (अग्रहायण), माघ एवं फाल्गुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक व्रत-उपवास के साथ मां दुर्गा से उपासक शक्ति प्राप्त करता है। इसे नवाह यज्ञ बताया गया है। ब्रह्मांड में विद्यमान शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा से अनंत ऊर्जा प्राप्त करने के अलावा नौ माह गर्भ में रखकर जन्म देने वाली मां के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी विधान परिलक्षित होता है। पुराणकारों का मानना है कि प्राचीनकाल में हमारे ऋषियों, मुनियों ने इस तरह के तप-बल से प्रकृति से संवाद किया और प्रकृति में व्याप्त रहस्यों को मानव कल्याण के लिए प्रकट किया। आज विज्ञान भी इन ऋषियों के ही ज्ञान को आधार बनाकर अनेकानेक खोज करने में सफल हुआ है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र जिसे प्रकट नवरात्र कहा जाता है, के अलावा आषाढ़ एवं माघ महीने में गुप्त नवरात्र का भी उल्लेख उक्त पुराण में है। इसी पुराण के 12 वें स्कंध के 21 वें श्लोक में भक्तों की चार श्रेणियां बतायी गईं। जिसे वैष्णव, शैव, सौर तथा गाणपत्य भक्त शामिल हैं। इन सभी लोगों को अपनी रुचि के अनुसार या समस्त नवरात्रों पर साधना करनी चाहिए। इस वर्ष माघ का यह गुप्त नवरात्र नौ दिवसीय है,जो 10 फरवरी से 18 फरवरी तक रहेगा।

# कुमाऊं

## मुख्यमंत्री के रोड शो की तैयारियां तेज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** दस फरवरी को जिले के हवालबाग में प्रस्तावित आजीविका महोत्सव में भाग लेने आ रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम को लेकर जिल प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को जिलाधिकारी विनीत तोमर ने इस संबंध में जिले के आला अधिकारियों की बैठक ली। इसमें डीएम ने उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने भाजपा के प्रतिनिधियों से भी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा दस फरवरी को आर्मी हैलीपैड से शिखर तिराहे तक रोड शो किया जाएगा। जिसके बाद शिखर तिराहे से हवालबाग तक मोटर साइकिल रैली भी आयोजित की जानी है। उन्होंने बताया कि हवालबाग पहुंचने पर सीएम द्वारा रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर में विभागीय योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से सीधे संवाद किया जाएगा। साथ ही वह विभागीय योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण करेंगे व कई विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कन्या पूजन कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद रखा जाए। उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं कार्यक्रम के दौरान की जानी है उन्हें ससमय पूर्ण कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने वाहन व्यवस्था, विद्युत, मंच संचालन, खान पान, चैक वितरण कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की और निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं व उनका गंभीरता से निर्वहन करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आंकाक्षा कोंडे, उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद, भाजपा महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, भाजपा नगर उपाध्यक्ष कैलाश गुरूरानी, पंकज जोशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेते डीएम विनीत तोमर। ● अमृत विचार

## द्वाराहाट के गांवों में दो दिन नहीं आएगा पानी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के द्वाराहाट विकास खंड के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक गांव और उनके तोकों में रहने वाले लोगों को दो दिनों तक पेयजल मुहैया नहीं हो पाएगा।

दरअसल द्वाराहाट की घुसेला पंपिंग पेयजल योजना में इन दिनों जल जीवन मिशन के तहत नई पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। जिस कारण इन गांवों और तोकों में पीने के पानी की आपूर्ति नहीं हो सकेगी। जिस कारण ग्रामीणों को कड़ाके की ठंड में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जल संस्थान के अवर अभियंता एसएस रौतेला के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत घुसेला पंपिंग पेयजल योजना में नए पंप व पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, इसलिए इस पंपिंग लाइन से जुड़े सलना, घुसेला, छतीना और कहाली ग्राम पंचायतों और उनके तोकों में पेयजल की आपूर्ति बाधित रहेगी।

उन्होंने बताया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य अंतिम चरण में है, लेकिन पेयजल आपूर्ति होने में अभी दो दिन का समय लग सकता है। बुधवार से ही पेयजल की आपूर्ति सुचारू हो पाएगी।

### सार-संक्षेप

**नार्थ जोन प्रतियोगिता में एसएसजे का बेहतरीन प्रदर्शन**

**अल्मोड़ा :** हिमाचल प्रदेश में चल रहे नार्थ जोन अंतर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में सोबन सिंह जीना यूनिवर्सिटी की पुरुष टीम द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किया जा रहा है। शिमला में खराब मौसम के बावजूद देव सुमन विवि के साथ दस दस ओवर का नॉक आउट मुकाबला खेला गया। जिसमें देव सुमन विश्विद्यालय द्वारा पहले बल्लेबाजी करते हुए 74 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा कर सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की टीम ने 10 ओवर में 73 रन बनाकर मुकाबले को टाई तक पहुंचा दिया। जिसके बाद मैच का परिणाम सुपर ओवर तक गया। जिसमें सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल कर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दोनों टीमों के बीच अभी दूसरा प्री क्वार्टर मुकाबला खेला जाना है। विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम का शानदार प्रदर्शन को देखकर माननीय कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, कुलसचिव डा. भास्कर चौधरी, वित्त अधिकारी ऐके तिवारी, विश्वविद्यालय क्रीड़ा प्रभारी लियाकत अली खान, टीम मैनेजर पंकज कुमार, टीम कोच लोकेश तिवारी और गिरीश अधिकारी ने टीम को बधाई दी है।

**रुद्रपुर से अल्मोड़ा पहुंची नाबालिग, परिजनों को सौंपी**

**अल्मोड़ा :** परिजनों से खफा होकर रुद्रपुर से अल्मोड़ा पहुंची एक नाबालिग बालिका को अल्मोड़ा पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। यह बालिका उत्तर प्रदेश के पीलीभीत की है, जो वर्तमान में रुद्रपुर में अपनी दीदी के घर रह रही थी। अल्मोड़ा की धारानौला चौकी पुलिस को एक नाबालिग बालिका अकेली बाजार में काफी समय से इधर-उधर घूमती दिखाई दी। संदेह होने पर पुलिस ने बालिका से पूछताछ की। पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह मझलिया, थाना अमरिया, जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और वह वर्तमान में रुद्रपुर अपनी दीदी के घर पर रह रही थी। उसने दीदी से नाराज होकर अल्मोड़ा आने की बात बताई। धारानौला पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क साधा और उन्हें इसकी जानकारी दी। इसके बाद बालिका दीदी व जीजा रुद्रपुर से अल्मोड़ा पहुंचे, तो बालिका को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को चुने गए 10 बाल वैज्ञानिक**

**अल्मोड़ा :** दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता का अल्मोड़ा में समापन हो गया। आकर्षक मॉडल बनाने वाले 10 बाल वैज्ञानिकों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। इन बाल वैज्ञानिकों ने स्वास्थ्य, कृषि, संचार आदि पर प्रस्तुत मॉडल प्रस्तुत कर जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। राजकीय इंटर कालेज अल्मोड़ा सभागार में इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीईओ अंबा दत्त बलोदी ने किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खूशबू, अन्नया बोरा, कमल जोशी, धीरज मेहरा, गंगा नेगी, आरीष खान, भूमिका नैनवाल, भावना, प्रियंका, पंकज का चयन हुआ। सभी चयनित बाल वैज्ञानिक आगामी आठ और नौ फरवरी को नरेंद्र नगर ऋषिकेष में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में राज्य समन्वयक डा. नवनीत कुमार, जिला समन्वयक विनोद कुमार राठौर, प्रधानाचार्य नंदन सिंह बिष्ट, यूसी पांडे, डा. हेम तिवारी, डा. दीप जोशी, अभय साह. धीरज कुमार, मनोज जोशी, राजेश बिष्ट, गोविंद रावत समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।


## आज होगा दुग्ध संघ के अध्यक्ष का चुनाव

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा बागेश्वर दुग्ध संघ को चुनाव के लिए आखिरकार नई प्रबंध कमेटी मिल गई है। सोमवार को प्रबंध कमेटी का निर्विरोध निर्वाचन कर लिया गया और नामों की सार्वजनिक घोषणा भी कर दी गई। अब मंगलवार को प्रबंध कमेटी के सभी सदस्य दुग्ध संघ के अध्यक्ष के चुनाव में प्रतिभाग करेंगे।

दुग्ध संघ के प्रबंधक राजेश मेहता ने बताया कि दुग्ध संघ के चुनाव निर्वाचन अधिकारी डा.उदय शंकर व सहायक निर्वाचन अधिकारी हरीश चंद्र की देखरेख में संचालित किए जा रहे हैं। बीते दिनों प्रबंध कमेटी के लिए नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे। इनमें चौखुटिया से चंद्रशेखर जोशी, ताड़ीखेत से मोहन चंद्र पपनै, धौलादेवी से गिरीश चंद्र खोलिया, बागेश्वर से मोहनी देवी, बिल्खेत से सुनीता देवी, भिकियासैंण से ख्याली दत्त, सोनी से कुंवर सिंह गोसाई और हवालबाग से ब्रह्मानंद डालाकोटी ने एकल नामांकन पत्र दाखिल किया था। जबकि द्वाराहाट से नीमा देवी पत्नी विजय पाल व नीमा देवी पत्नी महेंद्र सिंह ने नामांकन कराया था। लेकिन बाद में नीमा देवी पत्नी महेंद्र सिंह ने नामांकन पत्र वापस ले लिया। सभी नौ वार्ड में एक एक ही उम्मीदवार के शेष रहने पर सोमवार को निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी गई।

**पार्वती बन सकती हैं निर्विरोध अध्यक्ष**



**चम्पावत :** चम्पावत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के प्रबंध कमेटी के सभी नौ वार्ड के सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद अब अध्यक्ष के चुनाव भी बगैर मतदान के होने की उम्मीद है। निर्वाचन अधिकारी डॉ. नंदन प्रसाद ने बताया कि चुनाव की समूची प्रक्रिया छह फरवरी को दुग्ध संघ परिसर में संपन्न होगी। अब तक के समीकरण बताते हैं कि अध्यक्ष के लिए मतदान की नौबत नहीं आएगी। ललुवापानी से सदस्य बनीं पार्वती जोशी के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने के आसार हैं। पार्वती जोशी भाजपा के चम्पावत नगर मंडल महामंत्री कृष्णानंद जोशी की पत्नी हैं। छह फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी करा ली गई हैं।

## छावनी परिषदों का शीघ्र विलय नहीं

संवाददाता, रानीखेत

▸▸ **छावनी परिषदों के वैरी बोर्ड का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाए जाने से करना होगा इंतजार**

अमृत विचार : रक्षा मंत्रालय की ओर से छावनी परिषदों के वैरी बोर्ड का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाए जाने से छावनी परिषदों को शीघ्र नगर पालिकाओं में तब्दील किए जाने की फिलहाल संभावनाओं पर कुहासा छा गया है।

यानी नगर पालिका में विलय किए जाने की प्रतीक्षा में बैठे नागरिकों को फिलहाल अभी और प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। वहीं रानीखेत में इस मांग को लेकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन आज मौसम खराबी के बावजूद 324 वें दिन जारी रहा।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष 22 फरवरी 2023 को कैंटोनमेंट बोर्ड चुनाव की अधिसूचना जारी हुई थी जिसके तहत 30 अप्रैल 2023 को चुनाव होना था। इसके लिए कैंटोनमेंट प्रशासन ने मतदाता सूची, नामांकन आदि की तैयारियां भी पूर्ण कर ली थी। लेकिन एक माह की कवायद के बाद रक्षा मंत्रालय ने अचानक चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी। बाद में रक्षा मंत्रालय ने कैंटोनमेंट बोर्डों के सिविल एरिया को राज्य के नगर निकायों को सौंप कर सैन्य स्टेशनों को अलग रखने की मंशा को स्पष्ट किया था।

इधर, रानीखेत नगर पालिका की मांग को लेकर लम्बे वक्त से संघर्ष चलता रहा है। इसी क्रम में पिछले वर्ष कैंटोनमेंट बोर्ड चुनाव के बहिष्कार को लेकर नागरिक एकजुट हुए। बाद में चुनाव स्थगित होते ही यह संघर्ष नगर पालिका में विलय के धरने में तब्दील हो गया। तब से आज तक नागरिकों का सांकेतिक धरना नगर पालिका में विलय की उम्मीद की बुनियाद पर कायम है।

## गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जागेश्वर विधानसभा के दन्या मंडल में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने सरस्वती शिशु मंदिर दन्या में गांव चलो अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी महिपाल बिष्ट, कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह डसीला, भाजपा संयोजक राधेश्याम, मनोहर सिंह के अतिरिक्त सभी बूथों के बूथ अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताएंगे

**लोहाघाट, अमृत विचार :** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा ने पाटी ब्लाक के भिंगराड़ा में रीठासाहिब मंडल की बैठक का आयोजन किया। मंडल अध्यक्ष नवीन रसीला की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत पार्टी के कार्यकर्ता गांवों में प्रवास कर लोगों को सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

## हमें भी मणिपुर की तर्ज पर नौकरी और पेंशन मिले

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** गुरिल्ला संगठन ने मणिपुर की तर्ज पर नौकरी और पेंशन का लाभ दिए जाने की मांग की है। इस संबंध में संगठन की ओर से एसडीएम आकाश जोशी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। सोमवार को एसएसबी स्वयंसेवक कल्याण समिति के नगर अध्यक्ष बलवंत सिंह कुल्याल के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में कहा कि गुरिल्ला संगठन नौकरी व पेंशन सहित तमाम मांगों को लेकर बीते 17 वर्षों से आंदोलनरत रहा है।



टनकपुर तहसील में एसडीएम आकाश जोशी को ज्ञापन देते गुरिल्ले। ● अमृत विचार

कहा कि हाल ही में सीएम धामी ने अधिकारियों को विभिन्न विभागों में प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयंसेवकों को आजीविका से जोड़ने और समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए थे। कहा कि गुरिल्ला संगठन ने मणिपुर की तर्ज पर नौकरी व पेंशन का लाभ दिए जाने की मांग की है। गुरिल्ला स्वयं सेवकों की मांग पर कार्रवाई नहीं की गई तो गांधी मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में देवेन्द्र भट्ट, योगेश चन्द, प्रकाश राम, भवानी राम, भगवान दास, चंद्र शेखर पाटनी, प्रकाश सिंह, सूरज सिंह महर आदि मौजूद रहे।

**लोहाघाट में गुरिल्लों का धरना आठवें दिन भी जारी**

**लोहाघाट :** नौकरी, पेंशन और आश्रित हित लाभ की मांग को लेकर लोहाघाट में चल रहा गुरिल्लों का धरना सोमवार को आठवें दिन भी जारी रहा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। इस दौरान गुरिल्लों ने 10 फरवरी को होने वाली रैली की रणनीति बनाई। विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के प्रतिनिधि चांद सिंह बोहरा ने गुरिल्लों को समर्थन देकर उनकी मांगों को जायज बताया। इस मौके पर प्रताप सिंह, शिव दत्त जोशी, माधो सिंह, ईश्वरी दत्त शर्मा, लक्ष्मी देवी, अमर राम, दीवान सिंह, राधिका देवी, महेश चन्द्र, ललित मोहन, गंगा राम, कृष्ण राम, प्रकाश सिंह बिष्ट, पदमा देवी आदि मौजूद रहे।

# पिथौरागढ़ का मेडिकल कॉलेज टूरिज्म से जुड़ेगा

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गंभीरता एवं तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए

**बैठक**

- **राज्य का आदर्श एवं बेहतरीन मेडिकल कॉलेज बनाने पर जोर**
- **संशोधित प्रोजेक्ट की ईएफसी की बैठक में विस्तार से चर्चा की**

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज को राज्य का एक आदर्श एवं बेहतरीन मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्ययोजना पर गंभीरता एवं तत्परता से कार्य करने के निर्देश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा कार्यदायी संस्था उत्तराखंड पेयजल निगम को दिए हैं।



विधानसभा भवन में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं मुख्य सचिव।

सोमवार को विधानसभा भवन में आयोजित पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज की संशोधित प्रोजेक्ट की ईएफसी (व्यय वित्त समिति) की बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इसकी ईएफसी पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट किया कि पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की एक महत्वकांक्षी परियोजना है। इसे प्रदेश के एक आदर्श मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित करने के साथ ही मेडिकल टूरिज्म से भी जोड़ा जाएगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि कार्यदायी संस्था पेयजल निगम द्वारा पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज के प्रोजेक्ट को नेशनल मेडिकल कमीशन के मानकों के अनुरूप संशोधित कर दिया गया है। मुख्य सचिव ने पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज के टीचिंग हॉस्पिटल में एक रैनबसेरे के निर्माण के भी निर्देश दिए हैं।

# विधायक कैड़ा ने देहरादून में उठाईं क्षेत्र की समस्याएं

**मुलाकात**

- **विधानसभा सत्र के दौरान प्रभारी मंत्री से मुलाकात की**
- **36 से अधिक मोटर मार्गों को स्वीकृति प्रदान करने की मांग**

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भीमताल विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम सिंह कैड़ा ने देहरादून में विधानसभा सत्र के दौरान नैनीताल की प्रभारी मंत्री रेखा आर्य से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक के अंदर आज भी कई गांव मुख्य सड़क से नहीं जुड़ पाए हैं। जिस कारण क्षेत्र की जनता को अवागम में काफी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है।

विधायक कैड़ा ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देकर भीमताल क्षेत्र के खनस्यूं से हैड़ाखान, गौनियारो से धार तोक तक, सिमलिया से बड़ोंन मिड़ी तक, गलनी से जमनी तक,



प्रभारी मंत्री को मांगपत्र देते विधायक।

कुकना बजवालगांव तक, भौरसा से टुड़ीकनाला तक, बानना से सुरलेख तक, सुई से टांडा, चैकसेदुला से कौडार धनियाड़ तक, मज्यूली से मोहनागांव, नाई से तल्ली दिनी, सुपी से भीड़ाखेत से भटेलिया लेनपोखरा, कपूवा से सकार तक, पस्या इंटर कालेज से छिड़ा, ल्वाड़ गांव सहित 3 दर्जन से अधिक मोटर मार्गों को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में सम्मलित कर स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। साथ ही विधायक कैड़ा ने भीमताल क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

# श्रद्धालुओं को बचाने वाले युवा सम्मानित

**टनकपुर/चम्पावत, अमृत विचार :** रीठा साहिब गुरुद्वारे से वापस पंजाब जा रहे 61 सिख तीर्थ यात्रियों की बस टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर 18 जून 2023 की रात 10 बजे एकाएक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। बस पलटी और खाई में जाने से किसी तरह बाल-बाल बची। 34 यात्री घायल हुए। इस दौरान सबसे बेहतर और साहस का काम किया धौन के कुछ युवाओं ने।

आपात सेवा 108 की एंबुलेंस सहित अन्य वाहन 20 मिनट के भीतर दुर्घटना स्थल पर पहुंची और सभी की जिंदगी बच गई। धौन के ग्रामीणों में अहम भूमिका निभाने वालों में पंकज भट्ट, नारायण दत्त भट्ट, आनंद सिंह रावत, संजीव डाली और संजय सिंह शामिल रहे। देहरादून में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार और उत्तराखंड के निदेशक यातायात आईजी मुख्तार मोहसिन ने पुरस्कृत किया। सभी को दस हजार-दस हजार रुपये का चेक दिया गया। संजय सिंह को छोड़ शेष चार ग्रामीणों ने देहरादून में पुरस्कृत हुए। देहरादून नहीं पहुंच पाने वाले संजय सिंह को यह पुरस्कार जिला मुख्यालय में दिया जाएगा।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को दिया प्रशिक्षण



कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलिकोट में प्रशिक्षण लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, ज्योलीकोट

**अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट नैनीताल की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को प्रारंभ किया गया। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु आर्या परियोजना के अन्तर्गत डॉ. सुधा जुकारिया एवं डॉ. शशि तिवारी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें डॉ. सुधा जुकारिया द्वारा 25 महिलाओं को मोमबत्ती निर्माण विषय में कौशल विकास आधारित प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सर्वप्रथम मोमबत्ती निर्माण तथा उसके पश्चात विभिन्न आकृतियों की मोमबत्तियों को रूप ऐपण कला से सुसाज्जित करने की विधियों का विस्तृत प्रदर्शन किया तथा महिलाओं को स्वयं मोमबत्तियों बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम 'भिटौली सामाजिक शोध एवं ग्रामीण विकास स्वायत्त सहकारिता' गेठिया में की गई। जिसमें सहकारिता की अध्यक्ष रक्षिता बोरा सचिव विनीता के साथ सहकारिता की 25 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। उनको मोमबत्ती बनाने की ट्रेनिंग की दी गई जिससे वह महिलाएं आत्मनिर्भर भी बनेंगी और स्वरोजगार से भी करेंगी और वह ट्रेनिंग लेकर अन्य महिलाओं को भी ट्रेनिंग देने का कार्य करेंगी।

# यूओयू में 8 से होगा वैज्ञानिकों का संगम

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) का 18वां राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिक सम्मेलन 8 से 9 फरवरी तक होगा। यहां देश भर के वैज्ञानिक आएंगे और अपने शोधपत्र भी प्रस्तुत करेंगे।

सोमवार को कुलसचिव डीडी पंत ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन सीएम पुष्कर सिंह धामी करेंगे। साथ ही राज्यपाल गुरमीत सिंह सम्मेलन के समापन समारोह में आएंगे। देशभर से 410 शोधार्थी अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान 13 सत्रों का आयोजन होगा और शोधार्थी अपने शोधपत्र पढ़ेंगे। साथ ही उत्कृष्ट शोधपत्र पर बेस्ट साइंटिस्ट का पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके अलावा विज्ञान प्रदर्शनी भी लगेगी जिसमें 55 संस्थान प्रतिभाग करेंगे।

# नकल रोधी कानून बनेगा मॉडल

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) विधेयक पेश किया। यह विधेयक जल्द देश में नकलरोधी कानून का रूप लेगा। इसी तरह का कानून प्रदेश सरकार ने फरवरी 2023 में लागू किया है। यह देश के सबसे कठोर कानून में शामिल हैं।

केंद्र सरकार ने इस कानून को माडल के रूप में लेते हुए देश भर में लागू करने का निर्णय लिया। प्रदेश में नकलरोधी कानून लागू होने के बाद इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिले हैं। पूर्ववर्ती सरकारों में नकल माफिया के पूरे तंत्र को ध्वस्त कर धामी सरकार ने एक बड़ा संदेश दिया। इस कानून के अस्तित्व में आने के बाद अब राज्य में परीक्षाएं न केवल समय पर हो रही हैं, बल्कि परिणाम भी जल्द जारी हो रहे हैं।



इस कानून में संगठित होकर नकल कराने और अनुचित साधनों में लिप्त पाए जाने वाले मामलों में आजीवन कारावास की सजा तथा 10 करोड़ रुपये जुर्माने का प्रविधान है। साथ ही आरोपितों की संपत्ति को जब्त करने की व्यवस्था भी कानून में की गई है। नकल करते पकड़े जाने पर आरोप पत्र दाखिल होने की तिथि से दो से पांच वर्ष तक परीक्षाओं से निलंबित किया जाएगा। दोष साबित होने पर 10 वर्ष के लिए सभी परीक्षाओं से निलंबित किया जाएगा। दोबारा नकल करते पाए जाने पर पांच से 10 वर्ष तक के लिए सभी परीक्षाओं से निलंबित किया जाएगा।

दोष साबित होने पर आजीवन सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लोकसभा में सख्त नकलरोधी कानून का बिल पेश करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में लागू कठोर कानून जैसा विधेयक पेश कर प्रदेश सरकार का मनोबल बढ़ाया है।

# सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**लक्सर।** क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के भिक्कमपुर जीतपुर गांव निवासी वेदपाल उसका भाई धर्मपाल तथा पुत्र आयुष कार से शादी समारोह से शामिल होकर गांव लौट रहे थे कि हबीबपुर गांव के निकट ट्रैक्टर ट्राली व कार की जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसमें सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लक्सर अस्पताल भिजवाया जहां आयुष की मौत हो गई।

धर्मपाल की हायर सेंटर भूमानंद हॉस्पिटल हरिद्वार में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं लक्सर रायसी मार्ग पर मुंडाखेड़ा खुर्द गांव के निकट ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर एक साइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

# धौलादेवी सीएचसी में ब्लड स्टोरेज यूनिट के खुलने की उम्मीद जगी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के दूरस्थ विकास खंड धौलादेवी में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड स्टोरेज यूनिट खुलने की उम्मीद जगी है। विभाग की अनुमति के बाद अब महकमे ने सीएचसी में इसके लिए उपकरण स्थापित करने शुरू कर दिए हैं। साथ ही लाइसेंस के लिए भी आवेदन कर दिया है। लाइसेंस मिलते ही यहां ब्लड स्टोरेज यूनिट संचालित हो जाएगा, जिससे दूरदराज के लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

जिले के धौलादेवी ब्लॉक में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विकास खंड के सैंकडों गांवों के अलावा आसपास के जनपदों के रोगी उपचार के लिए आते हैं।



सीएचसी धौलादेवी। ● अमृत विचार

लेकिन यहां ब्लड स्टोरेज यूनिट ना होने के कारण गंभीर रोगियों गर्भवती महिलाओं और दुर्घटनाओं में घायल लोगों के तीमारदारों को या तो यहां से करीव साठ किमी दूर अल्मोड़ा ब्लड बैंक तक की दौड़ लगानी पड़ती है या फिर ऐसे रोगियों को यहां से हायर सेंटर रेफर करना पड़ता है। भौगोलिक रूप से विषम क्षेत्र होने और दूरदराज के रोगियों की इस समस्या को देखते हुए जिले के स्वास्थ्य महकमे ने विभाग के उच्च अधिकारियों को यहां ब्लड स्टोरेज यूनिट खोलने का प्रस्ताव भेजा था। जिसे विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिसके बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने यहां ब्लड स्टोरेज यूनिट के लिए आवश्यक उपकरण स्थापित करने शुरू कर दिए हैं। जिला कार्यक्रम समन्वयक एनएचएम दीपक भट्ट ने बताया कि विभाग द्वारा ब्लड स्टोरेज यूनिट के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिा भी शुरू कर दी गई है। लाइसेंस मिलते ही यहां ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना शुरू कर दी जाएगी। जिसे विकास खंड समेत आसपास के जिलों से आने वाले रोगियों को सुविधा मिल सकेगी।

## उत्तर प्रदेश

# नंबर हैक करके लिखा सेक्स वर्कर

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के एक जरी कारीगर के बेटे का मोबाइल नंबर साइबर ठगों ने हैक कर लिया और उसके व्हाट्सएप स्टेट्स पर युवती का फोटो लगाकर सेक्स वर्कर के लिए संपर्क करें लिख दिया। साइबर ठग ने युवक को फोन पर 15 हजार रुपये भी मांगे और नहीं देने पर बदनाम करने की धमकी दी।

युवक ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ जरी का काम करते हैं। कुछ दिन पहले उनके बेटे के नंबर पर फोन आया कि उसके व्हाट्सएप को हैक कर लिया गया है। अगर उन्हें 15 हजार रुपये नहीं दिए तो वह उनके बेटे को बदनाम कर देगा। उनके बेटे ने यह बात उन्हें बताई। उसके कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि उनके नंबर पर उनकी जानने वाली युवती का फोटो लगाकर उस पर सेक्स वर्कर के लिए इस नंबर पर संपर्क करें लिख दिया है। वह एसएसपी कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे।

# किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले को पांच वर्ष की कैद

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अपर सत्र न्यायाधीश स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट गीता सिंह नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए पांच साल कैद और जुर्माने से दंडित किया। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार शर्मा ने की।

अभियोजन कथानक के अनुसार कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि 21 सितंबर 2022 को उसकी 12 वर्षीया पुत्री गांव में भागवत सुनकर दीपक जलाकर अपने घर वापस आ रही थी। तभी गांव के सर्वेश कुमार ने बुरी नीयत से पुत्री को पकड़ लिया और अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने टार्च की रोशनी मारी तो आरोपी मौके से भाग गया। पुत्री ने घर आकर घटना बताई। जब आरोपी के घर शिकायत लेकर गई तो गाली गलौज करते हुए मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। महिला ने बताया कि पति हरियाणा में मजदूरी करने गए थे। उन्हें फोन कर बताया। पति के घर आने पर थाने में शिकायत की।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश गीता सिंह ने आरोपी सर्वेश कुमार को नाबालिग से छेड़छाड़ का दोषी पाते हुए पांच साल कैद और 26 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# अफीम की अवैध खेती करने वाला गिरफ्तार

**बरेली/बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी थाना पुलिस ने अफीम की अवैध रूप से खेती करने वाले को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 375 अफीम के पौधे और 185 ग्राम डोडा पोस्त भी बरामद किया है।

बहेड़ी सीओ डॉ. तेजवीर सिंह और थाना प्रभारी प्रवीन सोलंकी ने पुलिस टीम के साथ सोमवार सुबह 8 बजे के करीब रिछौली फार्म पहुंचे तो वहां शमशेर सिंह अफीम की खेती कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। आरोपी ने बताया कि उसने अफीम की खेती बरसीम के खेत में की थी। तीन महीने में पौधा तैयार हो जाता। पुलिस ने जसपाल सिंह को भी गिरफ्तार किया। उसके पास से दो तमंचा और कारतूस समेत चार खोखे बरामद हुए।

# दुष्कर्म के मामले में दोषी को 10 वर्ष की सजा, अर्थदंड भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** अदालत ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को दस वर्ष के कारावास व आठ हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। घटना कोतवाली संभल क्षेत्र के गांव में सात फरवरी 2020 को हुई। आरोपी युवती को घर से बुला कर ले गया और प्राइमरी विद्यालय में दुष्कर्म किया।

पीड़िता के पिता ने सात फरवरी 2020 को कोतवाली संभल में तहरीर दी थी। जिसमें बताया गया था कि सात फरवरी की शाम करीब सात बजे उसकी 19 वर्षीय बेटी को इस्तेकार पुत्र कल्लू निवासी गांव मिर्जापुर कोतवाली संभल घर से बुला कर ले गया और गांव में ही स्थित प्राइमरी स्कूल में ले जाकर

**सजा**

- **गांव की युवती को घर से बुला कर स्कूल की वारदात**
- **फरवरी 2020 को कोतवाली संभल में तहरीर दी थी**

उसके साथ दुष्कर्म किया। शाम करीब सात बजे बेटी की तलाश में वह अपने बेटे मोहम्मद अंसार के साथ स्कूल में पहुंचा तो देखा कि इस्तेकार उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। उसने बमुश्किल मारपीट कर इस्तेकार के चंगुल से बेटी को बचाया और आरोपी को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा रिपोर्ट दर्ज की। साक्ष्यों को जुटा कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप केसेस एण्ड पॉक्सो एक्ट) संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। सोमवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश निर्भय नारायण राय ने आरोपी इस्तेकार को धारा 376 आईपीसी में दोषी करार देते हुए दस वर्ष के कारावास व आठ हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। आरोपी पर लगाए गए अर्थदण्ड की पचास प्रतिशत धनराशि पुर्नवास हेतु पीड़िता को दी।

# ई-रिक्शा की बैटरी फटी, पांच झुलसे

**बिजनौर, अमृत विचार :** सोमवार की सुबह ई-रिक्शा का बैटरी फटने से महिला सहित पांच लोग तेजाब से झुलस गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में झुलसे लोगों को जिला अस्पताल भिजवाया।

कस्बे के मोहल्ला इस्लामाबाद निवासी शमीम अहमद ई-रिक्शा चलाता है। सोमवार सुबह वह ई-रिक्शा में मोहल्ले के ही रईस, मेरठ निवासी संजय बंसल उनकी पत्नी मंजू और उज्जवल को बैठाकर बिजनौर जा रहा था। अपना बैंकट हॉल के सामने अचानक ई रिक्शा का बैटरी फट गया। बैटरी से निकले तेजाब से ई-रिक्शा में सवार लोग बुरी तरह झुलस गए। ई-रिक्शा से धुआं निकलने लगा। चीख-पुकार सुनकर मौके पर तमाम लोग एकत्र हो गए। जानकारी पर पहुंचे चौकी प्रभारी सुभाष राणा ने पांचों घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल भेज दिया।

# किशोरी की हत्या के आरोप में दर्ज होगी एफआईआर

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश अर्चना गुप्ता ने थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक ग्रामीण की ओर से दाखिल किए गए प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद थानाध्यक्ष सुनगढ़ी को प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं। यह भी आदेश किया कि एफआईआर की एक प्रति बिना विलम्ब के न्यायालय भेजी जाए।

न्यायालय में दाखिल किए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने बताया कि उसकी 16 वर्षीया पुत्री को गांव का वीरपाल अपने भाई प्रेमपाल, बहन सोमवती, मां कंचन देवी व पिता नत्थूलाल के सहयोग से करीब एक वर्ष पूर्व बहला-फुसलाकर ले गया था। मामले में थाना सुनगढ़ी और फिर एसपी को शिकायत की गई। जिसके बाद आरोपी वीरपाल पुत्री को वापस ले आया, लेकिन उसने उसकी पुत्री को वापस नहीं दिया। इन सभी ने दबाव बनाकर नाबालिग पुत्री का विवाह वीरपाल के साथ करा दिया।

विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। कई माह से पुत्री को गायब कर दिया है। पुत्री की हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाया। यह भी बताया कि कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन पुलिस सुनवाई नहीं कर रही। न्यायालय ने प्रार्थना पत्र की सुनवाई के बाद सुनगढ़ी थानाध्यक्ष को रिपोर्ट दर्ज कर, विवेचना कराने के आदेश दिए हैं।

# कैंटर की टक्कर से पलटी बस, 20 यात्री घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद-बिलारी मार्ग पर राणा चीनी मिल के पास चंडीगढ़ से यात्रियों को लेकर आ रही डबल डेकर बस को पीछे से आ रहे कैंटर ने टक्कर मार दी। इससे अनियंत्रित होकर बस खंदक में पलट गई। हादसे में 20 यात्री घायल हो गए। पुलिस व लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।

घायलों में रामपुर, बदायूं, बरेली और संभल के लोग शामिल हैं। बताया गया कि सोमवार सुबह निजी बस चंडीगढ़ से सवारियां लेकर आंबला जा रही थी। बस में 90 से 100 यात्री सवार थे। तड़के पांच बजे राणा चीनी शुगर मिल के सामने कैंटर ने बस में मार दी। बस पलटने से यात्रियों को चीख पुकार मच गई।

# व्यापारी का फोन खोया खाते से निकाले रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पहले गत्ता व्यापारी का मोबाइल खो गया, फिर उसके बाद 21 दिनों के अंतराल में बैंक खाते से चार लाख रुपये भी निकल गए। पीड़ित ने शुरू में ही मोबाइल खोने की सूचना मझोला थाने में दी थी लेकिन, जब उसके खाते से रुपये चोरी हुई तो उसने दूसरी बार थाने जाकर पुलिस को सूचना दी। साइबर क्राइम सेल में भी घटना की जानकारी देकर कार्रवाई के लिए गुहार लगाई लेकिन, अभी इस मामले में पीड़ित को कोई राहत नहीं मिली है।

मझोला थाना क्षेत्र के गांव डिडौरा निवासी राकेश कुमार गत्ता व्यापारी हैं। उन्होंने अपने स्तर से जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसके रुपये बिलारी में नदीम, सुरेंद्र और जोया में पाशा के जनसेवा केंद्र से किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर हुए हैं। पीड़ित ने एक जनसेवा केंद्र से रुपये निकालने वाले संदिग्ध का वीडियो भी प्राप्त कर लिया है। वीडियो में संदिग्ध रुपये गिनता दिख रहा है। पीड़ित ने बताया कि उनका मोबाइल 5 नवंबर को खो गया। इसकी सूचना उन्होंने मझोला थाने पर 10 नवंबर को दी थी। उन्होंने बताया कि पत्नी के इलाज लिए वह 27 दिसंबर के दिन दोपहर 2.30 बजे के दौरान पाकबड़ा में डॉक्टर के पास बैठे थे। उसी दौरान उनके मोबाइल पर 20-20 हजार रुपये निकलने के तीन और 40 हजार रुपये खाते से निकलने का एक मैसेज आया।

# फंदे से लटका मिला कारपेंटर का शव

**अमरोहा, अमृत विचार :** कस्बा व थाना आदमपुर निवासी 16 वर्षीय कारपेंटर का शव रविवार की दोपहर कमरे की छत के कुंडे के सहारे लटका मिला। परिजनों ने हत्या की आंशका जताई है।

मामला कस्बा आदमपुर का है। यहां रहने वाला 16 वर्षीय शाकिब सैफी पुत्र छिद्दा खां करीब 20 दिन पहले कारपेंटर का काम करने के लिए गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी गया था। उसने कुछ साथियों के साथ मिलकर किराए पर कमरा ले रखा था। रविवार को शाकिब सैफी चादर के सहारे कमरे की छत में लगे कुंडे से फंदे से लटका मिला। सूचना पर उसे नीचे उतारा गया। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं। आनन-फानन में उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

# गिरफ्तारी के डर से फंदा लगाकर आत्महत्या की

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

**अमृत विचार :** गिरफ्तारी के डर से ग्रामीण ने सोमवार की सुबह फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पर अपने दामाद को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में बछरायूं थाने में मुकदमा दर्ज है।

क्षेत्र के बिजोरा गांव निवासी छत्रपाल (42) ने अपनी बेटी की शादी करीब दो वर्ष पहले बछरायूं थाना क्षेत्र के आलमनगर गांव निवासी विपिन से की थी। दो माह पहले विपिन व छत्रपाल की बेटी के बीच अनबन हो गई थी। इसके बाद छत्रपाल अपनी बेटी को अपने घर ले आया था। इसके अगले ही दिन छत्रपाल के दामाद विपिन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में विपिन के परिवार वालों ने छत्रपाल व उसकी बेटी समेत कई लोगों के खिलाफ विपिन को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को बछरायूं पुलिस छत्रपाल के घर पहुंची। उस समय छत्रपाल घर पर नहीं था। पुलिस छत्रपाल के भाई से उसे थाने भेजने की बात कहकर चली गई। रात को छत्रपाल लौटकर घर आया तो भाई ने उसे पुलिस के आने की बात बताई। परिवार वालों के अनुसार गिरफ्तारी के डर से छत्रपाल सोमवार की सुबह छह बजे उठा और गांव से करीब 500 मीटर दूर गेहूं के खेत में पेड़ से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह लोगों ने छत्रपाल के शव को फंदे पर लटका देखा तो घटना की जानकारी हुई।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 900 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1835, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1405, सचिन 1420, सूरज 1430, अवसर 1500, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1595, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14200, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

# रूसी तेल आयात 12 महीने के निचले स्तर पर

## एनर्जी कार्गो ट्रैकर वोर्टेक्सा के आंकड़ों के अनुसार भारत में अभी भी दीर्घकालिक मांग बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात जनवरी में लगातार दूसरे महीने गिरकर 12 महीने में सबसे निचले स्तर पर आ गया। हालांकि, दीर्घकालिक मांग अब भी बरकरार है। एनर्जी कार्गो ट्रैकर 'वोर्टेक्सा' के आंकड़ों के अनुसार, रूस ने जनवरी में भारत को प्रति दिन 12 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति की, जो दिसंबर में 13.2 लाख बैरल और नवंबर 2023 में 16.2 लाख बैरल से कम है। हालांकि, रूस अब भी भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

वोर्टेक्सा के अनुसार, भारत ने दिसंबर 2021 में रूस से सिर्फ 36,255 बैरल प्रति दिन कच्चे तेल का आयात किया, जबकि इराक से



10.5 लाख बैरल प्रति दिन और सऊदी अरब से 952,625 बैरल प्रति दिन आयात किया। रूस से आयात पिछले साल जून में 21 लाख बैरल प्रति दिन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था, जो भारत द्वारा आयातित कुल तेल का करीब 40 प्रतिशत है। उद्योग से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि रूसी कच्चे तेल की दीर्घकालिक मांग बरकरार है।

एक अधिकारी ने कहा कि एक महीने में गिरावट तथा दूसरे महीने में बढ़ोतरी पूरी कहानी बयां नहीं करती। तथ्य यह है कि भारतीय कंपनियां तब तक रूसी कच्चा तेल खरीदना जारी रखेंगी जब तक यह आर्थिक रूप से सही रहेगा। अन्य एक अधिकारी ने कहा-जब तक रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति लागत वैकल्पिक स्रोतों की तुलना में कम रहेगी तब तक भारतीय रिफाइनर इसे खरीदेंगे।

### आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल को पहले 9 महीनों में 69,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम विपणन कंपनियों का लाभ चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 69,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो तेल संकट से पहले के वर्षों की उनकी वार्षिक कमाई से कहीं अधिक है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशल लि. (एचपीसीएल) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में संयुक्त रूप से तेल संकट से पहले के वर्षों में रही 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर है। सार्वजनिक क्षेत्र की इन पेट्रोलियम कंपनियों की तरफ से शेयर बाजारों को दी गई सूचना से यह आंकड़ा सामने आया है। खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों ने दैनिक मूल्य संशोधन व्यवस्था पर लौटने और उपभोक्ताओं को दरों में आई नकमी का लाभ देने की मांग का विरोध किया है। उनका तर्क है कि कीमतें बेहद अस्थिर बनी हुई हैं और उनके पिछले नुकसान की पूरी तरह से भरपाई नहीं हुई है।

### सेबी ने चार कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** हयात ब्रांड के तहत होटल श्रृंखला चलाने वाली जुनिपर होटल्स और रियल एस्टेट कंपनी आर्केड डेवलपर्स समेत चार कंपनियों को बाजार नियामक सेबी ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से निर्गम लाने की मंजूरी पाने वाली कंपनियों में लॉजिस्टिक फर्म सीजे डार्कल लॉजिस्टिक्स और कृषि उपकरण विनिर्माता इंडो फार्म इक्विपमेंट भी शामिल हैं। सेबी ने सोमवार को इन कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने की जानकारी दी। इन फर्मों ने सितंबर और अक्टूबर, 2023 के बीच सेबी के समक्ष आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। हालांकि, बाजार नियामक ने क्रोनॉक्स लैब साइंसेज और श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी के आईपीओ प्रस्तावों को लौटा दिया है।

## भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ एचएसबीसी इंडिया के सर्वेक्षण में हुआ खुलासा

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और सकारात्मक मांग के दम पर जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जनवरी में 61.8 पुहंच गया। यह दिसंबर में 59 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है।

सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों पर आधारित



है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-भारत की सेवा पीएमआई जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

नए व्यवसाय का विस्तार तेज गति से हुआ और भविष्य की गतिविधि के लिए प्रबंधकों की उम्मीदें मजबूत बनी हैं। कारोबारी गतिविधि सूचकांक में तेजी आई, जिससे संकेत मिलता है कि भारत का सेवा निर्यात मजबूत बना हुआ है। नई निर्यात बिक्री 3 महीनों में सबसे तेज़ गति से बढ़ी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,800 |
| चांदी तैयार | 72,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 84-86 मसूरी- 68 1121 बासमती 99, **दाल दलहन** काला चना 96-116 साबुत चना दाल- 63-64 मूंग साबुत 94 राजमा 200 दाल उड़द 98-115 साबुत मसूर दाल 72-74 मसूर दाल 71-72 उड़द साबुत 100 काबुली चना 73-165 अरहर साबुत 10-112 अरहर दाल 128 लोबिया/करमानी 80-81 सोयाबीन 41-42 मूंगफली 74-77 मटर (सूखी) 55-61 मक्का 25 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये।

## सरसों फसल का रकबा 5 प्रतिशत बढ़कर 100.39 लाख हेक्टेयर

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ एसईए ने रबी सत्र 2023-24 के जारी किए आंकड़े

फसल वर्ष 2023-24 के रबी सत्र में सरसों फसल का रकबा पांच प्रतिशत बढ़कर 100 लाख हेक्टेयर से अधिक होने का अनुमान है। उद्योग जगत के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक बयान में सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि उसने अखिल भारतीय सरसों फसल सर्वेक्षण के लिए आरएमएसआई क्रॉपलिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड को नामित किया है। सरसों एक महत्वपूर्ण तिलहन है।

आरएमएसआई ने सुदूर संवेदी माध्यम (रिमोट सेंसिंग) पर आधारित तीसरी रिपोर्ट सौंपी है। एसईए ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार-अखिल भारतीय सरसों फसल का रकबा 100.39 लाख हेक्टेयर बताया गया है, जो पिछले साल के रिमोट सेंसिंग-आधारित अनुमान 95.76 लाख हेक्टेयर से पांच प्रतिशत अधिक है। गुजरात और राजस्थान के कई जिलों में किसानों ने कम कीमत मिलने के कारण सरसों के बजाय अन्य फसलों की खेती का विकल्प चुना है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारूती व भारतीय एयरटेल में बिकवाली से सेंसेक्स में 354 अंक की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

▶▶ निफ्टी 82.10 अंक की गिरावट के साथ 21,771.70 पर बंद

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 354 अंक के नुकसान में रहा।

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और मारुति में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली से तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 354.21 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,731.42 अंक पर बंद



हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 72,385.93 अंक तक गया और नीचे में 71,602.14 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.10 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,771.70 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार शुरुआत में मजबूत खुला लेकिन बाद में सीमित दायरे में रहा और अंत में तेज गिरावट के साथ बंद हुआ।

### पेटीएम के शेयर में तीसरे सत्र में गिरावट

**नई दिल्ली।** पेटीएम के शेयर में सोमवार को लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में और 10 प्रतिशत गिर गए। बीएसई पर शेयर 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 438.35 रुपये पर आ गए। एनएसई पर 9.99 प्रतिशत गिरकर 438.50 रुपये पर पहुंच गए।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में कई हत्याओं में शामिल दो माओवादी गिरफ्तार

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में हत्या के कुछ मामलों और सुरक्षाकर्मियों के साथ कई मुठभेड़ों में कथित तौर पर संलिप्तता के लिए कांकेर जिले से दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि बीजापुर जिले के रहने वाले इन दोनों माओवादियों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि 2022 से माओवादियों के उत्तरी बस्तर संभाग में समन्वय दल के कमांडर के रूप में सक्रिय विनोद अवलम (21) और उपकमांडर आसु कोर्सा (23) को रविवार को कांकेर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंजालगोडी गांव से गिरफ्तार कर लिया गया।

### तेजस्वी की याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अहमदाबाद की एक अदालत में लंबित आपराधिक मानहानि के मामले को राज्य के बाहर किसी दूसरी जगह स्थानांतरित करने की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। तेजस्वी ने कथित तौर पर 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' टिप्पणी की थी, जिसको लेकर वह आपराधिक मानहानि के मामले का सामना कर रहे हैं।

### हथियारों सहित दो अपराधी गिरफ्तार

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा मे पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस उपाधीक्षक जसप्रीत सिंह ने सोमवार को इसकी पुष्टि करते हुये बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवजोत सिंह और करण दोनों निवासी गांव मस्कावेद जिला कपूरथला के रूप में हुई है, जिन्हें एएसआई निर्मल सिंह के नेतृत्व में सीआईए की एक टीम ने नाकाबंदी के दौरान बदमाशों की जांच के दौरान गिरफ्तार किया था। पुलिस उपाधीक्षक जसप्रीत ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों पर विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कुल सात मामले दर्ज थे। उपाधीक्षक ने कहा कि दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट फगवाड़ा के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उन्हें आगे की पूछताछ के लिए पांच दिनों के लिए पुलिस रिमांड में भेज दिया।

# अगर कोई जुर्रत करेगा तो देंगे मुंहतोड़ जवाब

## लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलएसी को लेकर कांग्रेस नेता के सवाल पर किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि ताकतवर बन गया है तथा अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी के बाद सदन में यह बयान दिया। चर्चा में भाग लेते हुए चौधरी ने कहा कि अभिभाषण में देश की सुरक्षा का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सवाल किया कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पूर्व की यथास्थिति



की बहाली का क्या हुआ? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख तक हाल बुरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में चीन से संबंधित नीति लगातार विफल रही है। इस पर हस्तक्षेप करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संदर्भ में चौधरी ने जो भी कुछ कहा है कि वह उससे असहमति व्यक्त करते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा-मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत अब कमजोर भारत नहीं है। भारत अब ताकतवर भारत बन गया है। अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। संसद के पटल पर देश को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

### जम्मू के लिए 1.18 लाख करोड़ का बजट पेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2024-25 का 1.18 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया। अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 20,760 करोड़ रुपये और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान रखा गया है। संसद में पेश अंतरिम बजट के अनुसार, 2024-25 लिए पूंजीगत व्यय 38,566 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। यह जीएसडीपी का 14.64 प्रतिशत है।

### उपासना स्थल अधिनियम को समाप्त करने की मांग

भाजपा के सदस्य हरनाथ सिंह यादव ने सोमवार को उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को तत्काल समाप्त करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि यह कानून संविधान के तहत प्रदान किए गए हिंदुओं, सिखों, जैनियों और बौद्धों के धार्मिक अधिकारों का अतिक्रमण करता है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान उन्होंने यह भी दावा किया कि कानून देश में सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा-उपासना स्थल अधिनियम पूरी तरह से अतार्किक और असंवैधानिक है।

## गठबंधन से पहले केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

▶▶ दिल्ली शराब घोटाला : कोर्ट 7 फरवरी को सुनाएगी फैसला

**अमृत विचार:** झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री सोरेन की गिरफ्तारी के बाद अब दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह परिवर्तन निदेशालय द्वारा जारी पांच सम्मनों को उनके द्वारा ठुकराना है। एक अन्य मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच भी सक्रिय हो गई है।

जमीन घोटाले को लेकर पिछले 8 महीने से प्रवर्तन निदेशालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भूमिका की जांच कर रहे थे। वह देश के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्हें पद पर रहते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है इसके बाद ही उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा ठीक उसी तरह दिल्ली शराब घोटाले में केजरीवाल की भूमिका को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई महीनो से जांच कर रहा है और बारी-बारी से



पांच बार उन्हें तलब कर चुका है। अब अटकलें लगाई जा रही है कि सोरेन की गिरफ्तारी और केजरीवाल के खिलाफ निदेशालय का अदालत में जाना, इस बात का मार्ग प्रशस्त कर सकता है कि लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाए।

हालांकि भाजपा सरकार के खिलाफ चुनाव पूर्व बनने वाले इंडिया गठबंधन को लेकर अब केजरीवाल मुख्य भूमिका में हैं। अभी तक यह भूमिका बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निभा रहे थे। लेकिन उनके पलट जाने के बाद यह काम केजरीवाल ने संभाला है। लगभग सभी राजनीतिक दलों की निगाहें आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच चल रही चुनावी तालमेल की वार्ता पर टिकी हुई हैं। ऐसे समय में परिवर्तन निदेशालय एवं दिल्ली पुलिस की विशिष्ट शाखा क्राइम ब्रांच का सक्रिय होना बहुत मायने रखता है। 2 नवंबर से 2 फरवरी तक परिवर्तन निदेशालय दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को पांच बार पूछताछ के लिए नोटिस भेज चुका है। लेकिन नोटिस को गैरकानूनी बताते हुए निदेशालय के समक्ष वे पेश नहीं हुए हैं। अब परिवर्तन निदेशालय ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अदालत 7 फरवरी को अपना फैसला सुनाएगी। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने विधायकों की खरीद फरोख्त के मामले में मुख्यमंत्री की घेराबंदी शुरू कर दी है। तीसरा उप राज्यपाल सक्सेना ने भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर केजरीवाल से जवाब मांगा है।

## वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सूचना एवं प्रसारण सचिव के रूप में कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अपूर्व चंद्र की जगह ली है, जिन्हें स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया है। तेलंगाना कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी जाजू नवंबर 2022 से राज्य सरकार में सेवा दे रहे थे। जाजू इससे पहले रक्षा उत्पादन विभाग में अतिरिक्त सचिव और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम के निदेशक रह चुके हैं।

## चुनौती देने वाली हरियाणा की याचिका पर जवाब दे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

**नौकरियों में आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय का निर्देश**

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के स्थानीय निवासियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को "असंवैधानिक" करार देने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर राज्य सरकार की याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार से उनका जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने हरियाणा सरकार द्वारा दायर अपील पर केंद्र सरकार और फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को नोटिस जारी किया। हरियाणा सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला तर्कहीन है। राज्य सरकार ने 17 नवंबर, 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है। उच्च न्यायालय ने हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवार रोजगार अधिनियम, 2020 को भी अधिकार क्षेत्र से परे करार दिया था।

## सिसोदिया हफ्ते में एक बार बीमार पत्नी से मिल सकेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दी पैरोल

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी है। बैठक के दौरान डॉक्टर भी उनसे मिलेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।

कोर्ट ने उनकी नियमित जमानत पर सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे तय की है। बता दें, इससे पहले कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी थी।

बता दें, दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उनकी पत्नी लंबे समय से बीमार चल रही है। वह कई बार कोर्ट से गुहार लगा चुके हैं कि उन्हें पत्नी से मिलने की अनुमति दी जाए। हालांकि कोर्ट ने उन्हें कई बार पत्नी से मिलने की अनुमति दे चुके हैं। अब वह हर हफ्ते ही पत्नी से मिल सकेंगे।

दरअसल, मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा एक ऐसी बीमारी से बीते 23 साल से ग्रसित हैं, जिससे उनके मस्तिष्क का नियंत्रण उनके



शरीर पर कम रहता है। ऐसे में उन्हें चलने-बैठने आदि में परेशानी होती है। सीमा सिसोदिया को मल्टीपल स्क्लेरोसिस नामक बीमारी है। यह बड़ी ही अजीब बीमारी है जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। सिसोदिया कोर्ट में याचिका दायर कर पत्नी के साथ कुछ समय रहने की मांग की थी।

उनकी पत्नी मल्टीपल स्क्लेरोसिस ऑटोइम्युन की बीमारी है। इस बीमारी में अपनी प्रतिरोधक क्षमता शरीर की कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाने लगती है, जो मस्तिष्क व रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करती है। इस वजह मस्तिष्क का शरीर के अन्य हिस्सों पर नियंत्रण कम होने लगता है। साथ ही मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं।

# झारखंड में चंपई सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

रांची, एजेंसी

▶▶ पक्ष में 47 और विरोध में 29 विधायकों का मत

झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया जबकि 29 विधायकों ने इसके खिलाफ मतदान किया। निर्दलीय विधायक सरयू रॉय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

विधानसभा में मतदान के दौरान 77 विधायक उपस्थित रहे। झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सत्तारूढ़ गठबंधन को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी



(लिबरेशन) के इकलौते विधायक ने बाहर से समर्थन दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत विपक्षी गठबंधन में भाजपा के 26 और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के तीन विधायक हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने दो फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चंपई सोरेन को सदन में अपनी सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का वक्त दिया गया। उन्होंने फैसला किया था कि वह पांच फरवरी को विश्वास मत हासिल करेंगे।

### आरोप साबित हुए तो राजनीति छोड़ दूंगा: हेमंत सोरेन



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर आरोप साबित हो गए तो वह राजनीति छोड़ देंगे। विधानसभा में झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा पेश किए विश्वास प्रस्ताव में भाग लेते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा साजिश रचे जाने के बाद राजभवन ने उनकी गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभायी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने दो फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन ने कहा-मैं भाजपा को मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देता हूं। अगर आरोप साबित हुए तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। सोरेन अभी ईडी की हिरासत में हैं।

## दिल्ली में विश्व वैष्णव सम्मेलन 8 फरवरी से

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** राजधानी में 8 फरवरी को विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के हजारों सनातन धर्मावलंबी एवं साधु-सन्यासी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। हौज खास स्थित गौडीय मठ में आयोजित पत्रकार वार्ता में गौडीय मिशन के अध्यक्ष भक्ति सुंदर सन्यासी महाराज ने बताया कि दिल्ली में गौडीय मठ की स्थापना करने वाले श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के 150वें जन्म दिवसोत्सव के उपलक्ष्य में प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी एक डाक टिकट एवं 150 रुपये का सिक्का भी जारी करेंगे।

# इंग्लैंड जैसी टीम के खिलाफ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व: रोहित

## पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों को सराहा

विशाखापत्तनम, एजेंसी



इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की चला रही श्रृंखला के दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर 1-1 से बराबर करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस मजबूत टीम के खिलाफ युवा खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। जीत के लिए 399 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 292 रन पर आउट हो गई। रोहित ने पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने मैन ऑफ द मैच बुमराह के बारे में कहा, वह हमारे लिए एक चैंपियन खिलाड़ी है। वह पिछले कुछ समय से हमारे लिए यह काम कर रहा है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाई। पहली पारी में 209 रन बनाने वाले जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा, वह अच्छा खिलाड़ी है और अपने खेल को अच्छे से समझता है। उसे लंबा सफर तय करना है। जाहिर है कि यह एक विशेष पारी थी। उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह विनम्र बना रहेगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी लेकिन कई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके।

## मैं आंकड़ों को नहीं देखता: बुमराह



बुमराह ने कहा कि मैं आंकड़ों को नहीं देखता हूं। अगर आप आंकड़ों के बारे में सोचेंगे तो बहुत दबाव होगा। मैं खुश हूं कि हम जीते और मैंने इसमें योगदान दिया। बुमराह ने पहली पारी में ओली पोप को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड किया था। इस बारे में उन्होंने कहा कि जब मैं युवा था तब मेरी पहली गेंद यॉर्कर ही होती थी। इसे मैंने टेनिस-बॉल क्रिकेट में सीखा था। तब मुझे लगता था कि विकेट लेने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा कि हम गेंदबाजी विभाग में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं और इस गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा के तौर पर युवाओं का मार्गदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है।

**पहली पारी**
ओवर 15.5 विकेट 06

**दूसरी पारी**
ओवर 17.2 विकेट 03

## हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि लक्ष्य पा सकते हैं : स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उनकी टीम जीत के लिए 399 रन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। कुछ समय से टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 292 रन पर आउट होकर लक्ष्य से 106 रन दूर रह गयी। स्टोक्स ने कहा कि हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम लक्ष्य पा सकते हैं। हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी है जो दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते हैं। स्टोक्स ने कहा कि उनकी टीम भारत पर दबाव बनाने में सफल रही लेकिन मैच को विजेता के तौर पर खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने खुद को इन परिस्थितियों में ढाला और भारत को दबाव में रखा वह बहुत अच्छा था, दुर्भाग्य से हम परिणाम अपने पक्ष में नहीं कर सके। स्टोक्स ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैंने खिलाड़ियों को कोई सुझाव नहीं दिया था।

## खेल डायरी

### फज्र बैडमिंटन चैलेंज: मिश्रित में सतीश-आद्या और पुरुष युगल में साई-कृष्णा की जोड़ी विजेता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज्र अंतरराष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की। के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता। पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गई।

### मेस्सी के हांगकांग में नहीं खेलने से प्रशंसक नाराज

**हांगकांग, एजेंसी।** हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के आयोजक को



लियोनल मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। मैच आयोजक टैटलर एशिया के अध्यक्ष मिशेल लामुनिअर ने कहा कि इंटर मियामी के साथ उसके अनुबंध के अनुसार मेस्सी और टीम के कुछ अन्य फुटबॉल सितारों को मुकाबले में खेलने की जरूरत थी, बशर्ते वे चोटिल नहीं हों।

### बांग्लादेश से हार के बाद नेपाल से भिड़ेगा भारत

**अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप**

**ढाका, एजेंसी।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम बांग्लादेश के खिलाफ 0-1 की निराशाजनक हार से उबरकर मंगलवार को यहां अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप में नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। रविवार को भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ इंजरी टाइम में गोल खाया था जिससे उसे शिकस्त मिली। भारतीय टीम ने बांग्लदेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बावजूद मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता लग रहा था। बांग्लादेश ने मैच के अंतिम लम्हों में गोल दागकर जीत दर्ज की। 2019 में हुई सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भारत ने नेपाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसका सामना बांग्लादेश से हुआ था।

### अर्जेंटीना, फ्रांस डेविस कप फाइनल्स ग्रुप चरण में

**रोसारियो (अर्जेंटीना), एजेंसी।** अर्जेंटीना ने क्वालीफाइंग दौर में कजाकिस्तान को 3-2 से हराकर डेविस कप फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई। सेबेस्टियन बेज ने रविवार को दो मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए दिमित्री पोपको हराकर अर्जेंटीना की जीत पक्की की। अन्य मुकाबलों में बेल्जियम ने जिजौ बर्ग्स की डुजे अजदुकोविच को, चेक गणराज्य ने इजराइल को तो फ्रांस ने ताइवान को मात दी।

### फुटबॉल विश्व कप का फाइनल न्यू जर्सी में होगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फुटबॉल विश्व कप 2026 का फाइनल अमेरिका के न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। न्यू जर्सी ने टेक्सास और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों को पछाड़कर यह अधिकार पाया। 48 देशों और 104 मैचों वाले इस विश्व कप का फाइनल 19 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। फीफा ने रविवार को मियामी टेलीविजन स्टूडियो में 39-दिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी का अधिकार न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम को दिया। विश्व कप का आगाज 11 जून को होगा और इस मैच की मेजबानी का अधिकार मैक्सिको सिटी के एस्टाडियो एज्टेका को मिला है। न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने कहा कि यह हमारी विविधता और हमारे मूल्यों का उत्सव होगा। बड़ी तस्वीर यह है कि हम आने वाले दशकों के लिए क्या पैमाना तय करते हैं।

# 106 रन की जीता के साथ भारत ने श्रृंखला में की 1-1 की बराबरी

## इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेटकर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर किया कड़ा प्रहार



**पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जायेगा**

विशाखापत्तनम, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से भारत ने पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैड को 106 रन से हराकर शानदार वापसी की। जीत के लिए 399 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेट कर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर कड़ा प्रहार किया। इस जीत से भारत ने श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया। भारत के यशस्वी जायसवाल के 209 रन के दम पर पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया था। दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) शतक जड़कर लय हासिल करने में सफल रहे। उनकी पारी से टीम 255 रन बनाकर इंग्लैंड को बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। इंग्लैंड ने हैदराबाद में हुए पहले मैच को 28 रन से जीता था। श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जायेगा।



दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को बेन स्टोक्स को आउट करने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

इंग्लैड के लिए जैक क्राउली ने 73 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 132 गेंद में आठ चौके और एक छक्का जड़ा। भारत के लिए पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले मैन ऑफ द मैच बुमराह ने इस पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 72 रन देकर तीन सफलता हासिल की। वह हालांकि टेस्ट में 500 विकेट का कारनामा पूरा नहीं कर सके और इस रिकॉर्ड से एक विकेट दूर है। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 67 रन से की। टीम ने पहले सत्र में तेजी से 127 रन बनाये लेकिन भारत ने इस दौरान पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया। लंच से पहले पांच गेंद के अंदर कुलदीप ने क्राउली (73) को आउट किया जबकि बुमराह ने जॉनी बेयरस्टो (26) को चलता कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। इस समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन था। लंच के बाद श्रेयस अय्यर के सटीक थ्रो पर कप्तान बेन स्टोक्स (11) के रन आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदें खत्म हो गयी। बेन फॉक्स (36) और टॉम हार्टले (36) ने आठवें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों को थोड़ा परेशान किया लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने जल्दी ही बाकी बचे दोनों विकेट लेकर औपचारिकता पूरी की। अश्विन की गेंद पर हार्टले के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों की कैच अपील को मैदानी अंपायर ने मान लिया। जिसके बाद हार्टले ने डीआरएस लिया।

### स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)

इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 292/10 (69.2 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशजैक क्राउली पगबाधा कुलदीप | 73 | 132 | 8/1 |
| बेन डकेट का भरत बो अश्विन | 28 | 27 | 6/0 |
| रेहान अहमद पगबाधा अक्षर | 23 | 31 | 5/0 |
| ओली पोप का रोहित बो अश्विन | 23 | 21 | 5/0 |
| जो रूट का अक्षर बो अश्विन | 16 | 10 | 2/1 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बुमराह | 26 | 36 | 5/0 |
| बेन स्टोक्स रन आउट (अय्यर) | 11 | 29 | 1/0 |
| बेन फॉक्स का एवं बो बुमराह | 36 | 69 | 4/1 |
| टॉम हार्टले बो बुमराह | 36 | 47 | 5/1 |
| शोएब बशीर का भरत बो मुकेश | 00 | 08 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 05 | 08 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 15, **विकेट पतन:** 1-50, 2-95, 3-132, 4-154, 5-194, 6-194, 7-220, 8-275, 9-281, **गेंदबाजी:** बुमराह 17 .2-4-46-3, मुकेश 5-1-26-1, कुलदीप 15-0-60-1, अश्विन 18-2-72-3, अक्षर 14-1-75-1

## युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली को परखने का मौका

भुवनेश्वर, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि आगामी एफआईएच प्रो लीग चरण में भारत के युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का मौका होगा।

उन्हें उम्मीद है कि देश एफआईएच प्रो लीग के खिताब के साथ 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होने वाली प्रो लीग में भाग लेने के लिए सोमवार को यहां पहुंची। भारत पिछले सत्र में पोडियम स्थान हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गया था। भारतीय टीम नीदरलैंड,



ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया (एचआई) से जारी विज्ञप्ति में कहा कि हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं, जहां प्रो लीग से पहले फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अपने खेल को परखने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार

**आईसीसी अंडर-19 विश्व कप**

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

बेहतरीन फॉर्म में चल रहा भारत मंगलवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। गत चैंपियन भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई है और लगभग सभी मुकाबलों में टीम ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत दबदबा बनाया है।

भारतीय टीम किसी विशेष खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही है बल्कि जरूरत पड़ने पर सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया है। बल्लेबाज जहां ढेरों रन बनाने में सफल रहे तो वहीं गेंदबाजों को विरोधी टीमों को समेटने में सफलता मिली और जीत का अंतर भी अच्छा खासा रहा। दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 18 साल के मुशीर खान




**भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई**

मौजूदा टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। वह पांच मैच में 83.50 के औसत से 334 रन बना चुके हैं। भारतीय कप्तान उदय सहारन भी अच्छी फॉर्म में हैं और एक शतक तथा दो अर्धशतक से 61.60 की औसत के साथ 304 रन अपने नाम दर्ज कर चुके हैं। सचिन धास ने नेपाल के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर सिक्स मैच में 116 रन की पारी खेली जब टीम 62 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। विरोधी टीमों को भारतीय उप कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने ने 2.17 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट चटकाए हैं और टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

पांडे ने रन गति पर अंकुश लगाकर विरोधी बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा जिसका फायदा नमन तिवारी (नौ विकेट) और राज लिम्बानी (चार विकेट) को मिला। इस टूर्नामेंट में सफलता के अलावा भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया है जो उसे जीत का दावेदार बनाता है। भारत अगर जीत दर्ज करता है तो फाइनल में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत की संभावना बन सकती है। पाकिस्तान दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

# बॉलीवुड हलचल

## अक्षय कुमार का गाना 'शंभू' रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का नया गाना शंभू रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ,फिलहाल, फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आये हैं। अक्षय कुमार का नया गाना 'शंभू' रिलीज हो गया है ।इस गाने में अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है ।अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इस गाने के लिरिक्स अभिनव शेखर ने लिखा है, जबकि कंपोजर विक्रम मोंट्रोस हैं। 'शंभू' गाना में अक्षय कुमार, महादेव के अवतार में नजर आ रहे हैं।

### फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल की आने वाली फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल फिल्म क्रैक में नजर आयेंगे ।विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर क्रैक का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में इंटेंस अवतार में विद्युत और अर्जुन चीखते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बाजू पर बम टाइमर लगा हुआ है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए विद्युत जामवाल ने कैप्शन में लिखा, डर नहीं डार्लिंग से। क्रैक- जीतेगा तो जीयेगा। फिल्म क्रैक 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी ।इस फिल्म में नोरा फतेही और एमी जैक्सन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा



**मुंबई, एजेंसी ।** बॉलीवुड अभिनेता नील नितीन मुकेश ने अपनी आने वाली फिल्म मायावन का पहला शेडयूल पूरा कर लिया है। नील नितीन मुकेश ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'मायावन' के सेट से तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कि उन्होंने फिल्म का पहला शेड्यूल भी पूरा कर लिया है। नील नितिन मुकेश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की है। इन फोटो में वह अभिनेता सुदीप किशन के साथ बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब 'हीरो' और 'विलेन' खुश होते हैं, निर्देशक खुश है। यह तेलुगु, तमिल और हिंदी में बनी एक अखिल भारतीय एक्शन साइंस-फिक्शन थ्रिलर 'मायावन' के मेरे पहले शेड्यूल का समापन है'।'चाहे यह कितना भी कठिन और थका देने वाला हो, पूरी टीम के साथ काम करना बेहद आनंददायक रहा। आपके प्रिय होने के लिए प्रिय सुदीप किशन को धन्यवाद। इतना शानदार अभिनेता, कोस्टार, दोस्त और सपोर्ट सिस्टम। इतना अद्भुत निर्देशक होने के लिए सी वी कुमार सर को धन्यवाद। आप और आपकी टीम तकनीकी रूप से प्रतिभाशाली हैं और अद्भुत हैं। मैं हमारे अगले कठिन कार्यक्रम का इंतजार कर रहा हूं'। फिल्म मायावान में संदीप किशन, आकांशा रंजन कपूर और नील नितिन मुकेश प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## 31 मई को रिलीज होगी वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' 31 मई को रिलीज होगी। वरुण धवन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है .फिल्म 'बेबी जॉन' के टीजर में वरुण धवन काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज डेट भी आउट हो गई है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'बेबी जॉन' का टीजर रिलीज किया है। वरुण धवन बड़े बालों में नजर आ रहे हैं और हाथ में बंदूक लिए अपना खूंखार अंदाज दिखा रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का खतरनाक अंदाज देखने को मिलने वाला है। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। इस फिल्म को एटली कुमार के साथ ज्योति देशपांडे और मुराद खेतानी प्रोड्यूस कर रहे हैं।

### प्रदीप पांडेय- आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर



प्रदीप पांडेय चिंटू और आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर 10 फरवरी को होगा। फिल्म विवाह 3 का ग्रैंड टेलिविजन प्रीमियर भोजपुरी सिनेमा और दंगल प्ले ऐप पर 10 फरवरी को संध्या 5 बजे से किया जा रहा है। फिल्म का प्रसारण रविवार 11 फरवरी को भी सुबह 10 बजे से किया जाएगा। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने बताया कि विवाह सीरीज की फिल्म को टेलीविजन पर भी खूब प्यार मिलता रहा है। इसके पहले और दूसरे पार्ट को भी खूब सराहा गया था। यह तीसरा पार्ट तो उससे भी धमाकेदार है, जिसके लिए टेलीविजन के दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहा है। जो दर्शकअभी तक इस फिल्म को नहीं देख पाए हैं और जिन्हें यह फिल्म फिर से देखनी है, उनके लिए यह शनिवार और रविवार एक सुनहरा मौका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### चिली के जंगलों की नहीं थम रही भीषण आग, अब तक 99 की मौत

**सैंटियागो।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग भड़कने से 99 लोग मारे गए, जबकि 1100 से ज्यादा घर राख हो गए। आपाकालीन सेवा विभाग हेलिकॉप्टर व ट्रकों की मदद से शहरी इलाकों में आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग झुलस गए हैं, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। लगभग 10 लाख की आबादी वाले मध्य चिली के वालपराइसो क्षेत्र के कई हिस्सों में काला धुआं फैला हुआ है। गृह मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा, वालपराइसो की स्थिति सबसे नाजुक है। सड़कों पर भी लोगों के शव मिल रहे हैं। वर्ष 2010 के भूकंप के बाद चिली में यह सबसे बड़ी आपदा है।

### न्यूजीलैंड में पंजाब के गुरजीत की हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**वेलिंगटन।** पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में पंजाब के रहने वाले गुरजीत सिंह की हत्या कर दी थी। उनका शव न्यूजीलैंड स्थित घर के बाहर मृत पाया गया था। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड भेजने के लिए उनके पिता ने अपनी जमीन बेच दी थी। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी से जुड़ा विवरण को साझा नहीं किया है। पोस्टमार्टम के परिणामों से पता चला कि गुरजीत की हेली स्ट्रीट स्थित उनके आवास पर किसी नुकीली हथियार से किए गए कई घावों के कारण मौत हुई थी। सोमवार को डुनेडिन पहुंचे गुरजीत सिंह के पिता निशान सिंह ने कहा कि पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

### सूडान-द. सूडान के बीच नहीं थम रहा सीमा विवाद, 40 की मौत

**जुबा (सूडान)।** सूडान और दक्षिण सूडान की सीमा पर एक बार फिर से दो गुटों बीच झड़प हुई है, जिसमें करीब 40 लोग मारे गए हैं। दो गुटों के बीच हुई झड़पों में कई नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं, इस हिंसा से बचने के लिए सैकड़ों लोगों ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के परिसर में शरण ली है। अधिकारी के हवाले से कहा कि अबेई क्षेत्र में डिंका जातीय समूह और प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच अक्सर इस तरह की झड़पें होती रहती है। दोनों के बीच झड़पें होने का महत्वपूर्ण कारण 'सीमा विवाद' का होना है, जहां सीमा पार से होने वाले व्यापार के कारण महत्वपूर्ण कर राजस्व एकत्र किया जाता है।

### पूनम की सर्विकल से मौत की अफवाह में शामिल कंपनी ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे की मौत की फर्जी खबर फैलाने में शामिल रही मीडिया कंपनी शबांग ने सर्विकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर अपनाये गए तरीके की आलोचना के बाद माफी मांगी है। मुंबई स्थित कंपनी ने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक बयान में, झूठी खबर का हिस्सा होने की बात स्वीकार की, जिसकी सोशल मीडिया पर मशहूर हस्तियों और उपयोगकर्ताओं ने कड़ी आलोचना की है। कंपनी ने कैंसर से प्रभावित लोगों से माफी मांगी, लेकिन दावा किया कि उनके इस अभियान से इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं।

## विस अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने को राजी सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई।



ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसे सूचीबद्ध किया जा सकता है अन्यथा चुनाव होने हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह इस मामले को सूचीबद्ध करेगी। बता दें कि ने सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को स्पीकर के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके समूह के अन्य सांसदों को नोटिस जारी किया था। अदालत ने दो सप्ताह के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। 10 जनवरी को पारित अपने आदेश में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को खारिज कर दिया था। उद्धव ठाकरे गुट ने विस अध्यक्ष के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

## साइबर सुरक्षा... ट्रांजेक्शन पूरा होते ही एप से करें लॉग आउट

**2025** तक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में शीर्ष पर होगा भारत

भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की एक बड़ी आबादी है। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है। साल 2022 में एक माह में 52 फीसदी से अधिक आबादी या 759 मिलियन लोगों ने इंटरनेट का उपयोग किया था। वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 900 मिलियन होने की उम्मीद है। भारत की पुरानी पड़ चुकी साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता हैकर्स के लिये सिस्टम में कमजोरियों का लाभ उठाना आसान बनाती है। यही कारण है कि भारत को साइबर खतरों का सामना करना पड़ता है, जो भारत के रणनीतिक, आर्थिक एवं राष्ट्रीय हित को निशाना बनाते हैं। हमारी वित्तीय सुरक्षा के लिए स्मार्ट बैंकिंग की आदत बहुत महत्वपूर्ण है। बता दें, कुछ सुझावों का पालन करने से वित्तीय सुरक्षा मजबूत की जा सकती है।



### अपना डिवाइस सुरक्षित रखें



सुनिश्चित करें कि स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर जैसे सभी उपकरण एंटीवायरस और सुरक्षा पैच से लैस हैं। यह मैलवेयर का जोखिम कम करता है। संवेदनशील जानकारी को भी संभावित खतरों से बचाता है।

### जटिल पासवर्ड बनाएं




अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों के मिश्रण से जटिल पासवर्ड बनाएं। जन्मदिन या नाम जैसी जानकारी का उपयोग करने से बचें। लेन-देन पूरा करने के बाद हमेशा ऑनलाइन बैंकिंग सत्र से लॉग आउट करें। ऑनलाइन बैंकिंग खातों के लिए टू स्टेप वेरिफिकेशन एक्टीवेट करें।

### आधिकारिक बैंकिंग एप ही करें इस्तेमाल

अधिकृत एप स्टोर से सिर्फ आधिकारिक बैंकिंग एप डाउनलोड और इस्तेमाल करें। इन एप्स में मजबूत सुरक्षा सुविधाएं होने की अधिक संभावना है, जो वित्तीय लेनदेन के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। इसके अलावा अपने बैंकिंग एप लगातार अपडेट करें।



### ओटीपी, पिन किसी से न करें साझा




पिन या ओटीपी किसी के साथ भी साझा करने से बचें। बैंक कभी भी ईमेल या कॉल के जरिये ऐसी जानकारी नहीं मांगता है। ओटीपी का मैसेज इस्तेमाल के बाद मिटा दें।

### खातों की करें नियमित निगरानी

संदिग्ध गतिविधियों का तुरंत पता लगाने के लिए बैंक खाते और लेनदेन की बार-बार समीक्षा करें। एक निश्चित सीमा से ऊपर के लेनदेन के लिए अलर्ट सेट करें। किसी भी लिंक पर क्लिक करते समय सावधानी बरतें। जानकारी प्राप्त से पहले स्रोत की वैधता सत्यापित करें।



## मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- देश की संप्रभुता से समझौता नहीं

# 10 मार्च से पहले भारत लौटेंगे सैनिक

**माले, एजेंसी**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को संसद की बैठक में भारत पर एक बार फिर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने भारत का नाम लिए बिना कहा कि हमारी सरकार देश की संप्रभुता को ताक पर रखकर किसी भी देश के साथ कोई संधि नहीं करेगी।

मुइज्जू ने बताया कि 10 मार्च से पहले भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह को भारत वापस भेज दिया जाएगा। वहीं दो विमानन प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे शेष भारतीयों को 10 मई तक वापस भेजा जाएगा। संसद में अपने संबोधन के दौरान मुइज्जू ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के अधिकांश लोग इस उम्मीद के साथ उनकी सरकार का समर्थन करते हैं कि वे देश से विदेशी सैनिकों को हटा देंगे। इसके साथ ही उनका लक्ष्य खोए हुए समुद्री क्षेत्र को वापस पाना है।

मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार ऐसे किसी भी राज्य समझौते की अनुमति नहीं देता है, जो देश की संप्रभुता से समझौता करें। 17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ही मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने 88 सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने की अपील की थी। अन्य देशों के साथ राष्ट्रपति मुइज्जू की कूटनीतिक चर्चाएं भी जारी है।

मुइज्जू ने कहा, हमने भारत से सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'हाल ही में हुए चर्चाओं के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्मों में से एक से भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मार्च से पहले वापस बुलाने के लिए कहा गया है। बाकी के दो प्लेटफॉर्म से भी 10 मार्च तक वापस बुला लिया जाएगा। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से भारत की तरफ से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं प्रदान की गई है। मुइज्जू ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसा कुछ नहीं करने वाला है जिससे देश की संप्रभुता से समझौता करना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर देश की संप्रभुता को खतरा होता है तो वह किसी भी बाहरी दवाब के सामने नहीं झुकेंगे।



### 56 सांसदों ने सरकार के फैसले का किया बहिष्कार

विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स ने सरकार के अलोकतांत्रिक तरीकों के कारण संसद के बहिष्कार का फैसला किया। कुल 56 सांसदों ने राष्ट्रपति के संबोधन का बहिष्कार किया। इनमें डेमोक्रेट के 13 और एमडीपी के 44 सांसद शामिल हैं। सुबह 9 बजे जब बैठक शुरू हुई तो केवल 24 सांसद ही संसद में मौजूद थे। बता दें, मालदीव की संसद (पीपुल्स मजलिस) के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रपति मुइज्जू के संबोधन के दौरान केवल 24 सांसद शामिल हुए।

### मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं भारतीय सैनिक



मालदीव के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भारत ने दो फरवरी को कहा था कि द्वीप राष्ट्र में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के संचालन को जारी रखने के लिए मालदीव के साथ समाधानों पर सहमति व्यक्त की गई है। वर्तमान में, भारतीय सैन्यकर्मी दो हेलीकॉप्टर और एक विमान संचालित करने के लिए मालदीव में हैं। ये सैन्यकर्मी सैकड़ों चिकित्सा निकासी और मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं।

## प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



▸▸ चुनाव आयोग ने दलों से कहा चुनाव प्रचार में बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाएं



लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राजनीतिक दलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को किसी भी चुनाव अभियान और रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

चुनाव आयोग ने पार्टियों को भेजे गए एक निर्देश में चुनाव-प्रचार के दौरान किसी भी तरह से बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही है। आयोग ने कहा कि आयोग किसी भी तरह से राजनीतिक अभियान में बच्चों के भागीदारी पर रोक लगाता है, जैसे बच्चों द्वारा कविता पाठन हो, उनके द्वारा किसी पार्टी को लेकर बोले गए शब्द हो या फिर किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन शामिल हो। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है और उनसे लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है।

### चुनाव आयोग ने जारी किए निर्देश

- राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी चुनाव में बच्चों को शामिल नहीं करें।
- रैलियों, नारे लगाने, पोस्टर वितरित करने सहित अभियान से बच्चों को दूर रखें।
- चुनाव प्रचार या रैलियों के दौरान राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों को अपने वाहन में बच्चे को गोद में रखने या ले जाने की भी अनुमति नहीं है।
- बच्चों के किसी और तरीके के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगाया।
- अपने माता-पिता के साथ मौजूदगी को बच्चों के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

## चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक को चीन में मिली निलंबित सजा

**बीजिंग।** चीन की अदालत ने सोमवार को चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक यांग हेंगजुन को जासूसी का दोषी मानते हुए मौत की निलंबित सजा सुनाई है। 19 जनवरी, 2019 को न्यूयॉर्क से अपनी पत्नी और सौतेली बेटी के साथ चीन के शहर ग्वांगझू पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। मई 2021 में उन पर बंद दरवाजों के पीछे मुकदमा चलाया गया। पूर्व चीनी राजनयिक और राज्य सुरक्षा एजेंट यांग आस्ट्रेलिया में राजनीतिक टिप्पणीकार और जासूसी उपन्यास के लेखक बन गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बताया जासूसी करने का दोषी मानते हुए हेंगजुन को दो साल की सजा काटने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। सालों से मामला उठा रही ऑस्ट्रेलियाई सरकार चीनी अदालत के फैसले से स्तब्ध है और इसे यांग के स्वजनों व समर्थकों के लिए डरावनी खबर बताया।

## माइनस 8 डिग्री में मार्च...




**लद्दाख :** लेह लद्दाख को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में माइनस 8 डिग्री की सर्दी में 30 हजार लोगों ने मार्च निकाला और पोलो ग्राउंड पर रैली की। पूरे लद्दाख में बंद रखा गया। लद्दाख के दूरदराज के क्षेत्रों से लोग रैली में शामिल हुए। मशहूर शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने रैली में कहा कि केंद्र सरकार बिना देरी किए लद्दाख को राज्य का दर्जा प्रदान कर स्वायत्तता के लिए संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करे। लद्दाख 2019 के बाद से केंद्र शासित प्रदेश है। ● एजेंसी



## खैबर पख्तूनख्वा: पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला, 10 की मौत

**खैबर पख्तूनख्वा, एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में डेरा इस्माइल खान जिले के एक पुलिस स्टेशन में हमले के बाद कम सम कम दल पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं अन्य छह इस हमले में घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरबान तहसील में सुबह तीन बजे के करीब कुछ आतंकियों ने भारी हथियार के साथ पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया।

पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड और भारी गोलाबारी से हमला किया। हालांकि, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर ,सभी आतंकी फरार हो गए। इस हमले के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। आतंकवादियों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।



### आतंकवादी हमले में हो रही वृद्धि

स्थानीय अखबार ने हाल ही में बताया था कि पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में वृद्धि देखी गई है। इस साल जनवरी में कम से कम 93 आतंकवादी हमले हुए जिसमें 90 लोग मारे गए और करीब 135 घायल हुए हैं। वहीं 15 व्यक्तियों के अपहरण का मामला भी सामने आया है।

## मौलाना अजहरी के समर्थन में जुटी भीड़ के खिलाफ केस दर्ज

**मुंबई।** भाषण के जरिए नफरत फैलाने के आरोप में गुजरात एटीएस ने रविवार को मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद घाटकोपर पुलिस स्टेशन के बाहर भीड़ इकट्ठा हुई, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



भीड़ के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में मुंबई पुलिस अबतक तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के वकील आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था।

## एच-1बी वीजा धारकों के बच्चों को मिलेगा काम का अधिकार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

▸▸ भारतीयों को मिलेगा लाभ, सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को राहत




अमेरिका में एच-1बी वीजा धारकों को लगभग एक लाख लोगों को काम का अधिकार प्रदान किया जाएगा, जो एच-1बी वीजा धारकों के पति, पत्नी या बच्चे हैं। इससे बड़ी संख्या में भारतीयों को लाभ मिलेगा।

अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक नेतृत्व के बीच लंबी बातचीत के बाद रविवार को घोषित राष्ट्रीय सुरक्षा समझौता एच-1बी वीजा धारकों के लगभग ढाई लाख ऐसे बच्चों के लिए भी समाधान प्रदान करता है, जो उम्र सीमा पार कर चुके हैं। यह कदम उन सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए अच्छी खबर है, जो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिसके अभाव में उनके पति या पत्नी काम नहीं कर सकते हैं और उनके बच्चों को उम्र सीमा पार कर जाने के कारण निर्वासन का खतरा है। ग्रीन कार्ड, जिसे अमेरिका में आधिकारिक तौर स्थायी निवासी कार्ड के रूप में जाना जाता है। भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों के लिए एक और अच्छी खबर है कि विधेयक में लंबी अवधि वाले एच-1बी वीजा धारकों के उम्र सीमा पार कर चुके बच्चों को सुरक्षा देते हुए उनकी एच-4 स्थिति को आठ वर्ष बरकरार रखा जाएगा। बिल में यह सुनिश्चित किया गया है कि अगले पांच वर्ष तक प्रति वर्ष 18 हजार और रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। यह बिल प्रति वर्ष करीब 25 हजार के-1, के-2 और के-3 गैर आप्रवासी वीजा धारकों को काम का अधिकार प्रदान करता है।

**विज्ञान** चीनी वैज्ञानिकों ने किया नया शोध, विशाल अकाशगंगाओं के समूहों से पता चली वास्तविक आयु

# उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड


**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** हमारा ब्रह्मांड उम्रदराज नही बल्कि युवा है। कंम्प्यूटर सिमुलेशन के जरिए किए शोध से इसकी सही उम्र का पता चलता है। इस शोध से पिछले अनुमानों को झुठला दिया है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

यह शोध चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने किया है। ब्रह्मांड की आयु की वास्तविकता का पता लगाने के लिए विशाल अकाशगंगाओं के समूहों को शामिल किया गया। जिसमें आकाशगंगाओं की गति का मापन किया गया। स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे (एसडीएसएस) के जरिए इसकी गणना की गई। शोधकर्ताओं ने केंद्रीय आकाशगंगा समूह से उपग्रहों के वेग ऑफसेट से विश्लेषण किया।

दरसल ब्रह्माण्ड विज्ञान का मानक मॉडल बिग बैंग सिद्धांत पर आधारित है , जो ब्रह्मांड के निर्माण व विकास को समझाने वाला प्रमुख सिद्धांत है। मगर चीनी वैज्ञानिकों ने शोध में विशाल आकाशगंगा समूह के चारों ओर आकाशगंगाओं की गति को मापकर पता लगाया कि पूर्व में जताए अनुमान के विपरीत यह अधिक युवा है।

शोधकर्ता टीम का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक क्यूई गुओ शोध को लेकर कहा है कि ब्रह्मांड विज्ञान का मानक मॉडल कहता है कि ब्रह्मांड की शुरुआत एक धमाके से हुई। इसके बाद छोटी संरचनाओं का निर्माण हुआ। वे संरचनाएं फिर बड़ी संरचनाओं में विलीन हो गईं। अंततः विशाल आकाशगंगा समूहों की निर्माण हो पाया। इस आधार पर ब्रह्मांड की आयु के साथ विकास की जानकारी का पता लगाया।



ब्रह्मांड की नई तस्वीर का काल्पनिक चित्र।

### 27 अरब वर्ष मानी जाती थी ब्रह्मांड की उम्र

पूर्व में ब्रह्मांड की उम्र 27 अरब साल मानी जाती थी। जिसमे 10 हजार करोड़ आकाशगंगाओं का विशाल समूह है। इधर हमारी अपनी आकाशगंगा की आयु 13 .61 अरब वर्ष मानी जाती है, जबकि हमारे सौर मंडल की आयु 4 .571 वर्ष है। नए शोध में ब्रह्मांड को युवा तो बताया है, लेकिन उम्र का जिक्र नही किया है।



**इस्लामाबाद, एजेंसी**

# पाकिस्तान में 76 साल के इतिहास में सबसे कम विश्वसनीय आम चुनाव

पाकिस्तान में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। आठ फरवरी से आम चुनाव होने वाले हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं।

वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा दौर में हो रही कार्रवाई, पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक है और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस्लामाबाद स्थित राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार जैगम खान का कहना है कि इन चुनावों की कोई वैधता नहीं होगी, यहां तक कि 2018 के चुनावों से भी कम टिकेंगे।

दूसरी तरफ आम चुनाव में इमरान की पार्टी की नइया डावांडोल है। इस्लामाबाद शहर के बाहरी छोर पर जुटे दो दर्जन लोगों की मीटिंग कहीं से भी राजनीतिक दिखाई नहीं पड़ती। चुनाव प्रचार के लिए कोई पोस्टर-पेम्फलेट नहीं। कोई साउंड सिस्टम नहीं। यहां तक कि प्रत्याशी आमिर मुगल खुद महीनों पहले पीटीआई पर सैन्य कार्रवाई के डर से छुप गए थे। अधिकारियों ने पहले ही उनके घर पर छापा मारा था, उनके दो बेटों को गिरफ्तार किया था और सैन्य विरोधी प्रदर्शनों के संबंध में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। मीडिया को सुरक्षित जगह दिए साक्षात्कार में उन्होंने बताया है कि सेना हम पर पार्टी छोड़ने का दबाव बना रही है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले इसकी ताकतवर सेना अपने पुराने अंदाज में आते हुए पीटीआई का दरकिनार कर रही है।

### मनोबल तोड़ने में लगी सेना

पाकिस्तान के सरकारी अधिकारी किसी भी धांधली से इंकार कर रहे हैं। सैन्य कार्रवाइयों के बाद ये पाकिस्तान में होने जा रहे अब तक के सबसे खामोश चुनाव साबित हो रहे हैं। आमतौर पर लोगों से भरी रहने वाली सड़कें चुनावी मौसम में खाली हैं। विश्लेषकों का कहना है कि सेना को उम्मीद है कि पीटीआई समर्थकों का मनोबल तोड़ने से लोग वोट डालने नहीं आएंगे।

### चुनावी मैदान में उतरे हाफिज के रिश्तेदार



मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठनों का नया चेहरा माना जाता है। पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से नामांकित कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं जो या तो हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या अतीत में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से जुड़े रहे हैं। आतंकवाद रोधी अदालतों ने कई मामलों में हाफिज को 31 साल की सजा सुनाई है। लाहौर की जेल में बंद है।

### 3 हजार महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में



पाकिस्तान में 3 हजार से अधिक महिलायां प्रतिद्वंद्वी पुरुष प्रत्याशियों को ललकारती नजर आ रही है। तीन दिन बाद होने वाला संसदीय एवं प्रांतीय विधानसभा चुनाव उन उल्लेखनीय महिलाओं के लिए इतिहास में दर्ज हो जायेगा, जिन्होंने पाकिस्तानी समाज, राजनीति और संसद के पितृसत्तात्मक आधिपत्य के सामने सपने देखने की हिम्मत की और वहां तक पहुंचने का साहस किया। लोकसभा के 3 हजार से अधिक महिलाओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।